डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

₹ 80600 10 ग्राम

₹ 102000 01 किलो

| सेंसेक्स | डॉलर |
|---|---|
| 74,115.17 | 87.394 |
| -217.41 | +0.294 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर




फाल्गुन शुक्ल पक्ष 12, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), मंगलवार, 11 मार्च 2025, वर्ष-31, अंक-146, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

पेज-10 मैं इस प्रारूप से संन्यास लेने नहीं...

## एक नजर

### जेल से रिम्स भेजे गए पूर्व उपायुक्त छवि रंजन

**रांची।** रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में बंद रांची के पूर्व उपायुक्त (डीसी) छवि रंजन की तबीयत सोमवार को अचानक बिगड़ गई। उनके सीने में दर्द उठा, तो जेल के डॉक्टरों ने उनकी जांच की। इसके बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए रांची स्थित राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार, पूर्व डीसी का इलाज रिम्स के कार्डियोलॉजिस्ट डॉ हेमंत नारायण की देखरेख में चल रहा है। उनके कई टेस्ट कराए गए हैं।

### बोकारो में फंदे से लटकता मिला महिला डॉक्टर का शव

**बोकारो।** बोकारो स्थित स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के जनरल हॉस्पिटल में कार्यरत महिला डॉक्टर डॉ आर्या झा का शव हॉस्टल के कमरे में फंदे से लटकता हुआ पाया गया। उनके कमरे से एक सुसाइड नोट भी मिला है। सुसाइड नोट के आधार पर इसे प्रथम दृष्ट्या आत्महत्या का मामला माना जा रहा है। पुलिस मामले में हर पहलू की जांच कर रही है। 29 वर्षीया डॉ आर्या झा मूल रूप से बिहार के समस्तीपुर जिले के गुरुवारा गांव की रहने वाली थीं। वह हॉस्पिटल से जुड़े डीएनबी गर्ल्स हॉस्टल में रहती थीं। मिली जानकारी के अनुसार, डॉ आर्या के साथ रहने वाली डॉक्टर जब रविवार की देर रात हॉस्पिटल की ड्यूटी से लौटीं, तो उन्हें फंदे पर लटकता देखकर शोर मचाया। तत्काल हॉस्पिटल के वरीय अधिकारी और पुलिस के अफसर मौके पर पहुंचे।

## गढ़वा : रंका के गोदरमाना बाजार में भीषण हादसा

# पटाखा दुकान में लगी आग, दो बच्चों व एक महिला समेत पांच की मौत

- हादसे में पटाखा व्यवसायी की गई जान
- सीएम ने जिला प्रशासन को दिया जांच का निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा जिले के रंका थाना क्षेत्र के गोदरमाना बाजार में ग्रामीण बैंक के सामने सोमवार को दिन में 11.30 बजे एक पटाखे की दुकान में भीषण आग लग गई। इस हादसे में दो बच्चों और एक महिला सहित पांच लोगों की दम घुटने से मौत हो गई। मृतकों में पटाखा व्यवसायी कुश कुमार गुप्ता, भंडरिया थाना क्षेत्र के मर्दा ग्राम निवासी ग्राहक अजीत कुमार केसरी, रंका थाना क्षेत्र के बुढ़ापलास ग्राम निवासी दुकान में काम करने वाली सुशीला करकेटा तथा पड़ोस के नमन केसरी (9) और भोला केशरी (8) बताए जाते हैं। दोनों मृत बच्चे छत्तीसगढ़ के रामानुजगंज के निजी स्कूलों में पढ़ाई करते थे।

घटना की सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय, रंका के अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार पांडेय, एसडीपीओ रोहित रंजन सिंह, पुलिस निरीक्षक सुभाष पासवान, थाना प्रभारी अनिमेष शांति कारी, एसआई सुहागिनी सोरेन एवं सीओ शिवपूजन तिवारी मौके पर पहुंचे। अनुमंडल पदाधिकारी ने बताया कि सरकारी प्रावधान के तहत मुआवजा दिया जाएगा। उपायुक्त शेखर जमुआर के निर्देश पर जांच के लिए पहुंचे हैं। घटनास्थल पर पुलिस जवानों की तैनाती की गई है। इस घटना से बाजार क्षेत्र में दहशत का माहौल है। वहीं, घटना को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी जिला प्रशासन को जांच का निर्देश दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार, गोदरमाना बाजार में कुश कुमार गुप्ता किराना और पटाखे की दुकान चलाते थे। इस दुकान के पीछे गोदाम भी हैं। बताया गया कि पटाखा व्यवसायी कुश कुमार गुप्ता को पटाखा जलाकर दिखाना भारी पड़ गया। वे पड़ोस के दो बच्चे नमन कुमार केसरी और भोला केसरी को पटाखा जलाकर दिखा रहे थे। इसी दौरान पटाखे की दुकान में आग लग गई। चारों तरफ पटाखे फूटने लगे। दुकानदार अपने साथ दो बच्चे, एक कर्मी एवं एक ग्राहक अजीत कुमार केसरी को लेकर अपने पास के बगल वाले गोदाम की दुकान में चले गए और शटर बंद कर दिया, ताकि आग की लपटें दुकान के अंदर तक नहीं जा सके। लेकिन, दुर्भाग्यवश शटर का कुछ भाग खुला रह गया। धुंआ भरने लगा। लोग जान बचाने के लिए भागने लगे। इसी बीच, पूर्व मुखिया मिथिलेश कुमार यादव, मुखिया प्रतिनिधि शंभु प्रसाद गुप्ता, अशोक गुप्ता, कुछ युवक तथा अन्य - शेष पेज 11 पर





### ग्रॉसरी की दुकान में पटाखे बेचे जा रहे थे : एसपी



गढ़वा एसपी दीपक कुमार पांडेय ने बताया कि पांचों की पटाखे में आग लगने के कारण दम घुटने से मौत हुई है। ग्रॉसरी की दुकान में पटाखे बेचे जा रहे थे। पटाखे खरीदने के लिए बच्चे वहां पहुंचे थे। अचानक पटाखे में आग लगने के बाद बच्चे और लोग दुकान का शटर बंद कर अंदर छुप गए थे। दुकान में वेंटिलेटर नहीं था। आग जब लगी तो धुंआ दुकान के अंदर घुसा और दम घुटने से सारे लोग बेहोश हो गए। काफी देर बाद आसपास के लोगों को दुकान के अंदर बच्चे और लोगों के रहने की जानकारी हुई, तो उन्होंने दीवार काटकर सभी को बाहर निकाला। उन्हें छत्तीसगढ़ के रामानुजगंज अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई।

## शोक संवेदना



गढ़वा जिले के रंका थाना क्षेत्र के गोदरमाना में पटाखा दुकान में आग लगने की घटना हृदयविदारक है। इसमें कई लोगों की मृत्यु का समाचार अत्यंत दुखद है। मैं शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।
**- संतोष कुमार गंगवार, राज्यपाल, झारखंड (सोशल मीडिया 'एक्स' पर)।**



गढ़वा जिले के रंका प्रखंड में पटाखा दुकान में आग लगने से पांच लोगों की मृत्यु की दु:खद खबर मिली है। मरांग बुरु (सर्वोच्च देवता) दिवंगत लोगों की आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दु:ख की यह विकट घड़ी सहन करने की शक्ति दें। जिला प्रशासन की ओर से मामले की जांच की जा रही है।
**- हेमंत सोरेन, मुख्यमंत्री, झारखंड (सोशल मीडिया 'एक्स' पर)।**



गढ़वा जिले के रंका थाना के अंतर्गत गोदरमाना में पटाखा दुकान में आग लगने से पांच लोगों के मृत्यु की दुखद सूचना प्राप्त हुई। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें एवं शोक संतप्त परिजनों को यह अपार दुख सहन करने की शक्ति दें। जिला प्रशासन पीड़ित परिजनों को मुआवजा उपलब्ध कराए एवं पटाखा दुकानों को खुले स्थानों पर सभी मानकों के अनुरूप संचालित करने का दिशानिर्देश जारी करे।
**- बाबूलाल मरांडी, प्रदेश अध्यक्ष, भाजपा (सोशल मीडिया 'एक्स' पर)।**

## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।

## आज | कल




## तेज रफ्तार कार ने बारातियों को रौंदा, दो की मौत, छह घायल

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** लोहरदगा-बेड़ो नेशनल हाइवे पर सेरेंगहातू चर्च मोड़ के पास रविवार रात 10 बजे सड़क हादसा में एक बेलगाम कार ने शादी समारोह में शामिल होने जा रहे बारातियों को रौंद देने से दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि छह अन्य घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार सेरेंगहातू तोडार गांव निवासी अर्जुन उरांव के पुत्र की शादी के लिए बाराती चर्च टोला जा रहे थे। इस दौरान लोहरदगा की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने एक बाइक सवार को बचाने के प्रयास में नियंत्रण खो दिया और बारात में जा घुसी। हादसे में 35 वर्षीय राजेश उरांव और 40 वषीर्या लक्ष्मी उरांव की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। पूरे गांव में कोहराम मच गया। स्थानीय ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को लोहरदगा सदर अस्पताल में भर्ती कराया। घटना के तुरंत बाद गुस्साए ग्रामीणों ने कार चालक को पकड़ लिया। आरोपी किस्को प्रखंड के बगड़ू थाना क्षेत्र के आर्या ग्राम निवासी आशीष उरांव को ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही लोहरदगा सदर अस्पताल में भारी संख्या में ग्रामीण एकत्र हो गए। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। घायलों का इलाज चल रहा है। इस हादसे से शादी की खुशियां मातम में बदल गई। सेन्हा के जोगना पुल के समीप स्कार्पियो व स्कोडा कार में टक्कर हो गई। जिसमें किसी का हताहत होने की सूचना नही है, जबकि दोनों गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गया। जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि स्कार्पियो विधायक प्रतिनिधि वीरेंद्र उरांव का है। स्कोडा कार लोहरदगा की ओर से गुमला के तरफ जा रहा था। इस क्रम में विधायक प्रतिनिधि के लापरवाही के कारण दुर्घटना हो गया।

## सीएम की एयर एंबुलेंस सेवा असहाय मरीजों के लिए बनी वरदान

# अबतक 94 लोगों को मिल चुका है लाभ

**एयर एंबुलेंस सेवा इस नंबर पर करें बुक**
**मोबाइल नंबर : +91 8210594073**

- आम और खास सभी लोगों ने लिया सेवा का फायदा
- हर वर्ग को एयरलिफ्ट का लाभ, मोबाइल से करें बुक






नवीन मेल डेस्क

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का राज्य के लोगों के जीवन सुरक्षा का सकारात्मक प्रयास रंग लाने लगा है। एयर एंबुलेंस सेवा आपात स्थिति में गंभीर बीमारियों से जूझ रहे असहाय मरीजों को बेहतरीन चिकित्सीय सेवा उपलब्ध कराने में वरदान साबित हो रही है। मुख्यमंत्री के इस प्रयास से अबतक 94 मरीजों को झारखंड से ससमय एयरलिफ्ट कराकर दूसरे राज्यों के प्रमुख अस्पतालों में शिफ्ट कराया गया है। सिर्फ रांची से 78 मरीज इस सेवा का लाभ ले चुके हैं। अन्य जिलों के 11 मरीजों को एयर एंबुलेंस सेवा का लाभ मिला है। एयर एंबुलेंस के जरिए त्वरित और सहजभाव से मरीजों को दूसरे राज्यों में इलाज का लाभ मिल रहा है। तभी तो आम लोगों के साथ-साथ गण्यमान्य लोगों को भी एयर एंबुलेंस की सेवा प्रदान की गई है। इसके अतिरिक्त विधानसभा चुनाव कार्य के दौरान गंभीर रूप से घायल झारखंड पुलिस बल के कई जवानों को भी ससमय उच्चतर चिकित्सीय सेवा के लिए एयर एंबुलेंस से एयरलिफ्ट कराकर उच्चस्तरीय मेडिकल सेंटर में शिफ्ट कराया जा चुका है। राज्य के आम और खास हर वर्ग के मरीजों के परिजन नागर विमान विभाग द्वारा संचालित +918210594073 मोबाइल नंबर पर फोन कर एयर एंबुलेंस की सेवा संबंधी जानकारियां 24 घंटे किसी भी समय ले सकते हैं। जानकारी के अनुसार, झारखंड के बाहर अन्य गंतव्य स्थानों पर मरीजों को ले जाने पर संबंधित व्यक्ति को आवश्यकता पड़ने पर 55,000 प्रति उड़ान घंटे के दर पर एयर एंबुलेंस की सुविधा दी जाती है।

**क्या है एयर एंबुलेंस :** एयर एंबुलेंस विशेष रूप से मेडिकल उपकरणों से सुसज्जित विमान होता है। यह फिक्स्ड विंग एयरक्राफ्ट हो सकता है या हेलीकॉप्टर भी हो सकता है। इसका प्रयोग मरीजों को तुरंत चिकित्सा देखभाल के लिए ले जाने में किया जाता है। एयर एंबुलेंस चिकित्सा कर्मियों और उन्नत उपकरणों से लैस होता है। यह बाधाओं को दूर कर उन जगहों तक पहुंचता है, जहां जमीनी एंबुलेंस का पहुंचना मुश्किल होता है। यह मरीजों को लंबी दूरी तक ले जाने में काफी लाभदायक होता है।

### फिक्स्ड विंग एयरक्राफ्ट सी-90 की सुविधा उपलब्ध

इस समय नागर विमान प्रभाग द्वारा एयर एंबुलेंस सेवा के लिए फिक्स्ड विंग एयरक्राफ्ट सी-90 की सुविधा उपलब्ध है। इसके माध्यम से एक मरीज तथा दो परिजनों को एक साथ एयर एंबुलेंस से अन्य राज्य में चिकित्सा के लिए ले जाया जा सकता है।

### निर्धारित रूट और दर

| रूट | दर |
|---|---|
| रांची-दिल्ली | 3.3 लाख रुपए |
| रांची-मुंबई | 4.4 लाख रुपए |
| रांची-चेन्नइ | 3.85 लाख रुपए |
| रांची-कोलकाता | 1.10 लाख रुपए |
| रांची-हैदराबाद | 3.02 लाख रुपए |
| रांची-वाराणसी | 1.37 लाख रुपए |
| रांची-लखनऊ | 2.20 लाख रुपए |
| रांची-तिरुपति | 3.85 लाख रुपए |

## पीएलएफआई उग्रवादी विनोद परहिया गिरफ्तार

**लातेहार।** पुलिस को उग्रवादियों के खिलाफ बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने उग्रवादी संगठन पीएलएफआई (पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया) का सक्रिय सदस्य विनोद परहिया उर्फ अर्जुन परहिया को मनिका थाना क्षेत्र के बरवैया गांव से गिरफ्तार कर लिया है। वह कई वर्षों से फरार था और लातेहार समेत कई जिलों में आतंक और भय का माहौल बना रखा था। यह जानकारी पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने सोमवार को दी। वह पत्रकारों के साथ बातचीत कर रहे थे। उन्होंने बताया कि लगातार सूचना मिल रही थी कि विनोद परहिया मनिका क्षेत्र में सक्रिय है। सूचना मिलने पर मनिका थाना प्रभारी शशि कुमार के नेतृत्व में एक विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। टीम ने बरवैया गांव में गुप्त रूप से रेकी कर उसे चारों तरफ से घेर कर गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार उग्रवादी विनोद परहिया पर हत्या का प्रयास, रंगदारी, हथियार का उल्लंघन और उग्रवादी गतिविधियों से जुड़े कई मामले दर्ज हैं। वह व्यापारियों और कंपनियों से लेवी वसूलने, धमकी देने और गोलीबारी करने में आरोपी रहा है। एसपी ने बताया कि लातेहार, पलामू और गढ़वा जिलों में उसके खिलाफ कई गंभीर मामले दर्ज हैं। छापामारी टीम में शशि कुमार थाना प्रभारी मनिका, सत्येंद्र कुमार पुअनि, मनिका थाना, रणधीर कुमार सिंह सअनि, मनिका थाना, तकनीकी शाखा,साइबर सेल, लातेहार समेत सशस्त्र बल, मनिका थाना शामिल थी।

## इंडिया

# आतंकवादियों की तरह साइबर लुटेरों को समूल नष्ट किया जाए



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

पांचवीं से विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दौड़ में लगे भारत को विदेशी और पड़ोसी शत्रुओं से भी अधिक आंतरिक आर्थिक शत्रुओं से खतरा है जो इसकी जड़ें खोखली करने में लगे हैं और इनसे निबटने के लिए माओवादी उग्रवादियों के सफाए की तरह बहुत बड़े अभियान की अवश्यकता अब महसूस की जा रही है। भारत की अधपढ़ी,अंग्रेजी के अलावा बैंकिंग कारोबार की बारीकियों से अनजान सबसे बड़ी आबादी अचानक से स्मार्टफोन से कारोबार की सुगमता या कोविड के समय सबसे आसान विकल्प होने के कारण जहां विश्व की सबसे बड़ी ऑनलाइन लेन-देन का रिकॉर्ड बनाने लगी वहीं धीरे-धीरे यह आसान रास्ते से पैसा कमाने की साइबर ठगी का स्वर्ग बन गया इसके पीछे बैंकों से ऋण दिलाने या प्रखंडों में मंडराते बिचौलियों की फौज थी इनमें पहले कतरी सराय गया के नाम पर पोस्ट बॉक्स नंबर पर ऑर्डर मंगा कर ठगी करने वाले लोग भी थे । इनके लिए बाद में झारखंड बंगाल की सीमा से लगे जामताड़ा के सुनसान इलाके स्वर्ग बन गए जिन्हें आरंभिक दौर में हल्के से लिया गया और आज स्थिति यह है कि मोबाइल पर किसी को कॉल करने पर पहले साइबर फ्रॉड से बचने की अपील कि जा रही है जो कोरोना काल की याद दिला रहा है । केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि साइबर अपराधों से निपटने के लिए खच्चर एकाउंट यानी आपराधिक लेन देन के लिए प्रयुक्त एकाउंट्स की पहचान और उन्हें ऑपरेट होने से पहले ही बंद करने के लिए कृत्रिम मेधा का उपयोग किया जाएगा । गृह मंत्री अमित शाह ने साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए प्रधानमंत्री मोदी की ओर से दिए गए 'रुकें, सोचें और फिर कार्रवाई करें' के मंत्र पर जोर दिया। गृह मंत्री ने गत वर्ष घोषणा की थी कि 500 साइबर कमांडो प्रशिक्षित किए जाएंगे और वेब आधारित डेटा रजिस्टर की भी सुविधा उपलब्ध रहेगी । स्थिति यह है कि झारखंड की राजधानी रांची में वर्ष 2025 के जनवरी महीने में अब तक की सबसे



बड़ी साइबर ठगी में एक रिटायर्ड अधिकारी से 2 करोड़ 27 लाख रुपये की ठगी की गई । डिजिटल अरेस्ट करके 10 दिन में रिटायर्ड अधिकारी से इतनी बड़ी रकम की ठगी की गई है। हालांकि इसके साथ-साथ और चार साइबर ठगी के मामले में 50 लाख से ज्यादा की ठगी की गई है। झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने बताया कि सीआईडी के साइबर थाने में 10 लाख से अधिक की ठगी के मामले दर्ज किए जाते हैं। देश में साइबर क्राइम के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। ऑनलाइन ठगी करने वाले गिरोह काफी सक्रिय हैं। ये भोले-भाले आम लोगों को तो अपना शिकार बनाते ही हैं, साथ ही काफी पढ़े लिखे नागरिकों को भी अपनी जाल में फंसा लेते हैं। नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल ने 1 जनवरी से 4 मार्च 2025 के बीच के साइबर ठगी के आंकड़े जारी किए हैं। जिनमें देश के 74 जिलों को साइबर ठगी का हॉटस्पॉट बताया गया है। एनसीआरपी की रिपोर्ट के अनुसार, देशभर में हो रही साइबर ठगी की ज्यादातर कॉल इन्हीं 74 जिलों से की जा रही हैं। इन 74 जिलों में बिहार के 10 जिले शामिल हैं, जहां साइबर अपराधियों ने अपने ठिकाने बना लिए हैं। शीर्ष जिलों में बिहार का नालंदा पांचवें स्थान पर है। एनसीआरपी आंकड़ों के अनुसार, नालंदा जिले में 2,087 मोबाइल नंबर सक्रिय हैं, जिनका इस्तेमाल ठगी के लिए किया जा रहा है। इसके अलावा छठे स्थान पर बिहार का नवादा जिला है, जहां 2,052 मोबाइल नंबर साइबर ठगी में उपयोग किए जा रहे हैं। कभी फिल्मों तक में चर्चित झारखंड का जामताड़ा अब साइबर शातिरों का गढ़ नहीं रहा। पुलिस अधिकारियों और साइबर एक्सपर्ट की मानें तो जामताड़ा में लगातार कार्रवाई के बाद ठगों ने अपना ठिकाना बदला है। जामताड़ा 74 जिलों में 14 वें नंबर है। झारखंड का देवघर टॉप पांच जिलों में तीसरे नंबर पर है। इसके अलावा झारखंड के दुमका, धनबाद, गिरिडिह, रांची और हजारीबाग को साइबर ठगों ने अपना ठिकाना बनाया है। इस पर रोक तब तक नहीं लग सकती जब तक डेटा लीक होने के सभी रस्तों को बंद न किया जाए जिसमें बैंकों,ऋण दिलाने वाले एजेन्टों और विकास योजनाओं के नाम पर जमा आधार कार्ड,बैंक के खातों का विवरण जैसे स्तनों से डेटा की चोरी न रोकी जाए और हेल्पलाइन नंबर 1930 को प्रभावी न किया जाए जो फोन करने पर वेबसाइट का पता बताता है । हेल्पलाइन नंबर के प्रभावी होने पर कम पढे लिखे लोगों के अलावा वे लोग भी जो तकनीकी ज्ञान नहीं रखते सभी से उन संदिग्ध नबरों की जानकारी मिल पाएगी जो अभी किसी भी माध्यम से रिपोर्ट नहीं हो पा रही है जिससे इन्हें जल्दी ब्लॉक किया जा सकेगा। इनकी गंगोत्री को समाप्त करने के अलावा कठोरतम दंड की भी व्यवस्था हो जो कितनों का घर उजाड़ रहे हैं।

# स्कूली शिक्षा विभाग का 6.63 करोड़ का अनुदान मांग मंजूर

## विधानसभा का बजट सत्र





- मंत्री रामदास सोरेन ने कहा, शिक्षकों को देंगे 50 घंटे की अनिवार्य ट्रेनिंग
- कमजोर बैकग्राउंड वाली बालिकाओं को कस्तूरबा में नामांकन

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दौरान सोमवार को स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग के छह करोड़ 63 लाख 89 हजार रुपए की अनुदान मांग को ध्वनिमत से मंजूरी दे दी गई। इस दौरान विपक्ष सदन में अनुपस्थित था। इसलिए विपक्ष की ओर से अनुदान मांग पर लाया गया कटौती प्रस्ताव अस्वीकृत हो गया। विपक्ष की ओर से भाजपा की विधायक डॉ नीरा यादव ने कटौती का प्रस्ताव लाया था, लेकिन सरकार के उत्तर के पूर्व ही विपक्ष ने सदन से वॉक आउट कर दिया। स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग के मंत्री रामदास सोरेन - शेष पेज 11 पर

## एक नजर

### वित्त मंत्री इफ्तार पार्टी में हुए शामिल

**छतरपुर।** स्थानीय विधायक सह वित्तमंत्री राधाकृष्ण किशोर सोमवार को कवउल लक्ष्मीनारायण यज्ञ में पहुंचे। इसके बाद उनके साथ सैकड़ों की संख्या में हिन्दू-मुस्लिम लोग मुनकेरी में समाज सेवी जहीर अंसारी घर पर दावते इफ्तार पार्टी में शामिल हुए। इफ्तार पार्टी के बाद मंत्री ने कहा कि इस पवित्र महीना में सभी लोग रोजा रखते। खुदा से समाज में बेहतरी के लिए इबादत करते हैं। इफ्तार के बाद अलीपुर पहाड़ पर बना मस्जिद के पास पहुंच कर लोगो से मुलाकात किए।

### हार्डवेयर दुकान का शुभारंभ

**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत हुसैनाबाद के नहर मोड़ के समीप गणपति मार्बल एंड हार्डवेयर दुकान का शुभारंभ किया गया। इसका उदघाटन नगर पंचायत के निवर्तमान अध्यक्ष शशि कुमार ने किया। मौके पर उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्रों में एक से बढ़कर एक दुकान खुलने से क्षेत्र के लोगों को बेहतर तरीके से सामान उपलब्ध हो सकेगा। उचित मूल्य पर खरीदारी करने में सहुलियत मिलने की उम्मीद बढ़ेगी। प्रोपराइटर सुमित कुमार ने बताया कि मार्बल, टाइल्स और हार्डवेयर की सभी सामान अच्छे गुणवत्ता और उचित मूल्य पर उपलब्ध हैं।

### मजदूर का दिल्ली में मौत, शोक

**मोहम्मदगंज।** शीलापर निवासी रामाशीष मेहता के छोटे भाई फुलेंद्र मेहता (40) की आकस्मिक निधन हो गया है। बताया गया वह दिल्ली की एक प्राइवेट कंपनी में 15 वर्षों से काम करते थे। उनके साथ पत्नी के अलावा दो बच्चे भी रहते थे। इनमें से एक 16 दूसरा 13 साल का है। बड़े भाई रामाशीष मेहता ने बताया कि 6 मार्च को हार्ट अटैक के बाद अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वहां इलाज के दौरान मृत घोषित कर दिया गया। पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजन को सौंप दिया गया है। शनिवार की सुबह उनका शव घर पहुंचा। अंतिम संस्कार कोयल नदी में किया गया। मुखाग्नि उनके बड़े पुत्र ने दी। शव यात्रा में कामेश्वर कुशवाहा, परीखा मेहता, डा. प्रभू प्रसाद, रौशन कुमार, सुशील कुमार मेहता, राजकुमार मेहता, ललन यादव, रामनरेश मेहता, दीपक भारती, महेन्द्र कुशवाहा और विवेक मेहता सहित कई लोग शामिल थे। मुखिया कमला देवी ने मौत पर दुःख व्यक्त किया है।

### समाज सेवी का निधन, शोक

**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत क्षेत्र के कुर्मी टोला निवासी सह समाज सेवी 78 वर्षीय जगन्नाथ प्रसाद कांस्यकार का शनिवार की रात रांची में इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। रविवार को उनका अंतिम संस्कार देवरी सोन नदी स्थित मुक्ति धाम के तट पर किया गया। इनके निधन पर क्षेत्र के लोगों ने गहरी शोक संवेदना प्रकट किया है। वह अपने पीछे चार पुत्र, चार पुत्री से भरा पूरा परिवार छोड़ गये हैं। स्व. कांस्यकार लंबे अरसे तक बिहार में पत्रकारिता से जुड़े रहे। उन्होंने लगभग 30 वर्षों तक संवाद प्रेषण का कार्य किया। उन्होंने दाउदनगर में हर वर्ष पारंपरिक व ऐतिहासिक जिउतिया महोत्सव में भी बढ़ चढ़कर भाग लेते थे। शोक व्यक्त करने वालों में स्थानीय विधायक संजय कुमार सिंह यादव, पूर्व विधायक कमलेश कुमार सिंह, गुड्डु सिंह, अजीत सिंह, विनय पासवान, जिशान हसन, रहमान राईन, एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान, सुरेन्द्र पाल, ललन कास्यंकार, प्रकाश अग्रवाल, पवन अग्रवाल, संजय पाठक, राजेन्द्र पाल समेत कई लोगों ने शोक जताया है।

---

जांच करने गए डीएफओ का रास्ता रोक जांच प्रभावित करने का किया था प्रयास

# सीओ ने 5 क्रशर प्लांट का लाइसेंस रद्द कर किया सील

**नवीन मेल संवाददाता**

**छतरपुर।** जिला खनन पदाधिकारी ने सोमवार को थाना क्षेत्र के छतरपुर चराई रोड स्थित वन क्षेत्रों में अवैध रूप से संचालित पांच क्रशर प्लांट का लाइसेंस रद्द करते हुए सील कर दिया है। जिन क्रशर प्लांट का लाइसेंस रद्द किया गया है, उनमें मैसर्स मां सत्य चांदी स्टोन क्रशर, 2मां स्टोन क्रशर, महादेव स्टोन चिप्स, सर्व श्री जय मां लिलोरी स्टोन क्रशर, वैष्णवी माता स्टोन क्रेशर का निबंध रद्द कर दिया गया है। बता दें कि इस



क्षेत्र में अवैध पत्थर खनन व माइंस संचालन किए जाने की जानकारी के बाद डीएफओ नवनीत कुमार जांच करने पहुंचे थे। इस दौरान अवैध माइंस संचालकों ने जांच को प्रभावित करते हुए रास्ता में हाइवा लगा कर सड़क को अवरूद्ध कर दिया गया था। इस संबंध में छतरपुर सीओ उपेंद्र कुमार ने सोमवार को पत्र जारी कर छतरपुर अंचल क्षेत्र में क्रशरों के संचालन के दौरान मानक को पूरा नहीं करने के बाद पांच पट्टाधारियों का लाइसेंस रद्द कर दी। सीओ ने बताया कि पिछले दिनों डीएफओ द्वारा जांच के क्रम में यह पाया गया कि छतरपुर में क्रशर पट्टाधारी मानक पर खरा नहीं उतरे हैं। उनके द्वारा बिना नियम कानून का क्रशर प्लांट संचालित कर सरकारी राजस्व को चुना लगाया जा रहा है।

### होली व रमजान को लेकर प्रशासन अलर्ट

**मोहम्मदगंज।** होली पर्व को लेकर सोमवार को शांति समिति की बैठक थाना परिसर में आयोजित की गई। अध्यक्षता बीडीओ सह सीओ रणवीर कुमार ने की। बैठक में अश्लील हरकत, तेज रफ्तार से वाहन, सोशल मीडिया में गलत मैसेज और राहगीरों के साथ अभद्र व्यवहार समेत अन्य मुद्दे पर चर्चा की गई। ऐसी हरकत को गंभीरता से लेते हुए दोषी के विरुद्ध कठोर कदम उठाने की बात पुलिस और प्रशासन की ओर से कही गई। कहा गया कि पुलिस की पैनी नजर रहेगी। इसके साथ ही रमजान माह को लेकर हर नमाज स्थलों पर विशेष चौकसी बरतने की बात कही गई। लोगों से किसी भी अप्रिय घटना और हरकत की सूचना तत्काल देने की अपील करते हुए इस दिशा में त्वरित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया गया। बैठक में प्रभारी थाना प्रभारी पुअनि शेख अमानुल्लाह, एसआई सुबीर किस्कू, सुरेंद्र तिवारी के अलावा सांसद प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद सिंह,20-सूत्री समिति अध्यक्ष ज्याउद्दीन खान सहित परशुराम सिंह,इशरार खान, क्यामुद्दीन खां, अन्य कई लोग शामिल थे।

## पुलिस ने तीन क्विंटल जावा महुआ किया नष्ट

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** थाना क्षेत्र के ग्राम सरहु टोला खिलपर पर पुलिस की टीम अवैध देशी शराब उत्पादन और बिक्री के ठिकानों पर छापेमारी अभियान चलाया है। इस अभियान में दलबल के साथ शामिल प्रशिक्षु आईपीएस सह थाना प्रभारी दिव्यांश शुक्ल और पुअनि अफजल अंसारी ने बताया कि गुप्त सूचना पर इस गांव में की गई छापेमारी में तीन क्विंटल कई बर्तनों में फुलाए गए जावा महुआ को नष्ट कर दिया गया है। साथ ही इसके उत्पादन में प्रयोग की जाने वाली बर्तन सहित अन्य सामग्री को भी ध्वस्त किया गया। उन्होंने थाना क्षेत्र में इस कारोबार से जुड़े लोगों को चेतावनी दी है। कहा कि उनके समक्ष कई रोजगार के अवसर खुले हैं। इस व्यवसाय को कतई नहीं चलने दिया जायेगा।



चेतावनी के बाद भी किसी भी गांव में अवैध देशी शराब बनाने और बेचने की सूचना मिली तो उनके विरुद्ध कानून सम्मत पुलिस कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा कि अवैध देशी शराब बनाने को लेकर आगे भी अभियान जारी रहेगा। उन्हें सभी पंचायत प्रतिनिधियों से इस व्यवसाय को समूल नियंत्रण के लिए सहयोग और ससमय सूचना देने की अपील की है।

## अनुमंडलीय अस्पताल को उपलब्ध कराया आधुनिक एक्सरे मशीन, कक्ष में बंद हैं ताला

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** सरकार ने पुराने एक्सरे की जगह आधुनिक डिजिटल एक्सरे मशीन अनुमंडलीय अस्पताल को उपलब्ध कराया, जिससे आम लोगों को बेहतर सुविधा मुहैया हो सकें। अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद को चार महीना पूर्व जिले से एक्सरे मशीन उपलब्ध कराया गया था। ग्रामीणों द्वारा काफी हल्ला करने के बाद प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी विनेश कुमार ने अपने स्तर से एक टेक्नीशियन को रख कर काम शुरू करा दिया था, परंतु तीन माह बीत जाने के बावजूद टेक्नीशियन मोहम्मद हसन को एक रुपया कहीं से नहीं मिला। कार्य कर रहे मोहम्मद हसन ने बताया कि उनका भी परिवार है। पैसे के बगैर वह कब तक काम कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि उन्हें आउट




सोर्सिंग से भी रखने का आश्वाशन मिला था। मगर आज तक कहीं से कोई चिट्ठी नहीं प्राप्त हुई है। आखिर वह किस आधार पर कार्य करें। अनुमंडलीय अस्पताल में एक्सरे नहीं होने से दूर दराज से आने वाले मरीजों को एक्सरे कराने के लिए काफी परेशानी होती है। उन्होंने कहा कि बाहर में अधिक पैसा के साथ-साथ समय की भी बर्बादी होती है। अनुमंडलीय अस्पताल के प्रभारी डॉ. विनेश कुमार ने बताया कि मोहम्मद हसन काम करते थे। रमजान की वजह से वह नहीं आ रहे हैं, जिससे यह समस्या उत्पन्न हुई है। निवर्तमान वार्ड पार्षद राजेन्द्र पाल ने कहा है कि अनुमंडलीय अस्पताल की व्यवस्था भगवान भरोसे है। चिकित्सक अपना निजी क्लिनिक चलाने में व्यस्त है। जबकि आम लोग परेशान है। आम लोगों ने पलामू के उपायुक्त से अनुमंडलीय अस्पताल में एक्सरे चालू कराने के साथ अन्य व्यवस्था में सुधार की मांग की है।

## स्वच्छ भारत मिशन फेज टू: हितधारकों के क्षमता संवर्धन में जल सहियाओं की भूमिका पर चर्चा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड सभागार में सोमवार को आयोजित बैठक में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज-2 के ओडीएफ प्लस कार्यक्रम के तहत हितधारकों के क्षमता संवर्धन में जल सहियाओं की भूमिका विषय पर चर्चा की गई। इसमें वाश कोऑडिनेटर प्रेमतोष पांडेय ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन(ग्रामीण) पेयजल व स्वच्छता विभाग-केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय ने एसबीएम एकेडमी तैयार किया है। इसका उद्देश्य ऑन लाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से अधिकांश लोगों में ओडीएफ प्लस विषय यथा-ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन से संबंधित क्षमता विकसित करना है। बैठक में अब तक की गतिविधियों की समीक्षा करते हुए वाश कोऑडिनेटर ने कहा कि इस दिशा में सक्रियता के साथ सामाजिक कर्तव्य के तहत काम करने का जल सहियाओं का दायित्व बनता है। उन्होंने कहा कि विभागीय



वाट्सएप के माध्यम से एसबीएम एकेडमी की सुविधा उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने जलसहियाओं को लोगों तक इसका संदेश देने के साथ ही इसके माध्यम से ओडीएफ प्लस संबंधित जानकारी प्राप्त करने के लिए उन्हें प्रेरित और जागरूक करने की हिदायत दी। साथ ही शौचालयों का उपयोग को लेकर गांव-गांव में लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करते रहने को कहा। उन्होंने कहा हर महीने इसकी समीक्षा भी की जाएगी। इसमें जलसहियाओं के परफॉर्मेंस का आंकलन किया जाता रहेगा। जिसका उन्हें लाभ मिलता रहेगा। बैठक में जलसहिया शाहजहां बेगम, गूंजा देवी, मंजू देवी, रीना देवी, लालमती कुंवर, अनीता देवी, प्रभा देवी, शकुंतला देवी, शारदा देवी, उर्मिला देवी, पूनम देवी (रानीदेवा), पूनम देवी (पंचपोखरी), रेशमा खातून, सरोज देवी, संगीता देवी, प्रतिमा देवी, शबाना परवीन, प्रभावती देवी, शशिबाला देवी, कविता देवी और अजंता देवी सहित अन्य कई जलसहिया शामिल थीं।

## होली व रमजान आपसी भाईचारे का त्यौहार है: एसडीपीओ

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** होली व रमजान को लेकर स्थानीय थाना परिसर में सोमवार को शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। इसकी अध्यक्षता अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अवध यादव ने की तथा संचालन थाना प्रभारी पुलिस निरीक्षक चंदन कुमार ने किया। सीओ मनीष कुमार सिन्हा की उपस्थिति में लोगों ने शांति और भाईचारे के साथ होली व ईद मनाने का निर्णय लिया गया। एसडीपीओ ने कहा कि होली तथा रमजान दोनों प्रेम और भाईचारे का त्योहार है। सभी लोग एक दूसरे के धार्मिक भावनाओं का सम्मान करते हुए त्योहार मनाएं।पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने कहा कि कोई भी त्योहार आपसी भाईचारा और एकता का प्रतीक है। पुलिस लोगों के साथ सहयोग के लिए तत्पर है। बाद में उपस्थित लोगों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी।मौके पर एस आई सतीश कुमार, रंजीत सिंह, अविनाश कुमार , एएसआई मनोज कुमार, अभय कुमार त्रिपाठी, सुनील कुमार, भोला गुप्ता, गंगा जायसवाल, मुन्ना विश्वकर्मा, अरविंद पासवान, गुप्ता पासवान, लालबाबू सिंह, राजीव रंजन, अशोक यादव, अजय सिंह, मुस्लिम अंसारी, महादेव यादव, लक्ष्मी विश्वकर्मा, अशोक जायसवाल, अवधेश मेहता, ओमप्रकाश अकेला, महेंद्र यादव, इरफान शाहिद, अतहर हुसैन , उदय सिंह, राज विश्वकर्मा, विश्वदीप कुमार, अरुण मिश्रा, गणेश शौंडिक, शीलू सिंह, शमशाद अंसारी सहित कई लोग व पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।

## असामाजिक तत्वों पर रहेगी पुलिस की पैनी नजर: थाना प्रभारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**चैनपुर।** रंगों का महापर्व होली को शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से रामगढ़ थाना परिसर में सोमवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी ओम प्रकाश साह ने की। मौके पर उन्होंन कहा कि होली आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द का पर्व है, जिसे मिल-जुलकर शांतिपूर्वक मनाना चाहिए। उन्होंने सभी से अपील की कि त्योहार के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाएगी, ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों और स्थानीय लोगों ने अपने सुझाव भी रखे। उन्होंने कहा कि संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती की जाए और गश्त को बढ़ाया जाए ताकि असामाजिक तत्व किसी तरह की गड़बड़ी न कर सकें। इस पर थाना प्रभारी ने आश्वासन दिया कि पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहेगा और किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। बैठक में निर्णय लिया गया कि होली के दौरान डीजे बजाने की अनुमति प्रशासन से लेनी होगी और निर्धारित समय सीमा के अंदर ही इसे बजाया जा सकेगा। पुलिस प्रशासन ने लोगों से अपील की कि यदि कहीं कोई अप्रिय घटना की आशंका हो तो तुरंत पुलिस को सूचना दें।

## होली आपसी प्रेम व भाईचारे से मनाएं पर्व: सीओ

**नवीन मेल संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबरपुर।** लेस्लीगंज थाना परिसर में सोमवार को होली व रमजान ईद के मद्देनजर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समाजसेवी तारकेश्वर पासवान ने की। संचालन तनवीर आलम ने किया। बैठक में त्योहारों के दौरान क्षेत्र में सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने, विधि-व्यवस्था को दुरुस्त रखने और अफवाहों से बचने पर चर्चा की गई। अंचल अधिकारी सुनील कुमार सिंह ने कहा कि सभी पर्व हमें आपसी प्रेम और भाईचारे का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि ऐसे में समाज के हर वर्ग को एकजुट होकर इनका शांतिपूर्ण आयोजन सुनिश्चित करना चाहिए। विधायक प्रतिनिधि छोटेलाल सोनी ने कहा




कि त्योहारों में सभी समुदायों की भागीदारी जरूरी है, जिससे सौहार्द और भाईचारे का माहौल बना रहे। बैठक में लेस्लीगंज थाना प्रभारी राजू कुमार गुप्ता ने कहा कि संवेदनशील इलाकों में पुलिस बल की तैनाती और गश्त बढ़ाई जाएगी। लोग अफवाह से बचे एवं सोशल मीडिया पर फैलने वाली भ्रामक खबरों से सतर्क रहने की अपील की। मौके पर मुखिया संघ अध्यक्ष मंदीप मेहता, मुखिया अरविंद शुक्ला, पुनम देवी, गीता देवी, गुड्डी देवी, गुड्डू पासवान, बजरंगी प्रसाद, अजीत तिवारी, शैलेश सिंह, भोला साव, बिरेंद्र कुमार, कमेश यादव, कृष्णा पासवान, दीपक गिरी, छोटू मेहता, जफर अंसारी, एएसआई अजय कुमार, मो. नईम सहित अन्य उपस्थित थे।

**पर्व**

## होली दो दिन पड़ने को लेकर लोगों में असमंजस की स्थिति

# 13 को होलिका दहन व 14 को मनेगी होली



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** वर्ष 2025 में होली पर्व दो दिनों मनाए जाने से लोगों के बीच असमंजस की स्थिति बनी है। बावजूद हैदरनगर के कुकही में आयोजित होली मिलन समारोह सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का सोमवार को समापन में स्पष्ट किया गया कि होलिका दहन 13 मार्च को जबकि 14 मार्च को अधिकांश इलाके में होली मनाए जाने की जानकारी है। मौके पर मौजूद भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य रविन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि इस साल इस पर्व को मनाने में भ्रम की स्थिति बनी हुई है। गुरुवार 13 मार्च को होलिका दहन होने से 14 मार्च शुक्रवार को होली होना चाहिए। किन्तु इस बार ऐसा नहीं मानकर होली शनिवार को खेले जाने की भी चर्चा है। उन्होंने कहा कि इस दुविधा को दूर करते हुए ज्योतिष जिज्ञासु पंडित कुंडल तिवारी ने बताया है कि विक्रम संवत 2081 के अंतिम वर्ष की फाल्गुनी पूर्णिमा 13 मार्च गुरुवार को दिन 10. 02 बजे से आरंभ होकर 14 मार्च शुक्रवार को दिन 11. 11 बजे तक रहेगी।

### होलिका दहन पर इन बातों का रखा जाता ध्यान

उन्होंने बताया कि होलिका दहन के संबंध में तीन बातों पर विचार किया जाता है। प्रथम यह कि रात्रि में पूर्णिमा होनी चाहिए। द्वितीय भद्रा नहीं हो और तृतीय रात्रि का समय हो। इस वर्ष संपूर्ण रात्रि पूर्णिमा गुरुवार को है। भद्रा नक्षत्र इसी दिन 10. 02 बजे रात्रि से शुरू होकर अगले दिन 10. 37 बजे तक रहेगा। इसी दिन संध्या में सत्य नारायण व्रत की कथा का श्रवण भी करना चाहिए।

### मार्च में ही कड़ी धूप,फसलों को नुकसान ने किसानों की चिंता बढ़ाई

**मोहम्मदगंज।** मौसम में बदलाव के बीच वर्तमान महीने में ही इन दिनों कड़ी धूप का प्रभाव बढ़ा हुआ महसूस किया जा रहा है। मौसम विभाग के आकलन में भी तापमान में बढ़ोतरी के संकेत दिए गए हैं। वैसे भी सोमवार का तापमान 34 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसमें आगे और वृद्धि की संभावना बताई गई है। लोगों का कहना है कि अभी से ही कड़ी धूप में बिना सिर ढके निकलना मुश्किल भरा लगने लगा है। ऐसा लगता है, ऐसे में होली में भी मौसम की प्रतिकूलता खलल पैदा करेगी। किसान रामजन्म राम का कहना है कि हाल के दिनों में तेज चली हवाओं से गेहूं, चना, अरहर जैसी रबी फसलों पर पहले ही प्रतिकूल असर पड़ा है। अब तापमान में तेजी से वृद्धि इन फसलों के लिए और नुकसानदायक साबित होगा। जल स्तर गिरने से पानी की समस्या भी परेशान करेगी।

---

## न्यूज बॉक्स

### होली में शराब बिक्री पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा

**उंटारी रोड़।** होली को लेकर उंटारी रोड थाना परिसर में सोमवार को स्थानीय गणमान्य राजनीति दलों के जनप्रतिनिधि, पंचायत क्षेत्र प्रतिनिधि, बुद्धिजीवी वर्ग के लोगों के उपस्थिति में शांति समिति की बैठक आहूत की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी प्रदीप कुमार दुबे ने की। सीओ बासुदेव राय ने कहा कि होली पर्व शांतिपूर्ण ढ़ंग से मनाये। बैठक में होली और रमजान को लेकर उपस्थित हिंदू मुस्लिम समाज के लोगों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए। होली भाईचारे के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। थाना प्रभारी प्रदीप कुमार दुबे ने कहा कि होली के दिन अवैध रूप से शराब बिक्री पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगी। हुडदंगई करने वाले, डीजे बजाने व सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट के साथ अफवाह फैलाने वाले पर पूरी तरह से नजर रखी जायेगी। मंच संचालन उप प्रमुख खोखन राम ने किया। मौके एएसआई मनोज सिंह, संजय सिंह, साधुचरण दास, पूर्व प्रमुख राम सेवक राम, सदर खताब्बुददीन अंसारी, सचिव मंसूर अंसारी, समाज सेवी कृष्णा पाल, अरविंद कुमार मेहता, उमा तिवारी , कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रिंकू सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

### रेलवे के नल में लगी टोंटी

**नवीन मेल में छपी खबर का असर**

**मोहम्मदगंज।** राष्ट्रीय नवीन मेल में रेलवे स्टेशन पर पेयजल व स्वच्छता व्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह शीर्षक से सोमवार को छपी खबर का असर देखने को मिला है। इसमें देखा गया कि नल कनेक्शन में टोंटी लगाकर पानी की बर्बादी को रोक दिया गया है। नल प्वाइंट की सफाई की भी कोशिश की गई है। बता दें कि स्थानीय रेलवे स्टेशन पर करोड़ों रुपए से अमृत भारत योजना के तहत आधुनिक स्टेशन व प्लेटफॉर्म बनने के बावजूद इसके प्लेटफॉर्म नंबर 2 के नल कनेक्शन से पानी की बर्बादी को रोकने का उपाय नहीं किया जा सका था। ऐसी स्थिति इस नल कनेक्शन की काफी पहले से बनी हुई थी। मात्र नल की टोंटी नहीं लगाए जाने के कारण पानी बेकार बह रहा था। लोगों ने बताया था कि कभी-कभी लकड़ी का गुल्ला लगाकर नल से बेकार बह रहे पानी को रोकने का असफल प्रयास किया जाता रहा था। मगर अब टोंटी लगाकर समस्या का स्थाई रूप से समाधान कर दिया गया है।

### पांडू के कजरूकलां में श्रीरामनवमी पूजा महासमिति की बैठक संपन्न

**पांडू।** श्रीरामनवमी पूजा महासमिति की बैठक पांडू प्रखंड के कजरूकलां स्थित श्रीराम जानकी विवाह मंडप के सभागार में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता महासमिति के



अध्यक्ष धर्मदेव सिंह यादव ने की, जबकि संचालन सचिव जवाहर पासवान ने किया। बैठक में पांडू-विश्रामपुर पूर्वी क्षेत्र के लगभग 40 गांवों और टोलों की पूजा समिति के पदाधिकारियों ने भाग लिया। सर्वसम्मति से तय हुआ कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 30 मार्च 2025 को 24 घंटे का अखंड संकीर्तन आयोजित किया जाएगा। इसके अलावा, 7 अप्रैल 2025 को अपराह्न 3 बजे से क्षेत्र के सभी गांवों के श्रीमहावीरी झंडों का मिलान होगा और एक विशाल शोभायात्रा के साथ श्रीरामनवमी जुलूस निकाला जाएगा। रात्रि में ₹चैता दुगोला₹ भोजपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा, जिसमें बिहार के सुप्रसिद्ध व्यास स्वामीनाथ और झारखंड (धनबाद) के प्रसिद्ध व्यास शिवशंकर यादव के बीच शानदार मुकाबला होगा। बैठक में सत्यनारायण सिंह, अजय राम, बीरबल सिंह, कृष्णा निराला, यमुना भुइयां, राजेश्वर साहू, मुन्ना ठाकुर, रवींद्र गुप्ता, शिव पासवान, बिपिन चौधरी, ललन ठाकुर, सुनील बैठा, अशर्फी यादव सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### श्री रामनवमी पूजा महासमिति की बैठक में 24 घंटे का अखंड कीर्तन कराने का निर्णय

**उंटारी रोड़।** विश्रामपुर पूर्वी क्षेत्र की बैठक कजरूकलां मेन रोड स्थित सीताराम नगर के श्रीराम जानकी विवाह मंडप के सभागार में संस्थापक अध्यक्ष धर्मदेव सिंह यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का संचालन सचिव जवाहर पासवान ने किया। बैठक में पांडू-विश्रामपुर पूर्वी क्षेत्र के 40 गांवो व टोले की पूजा समिति के पदाधिकारी भाग लेकर सर्वसम्मति से प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा 30 मार्च को 24 घंटे का अखंड कीर्तन किया जायेगा। चैत्र शुक्ल पक्ष दशमी तिथि 7अप्रैल को अपराह्न तीन बजे दिन से क्षेत्र के सभी गावों व टोलों के श्री महावीरी झंडों का मिलान, विशाल शोभा यात्रा के साथ श्री रामनवमी जुलूस निकाली जायेगी। रात्रि में चैता दुगोला भोजपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम का शानदार आयोजन किया जायेगा। इसमें बिहार के सुप्रसिद्ध व्यास स्वामीनाथ, झारखंड (धनबाद) के सुप्रसिद्ध व्यास शिवशंकर यादव के बीच शानदार मुकाबला होगा। बैठक में सत्यनारायण सिंह,अजय राम, बीरबल सिंह,डब्लू यादव, कृष्णा निराला, नंदकुमार शर्मा,यमुना भुइयां, मल्लेश्वर राम, राजेश्वर साहू, संजय पासवान, मुन्ना ठाकुर, महंत पंडितजी,रवींद्र गुप्ता, शिव पासवान सहित अन्य मौजूद थे।

### पांकी के कुसड़ी गांव में भक्ती की बह रही बयार

**पांकी।** प्रखंड के आसेहार पंचायत के कुसड़ी गांव में इन दोनों भक्ति की बयार बह रही है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार गांव से सटे फारेस्ट अधीन पहाड़ी पर कुछ सप्ताह पूर्व जल स्रोत देखा गया, जिसके बाद पूरे गांव में यह बात आग की तरह फैल गई। इस दौरान जब लोगों ने जल स्रोत के आस पास साफ-सफाई की तो शिवलिंग, गणेश मुख के साथ नाग से मिलते-जुलते कुछ चिन्ह पाए गए। इसके बाद लोगों की आस्था और बढ़ गई। लोगों ने उक्त स्थल पर पूजा पाठ शुरू कर दी। अब हर दिन सुबह शाम यहां स्थानीय पुजारी द्वारा पूजा पाठ की जा रही है। बीते शिवरात्रि को यहां स्थानीय लोगों की पहल पर मेला का भी आयोजन किया गया था। जैसे ही यह जानकारी लोगों को मिल रही है उसके बाद प्रखंड ही नहीं बल्कि आसपास के प्रखंड एवं अन्य क्षेत्र से लोग प्रतिदिन उक्त स्थल पर पहुंच कर पूजा पाठ कर रहे हैं। इस संबंध में स्थानीय ग्रामीण लोकेंद्र सिंह ने बताया कि यह अद्भुत घटना ईश्वर की कृपा से हुई है। यहां भगवान प्रकट हुए हैं। पहाड़ी पर पानी का कोई नामोनिशान नहीं है, फिर भी यहां एक छोटे बरगद के पेड़ से लगातार पानी टपक रहा है। कुंड सामान एक गड्ढा भरा हुआ है। कहा कि इस स्थल पर पूजा पाठ करने से श्रद्धालुओं की हर मनोकामना भी पूरी हो रही है। उन्होंने इस घटना को दिव्य संकेत मानते हुए इस स्थल को धार्मिक स्थल के रूप में विकसित करने की मांग भी जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों से की है।

### आपसी सौहार्द व शांतिपूर्ण तरीके से होली मनाने कीअपील

**पांकी।** थाना परिसर में सोमवार की संध्या आगामी पर्व होली को लेकर शांति समिति की बैठक प्रभारी थाना प्रभारी राजेश रंजन की अध्यक्षता में हुई। बैठक में प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद समेत प्रखंड क्षेत्र के दर्जनों जनप्रतिनिधि समेत विभिन्न समुदाय के प्रबुद्ध लोग शामिल हुए। बैठक में प्रभारी थाना प्रभारी राजेश रंजन ने कहा कि होली का त्यौहार खुशियां लेकर आता है। ऐसे में हम सभी को त्यौहार खुशी पूर्वक मनाना चाहिए। इसमें किसी तरह का हुड़दंग वाद विवाद ना हो इसके लिए हम सभी को सचेत रहना होगा। प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद ने कहा कि होली का त्योहार खुशियों का त्यौहार है। इस दौरान किसी तरह का हुड़दंग अफवाह न फैलाएं। मौके पर अंचल अधिकारी राजकुंवर सिंह, मुखिया संघ अध्यक्ष राजेंद्र पांडेय, पुलिस इंस्पेक्टर पूनम टोप्पो, पूर्व थाना प्रभारी ललित कुमार, 20 सूत्री अध्यक्ष मनोज सिंह, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मुन्ना सिंहा, उप प्रमुख अमित चौहान, पूर्व प्रमुख उर्मिला देवी, मुखिया प्रेम प्रसाद, प्रदुमन सिंह, यशवंत वर्मा, रफीक अंसारी, हफीजुल अंसारी, नेहाल अंसारी सुनील सिंह, तौकीर आलम, प्रमोद सिंह सहित विभिन्न समुदाय के दर्जनों लोग मौजूद थे।

## आठवीं बोर्ड की परीक्षाएं शुरू, 161 केंद्र पर शामिल हुए परीक्षार्थी



**मेदिनीनगर।** झारखंड अधिविध परिषद द्वारा आठवीं बोर्ड की परीक्षा सोमवार से शुरू हुई। सोमवार को छात्रों ने पहली पाली में हिंदी अंग्रेजी तथा दूसरी पाली में गणित विज्ञान व सामाजिक विज्ञान की परीक्षा दी। बताते चलें कि पहली पाली की परीक्षा 9:45 बजे से एक बजे तक हुई, जबकि दूसरी पाली की परीक्षा दो बजे से 5:15 बजे तक चली। इस दौरान छात्रों को परीक्षा से पूर्व आधे घंटे पूर्व केंद्र पर पहुंचने का निर्देश दिया गया था। पलामू जिले के 161 परीक्षा केंद्र पर आठवीं के 34652 परीक्षार्थी परीक्षा दे रहे हैं। सोमवार को पहली पाली में जहां 33354 परीक्षार्थी शामिल हुए, वहीं 1098 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में 33353 परीक्षार्थी शामिल हुए वहीं 1099 अनुपस्थित रहे। मंगलवार को नौंवी के पेपर वन में हिंदी ए,हिंदी बी और अंग्रेजी की परीक्षा होगी, जबकि दूसरी पाली में गणित एवं विज्ञान की परीक्षा होगी।

# अस्पताल में इलाज के दौरान महिला की मौत, परिजनों ने किया हंगामा

▸▸ डयूटी पर तैनात डॉक्टर पर लापरवाही और नशे में रहने का आरोप, प्रशासन ने संभाला मोर्चा



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** अनुमंडलीय अस्पताल में सोमवार को इलाज के दौरान एक महिला की मौत हो गई, जिसके बाद अस्पताल परिसर में अफरा-तफरी मच गई। गुस्साए परिजनों ने डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया।

मृतका की मां अफरोजी बीबी ने बताया कि उनकी बेटी शगुफ्ता खातून (21 वर्ष) को पेट दर्द की शिकायत थी। पहले उसे एक प्राइवेट महिला चिकित्सक के पास ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने बताया कि वह गर्भवती नहीं है और अनुमंडलीय अस्पताल ले जाने की सलाह दी।छोटे भाई तौसीफ आलम ने बताया कि वह ठीक थी किंतू गलत इलाज का कारण वह नहीं रही।

अस्पताल पहुंचने पर डॉ. आकाश खालको ने बिना ठीक से जांच किए सलाइन चढ़ाई और इंजेक्शन लगाया। कुछ देर बाद शगुफ्ता की तबीयत बिगड़ने लगी, लेकिन डॉक्टर ने परिजनों को बताया कि स्थिति ठीक है। बाद में जब उसकी हालत गंभीर हो गई, तो परिजन उसे बाहर ले जाने की अनुमति मांगने लगे। इसी बीच अस्पताल कर्मियों ने पर्ची वापस ले ली और बताया कि शगुफ्ता की मौत हो चुकी है।

घटना की खबर मिलते ही गांव के लोग और परिजन अस्पताल पहुंचे और विरोध प्रदर्शन करने लगे। हालात बिगड़ते देख अस्पताल के स्वास्थ्यकर्मी मौके से इधर-उधर हो गए। डॉ. आकाश खालको खुद को ड्यूटी कक्ष में बंद कर अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। आक्रोशित परिजन डॉक्टर को बाहर निकालने की मांग कर रहे थे और आरोप लगा रहे थे कि वे ड्यूटी पर नशे की हालत में थे।

घटना की जानकारी मिलते ही हुसैनाबाद थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी, बीडीओ सुनील वर्मा और अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। लेकिन परिजन डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे। इसके बाद अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) गौरांग महतो और

### अस्पताल पुलिस छावनी में तब्दील

बढ़ते तनाव को देखते हुए हुसैनाबाद, हैदरनगर और देवरी थाने की पुलिस अस्पताल में तैनात कर दी गई। राजद नेता जाकिर अली उर्फ राज अली, पंचायत मुखिया सुषमा देवी और अन्य स्थानीय नेताओं ने परिजनों से मुलाकात कर दोषी डॉक्टर के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) एस मोहम्मद याकूब अस्पताल पहुंचे।

एसडीओ ने खुद डॉक्टर को आवाज लगाकर दरवाजा खोलने को कहा, जिसके बाद डॉक्टर ने दरवाजा खोला। इसके बाद अधिकारियों ने डॉक्टर से पूछताछ शुरू की।

### दिसंबर 2024 में हुई थी शादी

परिजनों ने बताया कि शगुफ्ता की शादी दिसंबर 2024 में रोहतास जिले के केरपा निवासी तुफैल खान से हुई थी। हाल ही में तुफैल विदेश कमाने गए थे, जिसके बाद शगुफ्ता कुछ दिन पहले ही अपने मायके बुधवा आई थी।

## न्यूज | बॉक्स

### होली को लेकर शहर व सदर थाना ने संयुक्त जांच अभियान चलाया



**मेदिनीनगर।** सोमवार को सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत सिंगरा मोड़ के पास शहर थाना व सदर थाना ने संयुक्त रूप से जांच अभियान चलाया। होली पर्व को देखते हुए जांच अभियान में शहर थाना व सदर थाना की पुलिस मौजूद थी। जांच अभियान में छोटी बड़ी बस की जांच की गई। खास कर बिहार से आने वाली बस की जांच की गई, ताकि किसी भी तरह का मादक पदार्थ पर्व के दौरान झारखंड में नहीं पहुंचे। जांच अभियान में बिहार से आ रही बस में मनोज यादव के पास से चार बोतल शराब जब्त किया गया। वह छतरपुर से डालटनगंज आ रहा था। वह छतरपुर का रहने वाला है। पुलिस उसे हिरासत में लेकर सदर थाना ले गयी। शहर थाना प्रभारी व देवव्रत पोद्दार व सदर थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय ने संयुक्त रूप से बताया की होली पर्व को देखते हुए पूरे थाना क्षेत्र में गस्ती बढ़ा दी गई है। पुलिस लगातार असामाजिक तत्व पर नजर रख रही है।

### फोटो एसोसिएशन का होली मिलन समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न




**मेदिनीनगर।** पलामू फोटो एसोसिएशन के तत्वावधान में सोमवार को गीता भवन स्थित दुर्गा मंडप में भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें जिले भर से फोटोग्राफर, वीडियोग्राफर और स्टूडियो संचालक शामिल हुए। समारोह के दौरान सभी सदस्यों को सम्मानित किया गया और एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी गईं। इसके बाद रंगों और संगीत का शानदार माहौल बना, जहां होली के गीतों पर गुलाल उड़ाए गए और सभी ने हर्षोल्लास के साथ पर्व का आनंद लिया। इस कार्यक्रम में एसोसिएशन के अध्यक्ष विनय सिन्हा, विजय कुमार कश्यप, संजय सानी, प्रेम प्रकाश, अमन, उमेश, सुमित, मनोज, अनुज, बिंदा, दीपक सोनी, जितेंद्र, अखिलेश, अमित, अरविन्द, कृष्णा, विश्वजीत, पप्पू सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। होली मिलन समारोह ने न केवल फोटोग्राफर और वीडियोग्राफर समुदाय को एकजुट किया, बल्कि आपसी सौहार्द और भाईचारे को भी मजबूत किया।

# झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा का प्रतिनिधिमंडल सम्मान, पेंशन व अधिकारों को लेकर वित्त मंत्री से मिला

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** झारखंड सरकार के वित्त, संसदीय कार्य, योजना एवं विकास मंत्री राधाकृष्ण किशोर से झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय संयोजक सतीश कुमार ने उनके आवास पर मुलाकात की। इस दौरान आंदोलनकारियों की समस्याओं और उनके अधिकारों को लेकर चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल ने झारखंड आंदोलनकारियों के लिए जेल जाने की बाध्यता समाप्त करने और सभी को 50 हजार रुपये मासिक सम्मान पेंशन देने की मांग की। सतीश कुमार ने उत्तराखंड सरकार का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां बिना किसी बाध्यता के आंदोलनकारियों को सम्मान पेंशन दी जा रही है। उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य लंबे संघर्ष, कुर्बानी और बलिदान के बाद बना, लेकिन 25 वर्षों में किसी भी सरकार ने आंदोलनकारियों की आकांक्षाओं को पूरा नहीं किया। मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने आश्वासन दिया कि झारखंड के सिल्वर जुबली वर्ष में आंदोलनकारियों के लिए सरकार बड़ा तोहफा देने की योजना बना रही है। उन्होंने कहा कि विधानसभा के वर्तमान सत्र में सरकार आंदोलनकारियों के हित में महत्वपूर्ण निर्णय लेगी। सतीश कुमार ने घोषणा की कि 24 मार्च को लाखों झारखंड आंदोलनकारी और विस्थापित विधानसभा का घेराव करेंगे। यदि मांगें पूरी नहीं हुई तो राज्य में व्यापक आर्थिक नाकेबंदी की जाएगी।

# सोशल एंड मोटिवेशनल ट्रस्ट ने कवियों संग खेली होली

● कविता, रंग और एकता के संदेश के साथ हुआ आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** सोशल एंड मोटिवेशनल ट्रस्ट, झारखंड प्रदेश की पलामू जिला इकाई के तत्वावधान में होली मिलन सह कवि गोष्ठी का आयोजन कन्या मध्य विद्यालय, रेड़मा में किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रथम महापौर अरूणा शंकर रहीं। अध्यक्षता प्रो. के.के. मिश्रा ने की, जबकि संचालन डॉ. रामप्रवेश पंडित ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत हंसी-ठहाकों और अबीर-गुलाल के साथ हुई। ट्रस्ट के राष्ट्रीय सलाहकार रथिन्द्रनाथ झा ने मुख्य अतिथि को चुनरी व मैथिली पाग (टोपी) से सम्मानित किया, जबकि सभी कवियों और कवयित्रियों को गेरूआ अंगवस्त्र और टोपी भेंट की गई। इस अवसर पर 'श्रीराम का गुणगान' पुस्तक के रचनाकारों को लेखकीय प्रति भेंट की गई और अयोध्या कार्यक्रम के प्रतिभागियों को मोमेंटो प्रदान किया गया।

होली काव्यगोष्ठी में प्रो. एस.सी. मिश्रा, प्रो. एस.के. चौधरी, डॉ. विजय प्रसाद शुक्ल, कवि हरिवंश प्रभात, उमेश कुमार पाठक 'रेणु', विजय शंकर मिश्र, शीला श्रीवास्तव सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। ट्रस्ट ने इस अवसर पर डॉ. अवधेश कुमार पांडेय को पलामू जिला का सचिव एवं इंदु तिवारी को लोहरदगा जिलाध्यक्ष घोषित किया।

कार्यक्रम में होली विशेष काव्य पाठ हुआ, जिसमें परशुराम तिवारी, राजीव द्विवेदी, सृष्टि कुमारी, प्रतिभा शांडिल्य, प्रेम कुमार दूबे, मनीष मिश्र नंदन, बलवंत तिवारी सहित कई कवियों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया। अरूणा शंकर ने कहा कि होली केवल रंगों का पर्व नहीं, बल्कि खुशियां बांटने, समरसता और एकता का संदेश देने वाला उत्सव है।

# इप्टा की सांस्कृतिक पाठशाला : महिलाओं के संघर्ष और योगदान पर विमर्श

● जितेंद्र रघुवंशी को समर्पित गोष्ठी

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** इप्टा द्वारा संचालित सांस्कृतिक पाठशाला की 67वीं कड़ी प्रख्यात सांस्कृतिक कार्यकर्ता एवं इप्टा के राष्ट्रीय महासचिव रहे जितेंद्र रघुवंशी को समर्पित की गई। वे अपने जीवनकाल में साहित्य और संस्कृति के क्षेत्र में सक्रिय रहे और समाज में महिलाओं की सहभागिता को अनिवार्य मानते थे। इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में ₹समाज, संघर्ष और महिलाएं₹ विषय पर गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मिशन समृद्धि की अध्यक्ष शीला श्रीवास्तव एवं कला गुरु आशा शर्मा ने की। शीला श्रीवास्तव ने कहा कि समाज में बड़े बदलाव नारी सहभागिता के बिना संभव नहीं हैं। उन्होंने माता-पिता से बेटियों की तरह बेटों की भी परवरिश पर ध्यान देने की अपील की ताकि महिलाओं के प्रति हिंसा पर लगाम लग सके। आशा शर्मा ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि महिलाएं आत्मनिर्भरता से आगे बढ़ सकती हैं, लेकिन परिवार का सहयोग भी आवश्यक है। मिशन समृद्धि की सदस्य रंजीता ने महिलाओं की स्वतंत्रता पर कविता प्रस्तुत की, जबकि लातेहार की लोकपाल इंदु तिवारी ने कहा कि महिलाओं को आगे बढ़ाने में पुरुषों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। अखिल भारतीय किसान सभा के राष्ट्रीय सचिव केडी सिंह ने महिलाओं के अधिकारों के लिए संघर्षरत महापुरुषों और क्रांतिकारी महिलाओं जैसे सावित्रीबाई फुले और कल्पना दत्त के योगदान को रेखांकित किया। गोष्ठी में शिक्षक गोविंद प्रसाद ने महिला हिंसा पर चिंता जताते हुए कहा कि महिलाओं और पुरुषों को मिलकर इसके खिलाफ एकजुट होना होगा। कार्यक्रम का संचालन प्रेम प्रकाश ने किया और समापन कामयाबी गीत के साथ हुआ। मौके पर वैजयंती गुप्ता, वीणा राज, अहिल्या देवी, शशि पांडे, अमित कुमार, संजीत दुबे सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## जेएमएम के प्रखंड स्तरीय सम्मेलन में कमेटी का पुनर्गठन,अध्यक्ष बबलू बने

**इटखोरी (चतरा)।** जिले के इटखोरी प्रखंड मुख्यालय स्थित मां तारा होटल में झारखंड मुक्ति मोर्चा द्वारा सोमवार को प्रखंड स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष पंकज प्रजापति, सिमरिया विधानसभा के पूर्व विधायक उमीदवार मनोज चंद्रा, पूर्व जिला सचिव अमरदीप साव, केंद्रीय समिति सदस्य सरोज देवी समेत अन्य उपस्थित थे। प्रखंड स्तरीय सम्मेलन में सर्व प्रथम संगठन के मजबूती पर चर्चा करते हुए प्रखंड कमेटी का पुनर्गठन कर विस्तार किया गया। सर्वसम्मति से बबलू कुमार केसरी को प्रखंड अध्यक्ष, मकसूद आलम को सचिव, बंटी आलम को उपाध्यक्ष, मोहम्मद खलिद को कोषाध्यक्ष, राजदेव यादव को उपाध्यक्ष चुना गया है। इससे पूर्व सम्मेलन में पहुंचे वरिष्ठ नेता व कार्यकताओं को पुष्प गुच्छ एवं अंग वस्त्र देकर स्वागत किया गया। वहीं नवनियुक्त प्रखंड अध्यक्ष ने कहा है कि झारखंड सरकार की हर योजना जनता के बीच पहुंचाना हम सभी का कर्तव्य है। वहीं श्रभ चंद्रा ने सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई व शुभकामनाएं छी। मौके पर श्याम सिंह, इटखोरी मुखिया युगेश्वर दांगी, रामदेव यादव समेत अन्य उपस्थित थे।

## श्रीमद्भागवत कथा में शामिल हुए सांसद

**सिमरिया(चतरा)।** सिमरिया प्रखंड के बगरा में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा कार्यक्रम में चतरा लोकसभा सांसद कालीचरण सिंह पहुंचे। इस अवसर पर श्री सिंह ने कहा कि कथा सुनने से मन को शांति मिलती है। श्रीमद्भागवत की कथा देवताओं को भी दुर्लभ है। यह भागवत की कथा भगवान की कृपा से प्राप्त हो पाती है। फाल्गुन मास में यह अवसर चौधरी परिवार को मिला है, जिसमें श्रीमद्भागवत कथा आयोजन कर पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत की कथा भगवान की प्राप्ति कराने वाली है। यह कथा मृत्यु के भय को दूर करके भगवान की और आगे बढ़ाती है और भक्ति के साथ हमारे ज्ञान वैराग्य को बल देती है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक गांव में कथा का आयोजन होना चाहिए। साथ में इसका अनुश्रवण अपने जीवन में करने की आवश्यकता है।

# जेएसएलपीएस की महिलाएं स्टॉल लगाकर बेच रही फूलों व सब्जियों से बना हर्बल गुलाल

● त्वचा को नुकसान नहीं पहुंचने का दावा

**नवीन मेल संवाददाता**




**मेदिनीनगर।** झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी जेएसएलपीएस से जुड़ी महिलाओं द्वारा होली को लेकर हर्बल गुलाल की बिक्री की जा रही है। इसके तहत महिलाओं ने अपने हाथों से पर्यावरण के अनुकूल हर्बल गुलाल तैयार किया है। महिलाओं को बड़ा प्लेटफार्म देने का प्रयास करते हुए पलाश हर्बल गुलाल प्रदर्शनी साहब बिक्री स्टॉल की शुरूआत की गई है। इसके तहत सोमवार को समाहरणाल परिसर के सामने स्टॉल लगाकर महिला लालो देवी अपने उत्पाद बेच रही हैं। उन्होंने बताया कि हर्बल गुलाल के निर्माण में विभिन्न सब्जियों तथा फूलों का इस्तेमाल किया गया है, जिससे केमिकल रहित होने के कारण यह त्वचा को नुकसान नहीं पहुंचाती। उन्होंने बताया कि मंगलवार से शहर के अन्य मुख्य स्थान पर भी स्टॉल लगाकर इसकी बिक्री की जाएगी। हालांकि पर्याप्त ग्राहक न मिलने के कारण वह निराश दिखीं। लालो देवी ने कहा कि हरे रंग के लिए पालक, गुलाबी के लिए चुकंदर, पीले रंग के लिए हल्दी समेत अन्य फूलों और पत्तियों के प्राकृतिक रंगों का उपयोग किया जा रहा है।इतना ही नहीं, गुलाल को सुगंधित बनाने के लिए प्राकृतिक एसेंस का भी इस्तेमाल किया गया है। पलाश ब्रांड के जरिये ग्रामीण महिलाओं के हाथों से बने उत्पादों को बाजार तक पहुंचाया जा रहा है। पलाश ब्रांड के माध्यम से उनके उत्पादों को नयी पहचान मिली है। उनकी आमदनी बढ़ रही है और ग्रामीण उद्यमिता को बढ़ावा भी मिल रहा है। इस वर्ष जेएसएलपीएस 13 मार्च तक सभी जिलों के प्रमुख केंद्रों में स्टॉल लगा रहा है। पलाश ब्रांड द्वारा बेचे जा रहे हैं हर्बल गुलाल के 100 ग्राम के पैकेट की कीमत 40 रुपए है, जबकि 200 ग्राम पैकेट की कीमत 75 रुपए तक है। लाल देवी ने कहा कि बाजार में हर्बल गुलाल के नाम पर कई अन्य प्रोडक्ट बेच जा रहे हैं जिसकी तुलना में यह काफी अलग है इससे पर्यावरण संतुलित रखने में भी मदद मिलती है।

# लोक नृत्य व नाटक में छात्राओं ने दिखाया दम

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला शिक्षा व प्रशिक्षण संस्थान (डायट) मेदिनीनगर के प्रांगण में सोमवार को लोक नृत्य एवं नाटक का कार्यक्रम आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ डायट की प्राचार्य अमृता सिंह ,प्रभारी प्राचार्य डॉ. धीरेंद्र सिंह, संकाय सदस्य मो. हसन राजा, नूतन कुमारी, मृत्युंजय कुमार,मो. शाहिद अनवर,जितेंद्र कुमार तिवारी तथा निर्णायक मंडल के सदस्य मो. जावेद हुसैन एवं नृत्यांगिनी डांस एकेडमी के निदेशक राजन वर्मा के द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रखंडों के 12 से अधिक कस्तूरबा एवं झारखंड बालिका विद्यालय के 150 से अधिक छात्राओं ने भाग लिया। अपने उद्बोधन में प्राचार्य अमृता सिंह ने लोक नृत्य में बच्चों को बढ़ चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। प्रभारी प्राचार्य डॉ. धीरेंद्र सिंह ने लोक नृत्य की उपयोगिता और लोग में उसकी महत्ता को रेखांकित करते हुए झारखंड में लोक नृत्य और उसके महत्व को बतलाया। कार्यक्रम का संचालन वरीय संकाय सदस्य मो. हसन रजा ने किया। जबकि मो.शाहिद अनवर ने धन्यवाद ज्ञापित कर कार्यक्रम का समापन किया गया। लोक नृत्य प्रतियोगिता में पहला स्थान झारखंड आवासीय विद्यालय पिपरा, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय पांडू को दूसरा तथा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय हुसैनाबाद को तृतीय पुरस्कार मिला। साथ ही लोक नाटक में पहला पुरस्कार कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय हरिहरगंज, द्वितीय पुरस्कार गांधी बालिका विद्यालय चैनपुर तथा तृतीय पुरस्कार कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय हुसैनाबाद को दिया गया। अतिथियों ने छात्राओं को मोमेंटो प्रशस्ति पत्र एवं मैडल देकर सम्मानित किया।

# होली को लेकर शहर में बना उत्साह का माहौल, बाजार में बढ़ी खरीदारी

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** होली का त्योहार नजदीक आते ही शहर में उत्साह का माहौल बन चुका है। शहर के प्रमुख बाजार में रंग-अबीर और पिचकारियों की दुकानों पर भीड़ उमड़ने लगी है। इसके अलावा फुटपाथों पर सजी रंग-बिरंगी पिचकारियां, अबीर और होली के अन्य उत्पादों ने लोगों में उमंग और खुशी का माहौल बना दिया है। शहर के मुख्य बाजार सहित अन्य चौक चौराहा पर रेडीमेड गारमेंट, कलर, किराना और फ्रूट्स की दुकानों में ग्राहकों की खासी भीड़ देखी जा रही है। बच्चों, युवाओं और महिलाओं में खरीदारी का विशेष उत्साह है।खासकर छोटे बच्चों में अपने पसंदीदा पिचकारी और रंग खरीदने की लालसा देखी जा रही है। रेडीमेड गारमेंट्स के अलावा, शॉपिंग मॉल्स में भी होली के लिए परिधानों की खरीदारी के लिए लोग देर रात तक पहुंच रहे हैं। इसके साथ-साथ बम पटाखे एवं अन्य उत्पाद का दुकान भी सजना शुरू हो गया है।

### फायर गन व हर्बल रंग की बढ़ी मांग

इस बार होली के लिए दुकानदारों ने कई प्रकार की पिचकारियां और होली के अन्य उत्पाद मंगवाये हैं। पिचकारी की दुकानों पर फायर गन पिचकारी की खास डिमांड है, जिसकी कीमत 300 से 1200 रुपये तक है. इसके अलावा 20 रुपये से लेकर 200 रुपये तक के गैलन गन, ट्रैप गन, पाइप गन, प्लेन पिचकारी, बोतल गन जैसी पिचकारियां भी उपलब्ध हैं। इसके साथ ही विभिन्न प्रकार के मुखौटे और मेकअप के सामान भी बाजार में बिक रहे हैं, जो होली के उत्सव को और रंगीन बनाने में मदद कर रहे हैं।

### होली में लोक गीतों की धुन सुनाई देने लगी

होली पर लोकगीतों का खुमार लोगों पर चढ़ चुका है। मेदिनीनगर में अलग-अलग संगठनों द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें शामिल होकर लोग होली तथा लोकगीतों की धुन पर मस्त हो रहे हैं। हालांकि इस दौरान पारंपरिक गीतों का स्थान फिल्मी गानों और डीजे ने ले लिया है।

# आरओबी निर्माण की मांग को लेकर दूसरे दिन भी किसानों का जमीन समाधि सत्याग्रह जारी



**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** प्रखंड के कामता पंचायत सचिवालय के समीप दूसरे दिन सोमवार को भी किसानों का अनिश्चितकालीन जमीन समाधि सत्याग्रह जारी रहा। जमीन समाधि सत्याग्रह में दर्जन भर किसान महिलाएं सत्याग्रह पर बैठ रहे। इस दौरान दो किसान माईकल हंस का बीपी हाई होने व जीदन टोपनो की बीपी लो होने के कारण किसान की तबियत बिगड़ गई। इसके बाद सत्याग्रह स्थल पर ही सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की मेडिकल टीम उरमीला कुमारी, श्याम सिंह द्वारा दोनों किसानों को ओआरएस का घोल पिलाया। किसान और कामता पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने कहा कि सरकार किसानों के धैर्य का परीक्षा ले रही है। किसान हिम्मत नहीं हारेंगे। हमारी निगाहें विधानसभा बजट सत्र, केंद्रीय परिवहन मंत्री, मुख्यमंत्री की तरफ है। किसानों की मुख्यमंत्री और विधायक से मांग है कि झारखंड में चल रहे विधानसभा का बजट सत्र में टोरी चंदवा का फ्लाई ओवरब्रिज मुद्दे पर चर्चा की जाये। तीन अप्रैल 2021 को केंद्रीय सड़क परिवहन व राज मार्ग मंत्री नितिन गडकरी व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा ऑनलाइन शिलान्यास किया गया था, लेकिन चार वर्ष बीतने के बाद भी कार्य शुरू नहीं हो पाया है। मौके पर मुखिया नरेश भगत,ग्राम प्रधान पचु गंझू,वार्ड सदस्य जमरुल खान,सुरेश कुमार साव, माईकल हंस,रमजान साईं, चिस्ती, सनिका मुंडा,दिलवा गंझू,तबरेज खान, प्रेम भोगता, जिदन टोपनो,अशोक गंझू, संजय राम, शाहबान खान, नईम खान, सैफुल खान, लालधारी तुरी, दुलारी देवी सहित कई लोग शामिल थे।

# अवैध कोयला लदे तीन ट्रक जब्त

## ◀◀ चलाक गिरफ्तार, भेजा जेल



**नवीन मेल संवाददाता**

**चिनिया।** पुलिस ने अवैध कोयला परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन ट्रक को जब्त कर तीनों चालकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। यह जानकारी थाना प्रभारी अमित कुमार ने सोमवार को दी। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने छापेमारी कर तीनों ट्रक को चिनियां थाना क्षेत्र के मसरा मोड़ व रानीचेरी गांव से पकड़ा है। जब्त तीनों ट्रक बिना वैध दस्तावेजों के कच्चा कोयला परिवहन कर रहे थे। जब्त ट्रक छत्तीसगढ़ के कोरबा से कच्चा कोयला लोड कर मेराल व डंडई के ईंट भट्ठों पर ले जाया रहा था। जांच के दौरान चालक वैध परमिट नहीं दिखा सका। पुलिस ने कोल माइंस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए तीनों ट्रकों को जब्त कर लिया। गिरफ्तार चालकों में शमशाद अंसारी पिता समरूलाह अंसारी, सोनू अंसारी पिता अजीम अंसारी दोनों ग्राम कोरवाडीह थाना गढ़वा निवासी व सेराज अंसारी पिता भुखन अंसारी ग्राम अनराज नावाडीह थाना गढ़वा को चिकित्सीय जांच के बाद न्यायालय पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी ने कहा कि अवैध खनन और कोयला परिवहन पर सख्त निगरानी रखी जा रही है। इस कार्रवाई से अवैध कोयला कारोबार से जुड़े लोगों में हड़कंप व्याप्त है। छापेमारी अभियान में चिनियां थाना प्रभारी अमित कुमार, एएसआई नवीन कुमार राणा, राशिद हुसैन, ओमप्रकाश पासवान, संतोष कुमार सहित चिनियां पुलिस बल के जवान का नाम शामिल है।

## बीडीओ ने किया हर्बल गुलाल का शुभारंभ



**नवीन मेल संवाददाता**

**श्रीबंशीधर नगर।** महिला स्वयं सहायता समूह के सखी मंडल द्वारा निर्मित हर्बल गुलाल का शुभारंभ प्रखंड परिसर में सोमवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी रौशन कुमार ने फीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि पलास झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसायटी द्वारा संचालित महिला स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा यह हर्बल गुलाल बाजार में बिकने वाली गुलाल से बेहतर है। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी रौशन कुमार ने कहा कि महिला स्वयं सहायता समूह से जुड़कर महिलाएं अपनी आजीविका को बढ़ा रही हैं। उन्होंने ग्रामीण महिलाओं को समूह से जुड़कर आत्मनिर्भर बनने की अपील की। मौके पर सामुदायिक समन्वयक राजकुमार राम, भरत कुमार, पुष्पा देवी, धर्मेन्द्र सिंह, आईपी आरपी जाबिर अंसारी, प्रतिमा देवी, शशिप्रभा देवी, कंचन देवी, कृति राय, कौशल्या देवी, प्रतिमा सिंह, गायन्ति देवी, सुनीता देवी सहित महिला स्वयं सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित थी।

## न्यूज बॉक्स

### फूड इंस्पेक्टर ने की मिठाई दुकानों की जांच, लिया सैंपल

**मझिआंव।** मुख्य बाजार में फूड इंस्पेक्टर ने सोमवार को कई मिठाई दुकानों, किराना स्टोर और केक शॉप पर अचानक छापेमारी की। इस दौरान उन्होंने सभी मिठाइयों का सैंपल एकत्रित किया और जांच के लिए भेज दिए। यह कार्रवाई खाद्य सुरक्षा और मानकों के उल्लंघन की आशंका के मद्देनजर की गई। अधिकारियों के अनुसार एकत्रित सैंपल की जांच के बाद यह निर्धारित किया जाएगा कि चह उत्पाद उपभोक्ताओं के लिए सुरक्षित और मानकों के अनुरूप हैं या नहीं। स्थानीय व्यापारियों में इस कार्रवाई से खौफ है। उपभोक्ताओं ने उम्मीद जताई है कि इससे बाजार में खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित होगी।

### मध्याह्न भोजन की जांच करने स्कूल पहुंचे बीडीओ

**कांडी।** प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय ने सोमवार को प्रावि शिवरी का औचक निरीक्षण किया। जांच के क्रम में सहायक अध्यापक सुदीप पाल उपस्थित थे। नामांकित 90 बच्चों में 70 बच्चे उपस्थित थे। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी ने मध्यान भोजन की जांच के क्रम में मीनू के अनुसार चावल, दाल, सब्जी व अंडा पाया। उन्होंने कहा कि इस स्कूल में उत्कृष्ट नमूना देखने को मिला। उन्होंने प्रखण्ड के सभी स्कूलों में मध्याह्न भोजन योजना को इसी मानदंड के अनुसार संचालित किए जाने की जरूरत बताया। उन्होंने सभी स्कूल संचालकों से अपील की कि बच्चों के हक से कोई समझौता नही करें। जांच में पकड़े जाने पर कड़ी कार्रवाई के लिए तैयार रहें।

### विधायक ने धान की खरीद ऑन लाइन करने की मांग की

**श्री बंशीधर नगर।** विधायक अनंत प्रताप देव ने विधानसभा में राज्य सरकार के खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी मंत्री इरफान अंसारी से मिलकर भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के सभी पैक्स में धान की खरीदी ऑन लाइन खरीद किए जाने की मांग किया है। उन्होंने खाद्य मंत्री को दिए पत्र के माध्यम से बताया कि भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सभी पैक्स में किसानों का धान क्रय किया गया है, जिसके कारण ऑन लाइन धान की खरीदी नहीं किए जाने से किसानों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने पत्र में संलग्न बंशीधर नगर के पिपराडीह पैक्स के अध्यक्ष भारतेंदु दुबे के द्वारा उपलब्ध कराए गए मांग के आलोक में खाद्य आपूर्ति मंत्री इरफान अंसारी से ऑन लाइन प्रक्रिया प्रारंभ कर धान की खरीदी करने को कहा है।

### होली मिलन समारोह का आयोजन

**कांडी।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बाजार प्रांगण में सोमवार को होली मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रखण्ड प्रमुख नारायण यादव व पंचायत मुखिया विजय राम मुख्य रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत सभी गणमान्य लोगों को फूलमाला पहना कर, अंगवस्त्र देकर व रंग-अबीर लगाकर की गई। छतरपुर पलामू के लोकगायक भोला व्यास ने अपनी पूरी टीम के साथ कई होली गायन व पारम्परिक गीत प्रस्तुत कर लोगों की तालियां बटोरी। यह कार्यक्रम दोपहर से प्रारम्भ होकर देर रात तक चलता रहा। होली मिलन समारोह में मुख्य रूप से जिप पार्षद प्रतिनिधि दिनेश कुमार, उप मुखिया दिलीप कुमार, बीडीसी प्रतिनिधि अनूप कुमार, भाजपा मंडल अध्यक्ष शशि रंजन दुबे, भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश कार्य समिति सदस्य राम लाला दुबे, पूर्व मुखिया विनोद प्रसाद, विश्वनाथ प्रसाद, अशोक प्रसाद, सहेंद्र प्रसाद, जेपी सोनी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### कस्तूरबा की छात्राओं को दी गई विदाई

**धुरकी।** कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में 12वीं क्लास में अध्ययनरत छात्राओं को परीक्षा पूर्ण होने पर समारोह का आयोजन विदाई दी गई। छात्राओं को सामूहिक रूप से विद्यालय के वार्डन समेत सभी शिक्षिकाओं ने सम्मान के साथ विदाई दी। साथ ही आगे की शिक्षा पूरी करने के लिए मार्गदर्शन और शुभकामनाएं दी। वार्डन कुमारी श्रद्धा पांडेय ने बताया कि विद्यालय की सभी छात्राओं ने संस्कार और अनुशासन में रहकर अपनी-अपनी शिक्षा पूरी की है। अब उनकी यहां की पढ़ाई पूरी हो गई है। इस दौरान छात्राओं और शिक्षिकाओं के साथ पारिवारिक संबंध बन गया है। लड़कियों का विदा होना पीड़ादायक है, लेकिन बेहतर भविष्य के लिए वह जा रही हैं।

## एक नजर

### बीडीओ ने योजनाओं की समीक्षा की

**धुरकी।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में सोमवार को बीडीओ जुलफिकार अंसारी ने अपने नरेगा कर्मी के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में प्रखंड के सभी पंचायत में मनरेगा से चल रहे योजनाओं को ससमय पूर्ण व अन्य विकास कार्य योजनाओं सहित कई मुदों पर गहन विचार विमर्श किया गया। बैठक में बीडीओ ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र में चल रहे विकास योजना की समीक्षा की गई। साथ ही अर्पूण योजनाओं को समय पर पूर्ण करने का निर्देश दिया गया है। मौके पर मुखिया, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, बिएफटी, सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**रंका।** रंका थाना क्षेत्र के मेन रोड निवासी पप्पू माली की 20 वर्षीय पुत्री ने पंखा में दुपट्टा के सहारे फंदे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा सदर अस्पतला भेज दिया। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### महिला ने कीटनाशक खाकर आत्महत्या की

**रमना।** थाना क्षेत्र के बुल्का पंचायत के अतेयारी ग्राम निवासी एक बचे की मां ने रविवार को कीटनाशक खाकर आत्महत्या कर ली। बताया जाता है कि मुनेशर परहिया की 22 वर्षीय पत्नी निर्मला देवी ने कीटनाशक दवा पीकर अपनी जान दे दी। घटना से पूर्व दोनों पति-पत्नी रमना बाजार गए थे। घर में आये मेहमान व अपने पांच वर्षीय पुत्री के लिए कपड़ा भी खरीद कर घर लौटे थे। शाम में पति बगल के ही आजाद नगर गया था। इस क्रम में पत्नी ने विडीयो कालिंग कर पति को जहर का शीशी दिखाते हुए बोली की मैंने जहर पी ली है। इसके बाद पति आनन-फानन में घर पहुंचा व पत्नी को इलाज के लिए अस्पताल ले जाने लगा। इस क्रम में निर्मला ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलने पर थाना प्रभारी आकाश कुमार ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया। थाना प्रभारी आकाश कुमार ने बताया कि मृतका के परिजन द्वारा अभी तक कोई आवेदन नहीं दिया गया। आवेदन देने पर पुलिस आगे की कार्रवाई की जायेगी।

### गरीबों की मदद करना परम कर्तव्य : आफताब

**गढ़वा।** अंसारी बिरादरी में अशिक्षा चरम पर है। बेरोजगारी दर लगातार बढ़ रही है। सामाजिक बुराइयां व कुरीतियों के दलदल में लोग फंसते जा रहे हैं। ऐसे में राष्ट्रीय अंसारी एकता संगठन लोगों का सहारा बन रहा है। उक्त बातें राष्ट्रीय अंसारी एकता संगठन के जिला अध्यक्ष आफताब आलम ने कही है। उन्होंने बताया कि गरीब पीड़ित लोगों की मदद के लिए उनका संगठन मजबूती से काम कर रहा है। गरीब असहाय लोगों को बीमारी या अन्य परेशानी में आर्थिक मदद पहुंचाया जा रहा हैं। उन्होंने कहा कि समाज में फैली बुराइयां और कुरीतियों को खत्म करना हमारा मकसद है। साथ ही लोगों को शिक्षा के महत्व और मॉडर्न एजुकेशन के लिए प्रेरित करने का काम कर रहे हैं।

### मनरेगा लोकपाल ने योजनाओं की समीक्षा की

**कांडी।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में सोमवार को मनरेगा लोकपाल सुशील तिवारी ने मनरेगा सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान अबुआ आवास लाभुकों को शत प्रतिशत भुगतान करने, कूप निर्माण या जिस योजना में भुगतान शून्य है, उसको प्राथमिकता के साथ पूरा करने, सामाजिक अंकेक्षण के दौरान प्राप्त शिकायतों का निष्पादन करते हुए एमआई किया जाए। पोटो हो खेल मैदान निर्माण में शिथिलता बरतने वाले रोजगार सेवकों को कड़ी फटकार लगाते हुए कार्य को शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया। इससे पूर्व मनरेगा लोकपाल व बीपीओ ने हरिहरपुर पंचायत में संचालित आम बागवानी योजना स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि एक एकड़ से ऊपर की योजना में जलकुंड व सीपीटी का निर्माण कराने का निर्देश दिया गया। दो दिनों के अंतराल पर पौधों में पानी डलवाने। साथ ही योजना का जो बोर्ड लगा हुआ है, उसमें संबंधित योजना का नाम, लोकपाल का नाम व लोकपाल का फोन नम्बर अंकित करने का निर्देश दिया गया। खेती में कीट को आकर्षित करने वाले पौधा नही लगाएं। लोकपाल ने जेई को निर्देश दिया कि योजना का नाम देखकर हीं एमबी बुक करें। बैठक में बीपीओ सोनू कुमार, रोजगार सेवक मनोज कुमार, अनुज कुमार रवि, छोटन बैठा, सतेंद्र कुमार पासवान, रविन्द्र राम, मानस कुमार, असलम अंसारी सहित अन्य लोग भी उपस्थित थे।

### प्रखंड में किसान प्रदर्शनी मेला का आयोजन

**धुरकी।** प्रखंड कार्यालय परिसर में सोमवार को किसान प्रदर्शनी मेला का आयोजन किया गया। मेला का शुभारंभ धुरकी प्रखंड प्रमुख शांति देवी, प्रखंड विकास पदाधिकारी जुल्फिकार अंसारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। किसान प्रदर्शनी मेला में प्रखंड के दूर दराज गांव से किसानों ने अपनी-अपनी फसल को लेकर किसान प्रदर्शनी मेला में एकत्रित हुए। आदिम जनजाति के तेजू कोरवा ने जंगल के कंद मूल लेकर किसान प्रदर्शनी मेला में उपस्थित हुए। कोरवा के लाए गए कंद मूल में गेठी, खेखसा के जड़ जिसको तिखूर के नाम से प्रसिद्ध है। उसे तेजू कोरवा द्वारा अनोखे तरह के कंद मूल मेला में चर्चा का विषय बना रहा। प्रदर्शनी के उपरांत किसानों के खेती करने के लिए कई तरह के उपकरण देकर पुरस्कृत किया गया। मौके पर योगेंद्रनाथ उप परियोजना निदेशक धनंजय कुमार सिंह बीटीएम धुरकी, सत्येंद्र कुमार बीटीएम डंडई, एमडी मकबूल अंसारी बीटीएम चिनियां, अमित कुमार मौर्य, राजेंद्र चौधरी, गिरिनाथ सिंह, भान सिंह, बिक्रम यादव, किसान मित्र योगेंद्र यादव, नागेंद्र साह, आनंद गिरी, उपेंद्र कुमार यादव, रामजीवन यादव, अखिलेश यादव, धीरेंद्र यादव, शैलेश यादव, राजकुमार राम, पंसस पति कुर्बान अली, गनियारी कला पंसस पश्चिमी आदि मौजूद थे।

### टीबी मरीजों के बीच फूड बॉस्केट का वितरण

**श्रीबंशीधर नगर।** अनुमंडल अस्पताल परिसर में सोमवार को 26 टीबी मरीजों के बीच फूड बास्केट का वितरण किया गया। अस्पताल के उपाधीक्षक सुचित्रा कुमारी ने सभी टीबी मरीजों को फूड बॉस्केट वितरण किया। इस दौरान उपाधीक्षक सुचित्रा कुमारी ने कहा कि स्वास्थ विभाग द्वारा सभी टीबी मरीजों को निःशुल्क दवा के साथ प्रोत्साहन राशि उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि टीबी बीमारी कोई छुआछूत बीमारी नहीं है। लोग ऐसे बीमारी से डरे नहीं। उन्होंने कहा कि अगर तीन महीने से अधिक खासी की शिकायत मिलता है तो वैसे लोगो को अनुमंडल अस्पताल भेजे जहां उनका निःशुल्क जांच के बाद दवा उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, अस्पताल के कर्मी सही अन्य लोगों के माध्यम से टीबी मरीजों को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने आम आवाम से इस कार्य में सहयोग करने की अपील किया था। फूड बास्केट देने वालों में उपाधीक्षक सुचित्रा कुमारी, चिकित्सक डॉ गोकुल प्रसाद, डॉ संतोष कुमार, डॉ कैंसर आलम, रामानुज प्रसाद, अनुमंडल अस्पताल के प्रधान सहायक राजेश कुमार सिंहा, सहायक विषेश राज तमांग, लेखा प्रबंधक राजीव कुमार, एसटीएस सुनील ठाकुर, एसटीएलएस अनिमेष राज तमांग, लैब टेक्नीशियन इरफान अंसारी, एमपीडब्ल्यू अशफाक अहमद का नाम शामिल है। मौके पर चिकित्सक निशा कुमारी सहित स्वास्थ कर्मी उपस्थित थे।

### विधायक प्रतिनिधि ने चैंबर का किया उद्घाटन

**मेराल।** गढ़वा विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी के जिला विधायक प्रतिनिधि विवेकानंद उर्फ रिंकू तिवारी व प्रखंड के प्रतिनिधि डॉ. लालमोहन ने संयुक्त रूप से फीता काटकर विधायक प्रतिनिधि चैंबर का उद्घाटन किया। दोनों प्रतिनिधियों ने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। बैठक के बाद रिंकू तिवारी ने कहा कि गढ़वा विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी फिलवक्त विधानसभा सत्र में भाग लेने के लिए रांची में है। उनके निर्देश पर सोमवार को प्रखंड कार्यालय के भवन में विधायक प्रतिनिधि के चैंबर का उद्घाटन किया गया, ताकि प्रखंड के विभिन्न गांव से प्रखंड कार्यालय आने वाले कार्यकर्ता तथा आम जनों के सहयोग के लिए विधायक प्रतिनिधि बैठकर उनके कार्यों में सहयोग कर सके। प्रखंड प्रतिनिधि डॉ. लालमोहन ने कहा कि विधायक व कार्यकर्ताओं व आम जनों के बीच का कड़ी बनकर विधायक के स्तर के कार्यों को कराने तथा उन तक पहुंचाने में सहयोग करेंगे। मौके पर किसान प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष उदय मेहता, हरेंद्र कुमार द्विवेदी, रुपू महतो, मनोज जायसवाल, रविंद्र प्रसाद वर्मा, प्रदीप पासवान, रामाकांत गुप्ता, अमित कुमार, अभय कुमार, विजय प्रसाद, चंद्रमणि पाठक, धनंजय शर्मा, दिलीप मेहता, लक्ष्मी पांडे, शंकर यादव, राधेश्याम यादव, वीरेंद्र चौधरी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

### नाबालिक को भगाने का आरोपी गुजरात से गिरफ्तार

**बरडीहा।** (गढ़वा) थाना क्षेत्र से एक नाबालिक लड़की को भगा ले जाने के जुर्म में पुलिस ने एक युवक को गुजरात से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार गढ़वा जिला अंतर्गत नगर ऊंटारी थाना क्षेत्र के पिपरडीह गांव निवासी अलखराम के 21 वर्षीय पुत्र प्रमोद राम को गुजरात राज्य के बलसाड़ जिला से गिरफ्तार किया गया है। थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र से एक नाबालिक लड़की को अपहरण कर लिया गया था। नाबालिगों के परिजनों द्वारा आवेदन दिया गया था। आवेदन के आलोक में थाना में मामला दर्ज था।

## शॉट सर्किट से मुर्गी फॉर्म जलकर खाक



**नवीन मेल संवाददाता**

**रमना।** मड़वनिया गांव निवासी मुकेश मेहता के मुर्गी फार्म में शॉट सर्किट से आग लग जाने से पांच लाख रुपए की संपत्ति जलकर खाक हो गई। सोमवार दोपहर तीन बजे मुकेश मेहता मुर्गियों को दाना दे रहे थे। उस वक्त हुए शॉट सर्किट के कारण एलटी तार टूटकर मुर्गी फार्म पर जा गिरा। जब तक बिजली काटी जाती तब तक मुर्गी फार्म और उसमे मौजूद 1300 सौ मुर्गी का चुजा पूरी तरह जलकर खाक हो चुका था। इस दौरान मुर्गी फार्म में मौजूद मुकेश मेहता अपनी पत्नी चंदा देवी और दुधमुंहा बच्चा युवान के साथ जान बचाकर भागने में सफल रहे। अग लगी की इस घटना में मुर्गी फार्म और उसमे मौजूद 1300 सौ चुजा के अलावा ,मुर्गी का दाना ,सबमर्सिबल, सोलर प्लेट, बैट्री सहित अन्य रोजमर्रा की चीजे जलकर खाक हो गई है। पीड़ित मुर्गी पालक के अनुसार इस घटना में उन्हें पांच लाख रूपए का आर्थिक नुकसान हुआ है।

## चुनाव हारना कोई अंत नहीं, नई शुरूआत है: पूर्व मंत्री

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने चुनाव हारने के बाद भी जनता से जुड़े रहने का अपना वादा निभाया। वह गढ़वा जिले के चिनियां प्रखंड पहुंचे। वहां वह स्थानीय लोगों से मुलाकात की। जनता ने उनका स्वागत किया। उन्होंने विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। इस दौरान चिनिया प्रखंड क्षेत्र के तीन शादी समारोह और एक भोज कार्यक्रम में भी शामिल हुए। जिसमें सीदे गांव निवासी सुरेश कोरवा के पुत्र की शादी समारोह में पहुंचे, फिर रनपुरा गांव निवासी मनोज बैठा की बेटी की शादी, खूरी पंचायत मुखिया समुद्री देवी पति उदय भुइयां की बेटी की शादी समारोह में पहुंच कर वर वधु को आशीर्वाद दिया। इसके बाद चिनियां निवासी स्वर्गीय अकलू यादव के शोक संतप्त परिवार के मृत्यु भोज में शामिल हुए। मौके पर पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि चुनाव हारना कोई अंत नहीं, बल्कि नई शुरूआत है। वह हमेशा गढ़वा के जनता के बीच रहेंगे और उनकी सेवा करते रहेंगे। चुनाव हारा हूं हिम्मत नहीं। सेवा में कोई कमी नहीं आने देंगे। मौके पर जिला परिषद सदस्य बनारसी सिंह, प्रखंड अध्यक्ष अरविंद यादव, मोहम्मद फरीद, रामसागर यादव, भोला सिंह खरवार, प्रखंड20 सूत्री अध्यक्ष मंगरु सिंह, बंशीधर यादव सहित अन्य मौजूद थे ।



## एक दिवसीय अभिमुखीकरण शिविर का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**चिनियां।** प्रखंड मुख्यालय क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत हेताड कला पंचायत भवन में सहभागिता शिक्षण केंद्र के तत्वावधान में एक दिवसीय ग्राम पंचायत विकास योजना व पंचायती राज संस्थान के सदस्यों का अभिमुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में पंचायत प्रतिनिधियों, ग्रामीणों और संबंधित अधिकारियों ने भाग लिया। प्रशिक्षकों के महत्व, योजना निर्माण की प्रक्रिया और स्थानीय विकास में उनकी सदस्यों की भूमिका पर विस्तृत जानकारी दी गई। अभिमुखीकरण के दौरान पंचायत प्रतिनिधियों को बताया गया कि वह अपने क्षेत्र की आवश्यकताओं के अनुसार योजनाओं का निर्माण करें और विकास कार्यों में जनभागीदारी को प्राथमिकता दें। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित जनों ने अपने अनुभव साझा किए और पंचायत विकास को लेकर संकल्प लिया। मौके पर पिएफ लव चंद्रवंशी, शकुंतला कुमारी, सत्येंद्र सिंह, रमाकांत सिंह, जयंती देवी, सीआरपी हेताडकला मुखिया चिंता देवी पंचायत सेवक अशोक राम, अरुण कुमार सिंह, संतोष कुमार यादव, संतोष प्रसाद गुप्ता, सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### खरौंधी में आठवीं बोर्ड परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न

**खरौंधी (गढ़वा)।** झारखंड अधिविध परिषद के तहत आयोजित आठवीं बोर्ड परीक्षा सफलता पूर्वक संपन्न हो गई। परीक्षा में कुल 1251 पंजीकृत छात्रों में से 1228 छात्र उपस्थित रहे, जबकि 23 छात्र अनुपस्थित रहे। परीक्षा के लिए प्रखंड में स्तरोन्नत उच्च विद्यालय राजी, परियोजना उच्च विद्यालय तोरेलावा, मध्य विद्यालय बजरमरवा और मध्य विद्यालय अमरोरा को केंद्र बनाया गया था। परीक्षा सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक चली, जिसमें हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, विज्ञान, गणित और सामाजिक विज्ञान विषयों की परीक्षा ली गई। स्तरोन्नत उच्च विद्यालय राजी के केंद्राधीक्षक दीनानाथ त्रिपाठी ने बताया कि परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा को कदाचार मुक्त बनाने के लिए सभी कक्षों में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे और छात्रों को जांच के बाद ही प्रवेश दिया गया। परीक्षा के दौरान सीसीटीवी से सतत निगरानी की गई। इस दौरान आलोक चौबे, देवाशीष चौबे, सावित्री कुमारी, जमाल उद्दीन, आनंद गुप्ता, मदन राम, शिवजी केसरी सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

## प्रदर्शनी | समूह निर्मित पलाश, हर्बल गुलाल व झारखंडी मिठाइयों को प्रदर्शित किया

# उपायुक्त व आरक्षी अधीक्षक ने किया पलाश मार्ट का उद्घाटन



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** समाहरणालय परिसर में सोमवार को जेएसएलपीएस की ओर से संचालित पलाश मार्ट में पलाश हर्बल गुलाल बिक्री-सह-प्रदर्शनी केंद्र का उद्घाटन जिला उपायुक्त शेखर जमुआर और पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय ने संयुक्त रूप से किया। यह प्रदर्शनी सह बिक्री होली के मद्देनजर 13 मार्च तक रहेगा। प्रदर्शनी में समूह के दीदी द्वारा निर्मित पलाश हर्बल गुलाल और झारखंडी मिठाइयों को प्रदर्शित किया गया। हर्बल अबीर व गुलाल में अरारोट, गेंदा फूल, हल्दी और पलाश फूल का प्रयोग किया जा रहा है। उसका त्वचा पर कोई प्रतिकूल असर नहीं पड़ता। यह होली के त्योहार को और भी रंगीन और सुरक्षित बनाता है। पलाश हर्बल गुलाल विभिन्न रंगों में उपलब्ध है। उक्त अवसर पर उपायुक्त ने झारखंडी व्यंजन जैसे रागी का लड्डू, गुड का लड्डू, खजूर का स्वाद लेते हुए और पलाश हर्बल गुलाल की सराहना की। पलाश हर्बल गुलाल बिक्री सह प्रदर्शनी केंद्र के उद्घाटन कार्यक्रम के मौके पर उपरोक्त के अलावे जनसम्पर्क पदाधिकारी नीरज कुमार, डीपीएम जेएसएलपीएस विमलेश कुमार शुक्ला, सदर बीपीएम शिव उपाध्याय, शेखर सत्य केतु, प्रखंड के स्टाफ और दीदी कैफे की दीदी सहित अन्य मुख्य रूप से उपस्थित रहे।


## जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका)–सह–उपायुक्त का कार्यालय, चतरा।

दुरभाष : 06541-223034(O), 253033(R), 252310(Fax), ई–मेल : dc-cha@nic.in

### आम–सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका (आम) निर्वाचन 2025 की तैयारी हेतु चतरा जिलान्तर्गत अवस्थित चतरा नगर परिषद (वर्ग–ख), के लिए राज्य निर्वाचन आयोग, झारखण्ड, राँची के निदेशानुसार संबंधित प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रवार (वार्डवार) उस वार्ड के लिए चयनित मतदान केन्द्रों के अनुसार मतदाता सूची तैयार की गयी है, जिसका प्रारूप प्रकाशन निम्न विवरण अनुसार किया गया है:–

| नगरपालिका का नाम | प्रारूप प्रकाशन की तिथि | निरीक्षण हेतु समय एवं स्थानों का नाम, जहाँ मतदाता सूची (प्रारूप) रखी गयी है। | दावा एवं आपत्ति देने की अंतिम तिथि | दावा/आपत्ति प्राप्त करने एवं उनके निष्पादन कार्य हेतु जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) के स्तर से पदाधिकारी का ब्यौरा (नाम, पदनाम, कार्यालय आदि) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
| चतरा नगर परिषद् (वर्ग–ख) | 10.03.2025 | समय :– प्रातः 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक। स्थान – जिला निर्वाचन कार्यालय, चतरा, अनुमण्डल कार्यालय चतरा, प्रखण्ड कार्यालय,चतरा नगर परिषद, कार्यालय चतरा एवं सभी अभिहित स्थलों पर। | 11.03.2025 से 20.03.2025 तक | श्री हरिनाथ महतो, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, चतरा। प्रखण्ड कार्यालय, चतरा। एवं सुश्री विनिता कुमारी, प्रशासक, नगर परिषद् चतरा नगर परिषद् कार्यालय, चतरा। |

प्रारूप प्रकाशन की अवधि में संबंधित नगरपालिका क्षेत्र में निवास करने वाले वैसे व्यक्ति, जिन्हें मतदाता सूची में प्रविष्ट किये गये अपने विवरण अथवा निवास स्थान संबंधी कोई आपत्ति हो तो वे क्रमशः प्रपत्र 'क' (परिशिष्ट–1) एवं 'ख' (परिशिष्ट–2) में अपनी आपत्ति कॉलम 5 में प्राधिकृत पदाधिकारी के समक्ष अथवा उनके द्वारा प्रतिनियुक्ति पर्यवेक्षक/कर्मी को समर्पित कर सकते है। आवेदक द्वारा प्रपत्र–क एवं प्रपत्र–ख में किये गये दावा/आपत्ति की सुनवाई हेतु निर्धारित स्थान एवं तारीख की सूचना परिशिष्ट–3 में आवेदक को कॉलम '5' में निदिष्ट कार्यालय स्तर से आवेदन पत्र की प्राप्ति के समय उपलब्ध कराया जायेगा। प्रारूप मतदाता सूची का अवलोकन जिला के वेबसाईट https://chatra.nic.in पर भी किया जा सकता है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका), –सह–उपायुक्त, चतरा।

PR 348273 Election(24-25)D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता, प्रमण्डल, लातेहार।

### अति–अल्प कालीन निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा सूचना सं0– DWSD/LTR/ST-SC –WSS-17/2024-25 दिनांक 10.03.2025

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | विभाग का नाम | :– | पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखण्ड। |
| 02 | परिमाण विपत्र विक्री की अंतिम तिथि | :– | 15.03.2025 अपराहन 03.00 बजे तक। |
| 03 | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | :– | 17.03.2025 अपराहन 03:00 बजे तक। |
| 04 | निविदा जमा करने का स्थान | :– | 1. कार्यपालक अभियंता, का कार्यालय पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल लातेहार। 2. सहायक अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमंडल लातेहार। |
| 05 | निविदा खोलने की तिथि एंव समय | :– | 17.03.2025 अपराहन 04.00 बजे । |
| 06 | निविदा आमंत्रित करने का पदाधिकारी का नाम एवं पदनाम | :– | ई0 दीपक कुमार महतो कार्य0 अभियंता, पेयजल एवं स्व0 प्रमंडल लातेहार। |
| 07 | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का मो0 न0 | :– | 9199154542 – 6201242103 |

**Detail of work;-**

| Sl No | Name of work | No of Scheme | Estimated Cost | Earnest Money | Cost of Boq | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Const. Of water Supply Arrangement in Adim Janjati Residential Boys Primary School Auratanr Manika. | 01 | 469607.00 | 10000 | 500 | 30 Days |
| 2 | Const. Of water Supply Arrangement in ST Residential Girl Primary School Neterhat. | 01 | 469607.00 | 10000 | 500 | 30 Days |
| 3 | Const. Of water Supply Arrangement in ST Residential Boys Middle School Chhipadohar. | 01 | 469607.00 | 10000 | 500 | 30 Days |

1. Estimated Cost & EMD coat may Be Changed
2. Further details can be seen on notice board of Office
3. Only Registerd Contractor in this Department in (Appropritate Class) Participate in said Tender.

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल लातेहार।

PR.NO.348292 Drinking Water and Sanitation(24-25):D

### मनरेगा में पेंडिंग योजनाओं को शीघ्र पूरा करने का निर्देश

# योजनाओं के क्रियान्वयन में वित्तीय अनियमितता बर्दाश्त नहीं : उपायुक्त

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में सोमवार को जिला ग्रामीण विकास शाखा व 15 वें वित्त द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की गति व धरातल पर हो रहे कार्यों की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अबुआ आवास, मिट्टी मोरम रोड, पोटो हो खेल योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, बिरसा कूप संवर्धन योजना, मानव दिवस, बिरसा हरित ग्राम योजना, जॉब कार्ड वेरीफिकेशन, एरिया ऑफिसर एप, रिजेक्टेड ट्रांजैक्शन, एनआरएम एक्सपेंडिचर, सोशल ऑडिट, जिओ टैगिंग एवं मनरेगा की विस्तार पूर्वक समीक्षा की गई। प्रखंड विकास पदाधिकारियों को ग्रामीण विकास से जुड़े कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण (2016-2022 से 2024-25) व बाबा साहब भीमराव आंबेडकर आवास योजना 2016-2017, 2023-2024 तक के पूर्ण-अपूर्ण कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। संबंधित प्रखंडों के प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों को कड़े शब्दों में शेष बचे कार्यों को जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। इस क्रम में सभी बीडीओ को लंबित योजनाओं में अगले 20 दिनों में प्रगति रिर्पोट लाने का निर्देश दिया गया। अबुआ आवास योजना अंतर्गत लंबित आवासों का निर्माण कार्य पूर्ण कराने के अलावा प्रथम व द्वितीय किश्त के भुगतान कार्य में गति लाने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने स्पष्ट कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की वित्तीय अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बिरसा हरित ग्राम योजना, तालाब एवं कुआं निर्माण आदि से संबंधित प्रगति प्रतिवेदन की समीक्षा कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। साथ ही योजनाओं के लंबित जिओ टैगिंग को शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया। मनरेगा योजना की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने वैसे सभी योजनाओं जो वर्षों से पेंडिंग पड़े हुए हैं, उन्हें अविलंब पूर्ण कराने, मानव दिवस सृजन में प्रगति लाने व संबंधित पंचायत अंतर्गत लंबित पोटो हो खेल मैदान सहित अन्य योजना को निर्धारित समय तक पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही 15 वीं वित्त आयोग की राशि से संचालित योजनाओं की जानकारी ली गई। बैठक में विस्तृत रूप से प्रखंडवार संचालित योजनाओं की जानकारी ली गई व अविलंब अपूर्ण योजनाओं को पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। बैठक में डीआरडीए निदेशक प्रभात रंजन चौधरी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी श्रेयांश, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, संबंधित पदाधिकारी, बीपीओ उपस्थित थे।




# पुलिस ने जेजेएमपी उग्रवादी के घर इश्तेहार चिपकाया

नवीन मेल संवाददाता

**बालूमाथ।** पुलिस ने जेजेएमपी के फरार आरोपी सुदेश गंझू उर्फ प्रभात जी पिता जगदेव गंझू ग्राम लक्ष्मीपुर डोकर थाना बालूमाथ जिला लातेहार के घर रविवार को इश्तेहार चिपकाया। यह जानकारी बालूमाथ थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि बालूमाथ थाना में नामजद आरोपी प्राथमिक सुदेश गंझू के घर न्यायालय द्वारा निर्गत इश्तेहार को विधिवत दो स्वतंत्र गवाह के समक्ष आरोपी के घर के बाहर दीवार पर चिपका दिया गया है। उसके परिजनों को निर्देश दिया गया है कि वे सुदेश गंझू को न्यायालय में एक माह के अंदर आत्म समर्पण नहीं करा दें। साथ ही एक अन्य बालूमाथ थाना में नामजद अरोपी सीएलए एक्ट प्राथमिक अभियुक्त सुदेश गंझू उर्फ प्रभात जी व अजीत गंझू उर्फ पालेंद्र जी पिता दर्शन गंझू के घर का बारी बारी से विधिवत कुर्की जब्ती की गई। दोनों ही उग्रवादी संगठन जेजेएमपी के सदस्य हैं। दोनों वर्षों से फरार चल रहे हैं। मौके पर बालूमाथ मुरपा पिकेट प्रभारी पुअनि होसेन डांग के साथ सशस्त्र पुलिस बल के जवान शामिल थे।

## 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ कलश यात्रा के साथ शुरू

**बालूमाथ।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शाखा बालूमाथ के माध्यम से शेरेगड़ा में चार दिवसीय 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ की शुरूआत कलश यात्रा से हुई। यज्ञ के प्रथम दिन सैकड़ों की संख्या में महिला बच्चे सिर पर कलश रखकर शोभा यात्रा में शामिल हुए। यज्ञ स्थल से गाजे बाजे के साथ भारत माता की जय, गायत्री माता की जय और हम बदलेंगे युग बदलेगा के जय घोष के साथ चेटर नदी में जल भरकर जनकल्याण की भावना से ओत प्रोत विश्व वसुधा के कल्याण की कामना करते हुए सभी सैकड़ों महिलाएं, युवा और समाज के सभी उम्र वर्ग के लोग यज्ञ स्थल तक पहुंचे। 10 मार्च से शुरू हुई यज्ञ 13 मार्च तक चलेगा। बता दें कि यज्ञ के संचालन के लिए गायत्री तीर्थ, शांतिकुंज हरिद्वार, उत्तराखंड से पांच सदस्य टोली शेरेगड़ा यज्ञ स्थल पहुंची है। इससे पहले डकरा खलारी रांची, और गायत्री शक्तिपीठ चंदवा टोली नायक भोला , देवेन्द्र प्रसाद, सुनील कुमार ने यज्ञ के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यज्ञ सत्प्रवृत्ति संवर्धन और दुष्ट प्रवृत्ति उन्मूलन के उद्देश्य से है।

# न्यूज बॉक्स

## भारतीय क्रिकेट टीम की जीत पर चंदवा में मना जश्न

**चंदवा।** चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल मुकाबले में भारतीय क्रिकेट टीम की शानदार जीत पर देर रात चंदवा में जश्न का माहौल रहा। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में जमकर आतिशबाजी हुई। भारतीय टीम की जीत की खुशी में क्रिकेट प्रेमी अपने घरों से बाहर निकल आए और घंटों तक जमकर झूमे। वहीं युवाओं ने बाइक रैली निकाल कर तिरंगा लहराया और भारत माता की जय के नारे लगाए। ज्ञात हो कि चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल मैच में भारत ने न्यूजीलैंड को चार विकेट से हराकर ट्रॉफी अपने नाम किया। इस जीत के साथ भारत ने 12 साल बाद इस ट्रॉफी को अपने नाम किया।

## पुलिस ने 14 एकड़ में लगे अवैध पोस्ता की खेती की नष्ट

**बारियातू।** पुलिस ने सोमवार को थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार की नेतृत्व में एक विशेष अभियान चलाकर थाना क्षेत्र के बालूभांग पंचायत अंतर्गत ग्राम जवाबार टोला रानीदह के अमानत नदी के किनारे लावालौग थाना क्षेत्र के सीमावर्ती क्षेत्र मे करीब 14 एकड़ में लगे अवैध पोस्ता की फसल को नष्ट किया गया। बारियातू पुलिस ने लाठी, डंडों, ट्रैक्टर, ग्रास कटर से काटकर कर नष्ट किया। थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार ने बताया कि पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी विनोद रवानी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी दल का गठन कर बालूभांग पंचायत क्षेत्र के जवाबार टोला, रानीदह के जंगल में लगे अवैध पोस्ता की फसल को नष्ट किया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि इस धंधा में जुड़े व करोबार करने वाले व्यक्तियों को किसी हाल से नहीं बख्शा जायेगा। दोषियों को चिन्हित कर कार्रवाई की जायेगी। इसके पूर्व भी लगातार कार्रवाई कर पोस्ता खेती को नष्ट किया गया। अभियान में बारियातू थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## कैलाश धाम मेला में होली मिलन समारोह का आयोजन

**मयूरहंड (चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र का प्रसिद्ध कैलाश धाम परिसर में सोमवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का आयोजन कैलाश धाम विकास समिति द्वारा आयोजित की गई। समारोह में आए अतिथियों को कैलाश धाम विकास समिति के अगुवा सह भाजपा नेता कमलेश सिंह ने गुलाल लगाकर स्वागत किया। मिलन समारोह में मयूरहंड, इटखोरी, चौपारण, कान्हाचट्टी बरही,हजारीबाग क्षेत्र के संगीत प्रेमियों,समाज सेवियों बुद्धिजीवियों ने भाग लिया। जहां होली गीत पर उपस्थित लोगों ने झुमा। कैलाश धाम परिसर में महाशिवरात्रि के अवसर पर 15 दिवसीय बर्तन मेला का आयोजन किया गया है। जिसमें झारखंड, बिहार, कोलकाता के बर्तन व्यवसाई दुकान लगाए हैं। मौके पर दयानंद सिंह, निलेश सिंह, किंकर सिंह के अलावा बेला, परोरीया, नजिरगंज,बडगांव आदि गांवों के दर्जनो संगीत प्रेमी उपस्थित थे।

## सम्मानित की गई साजदा खातुन

**चंदवा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत लाधुप के रहने वाले समाज सेवी इस्तियाक खान उर्फ पप्पन खान की पत्नी शिक्षिका साजदा खातुन को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने को लेकर महिला दिवस पर प्रगतिशील महिला सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की भी मौजूद थी। ज्ञात हो कि साजदा खातुन वर्तमान समय में चान्हो प्रखंड के बिडरा राजकीय कृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय में बतौर शिक्षिका कार्यरत हैं। साजदा खातुन को उत्कृष्ट सम्मान मिलने पर उनके सहयोगियों समेत उनके सगे संबंधियों ने उन्हें मुबारकबाद दी है।

## होली के बाजार में उमड़ी भीड़, जाम की स्थिति

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड मुख्यालय के मुख्य चौक पर साप्ताहिक बाजार सोमवार को होली की खरीदारी को ले भीड़ उमड़ पड़ी। इस दौरान जाम सा दृश्य बना रहा। हजारीबाग-चतरा भाया गिद्धौर कटकमसांडी सड़क घंटो जाम रहा। इस दौरान राहगीरों के साथ बाजार में आए खरीदारों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। बताया जाता है कि साप्ताहिक बाजार सोमवार को ग्रामीणों ने कोल वाहन के आवागम पर संध्या तीन बजे से आठ बजे तक नो इंट्री लगाने की लगातार मांग कर रहे हैं, परंतु अधिकारियों का ध्यान नहीं है।

## डॉ.भीमराव अंबेडकर जयंती मनाने के लिए कमेटी गठित

**बालूमाथ।** प्रखंड मुख्यालय स्थित आंबेडकर नगर में सोमवार को डॉ. भीमराव आंबेडकर का 134वीं जयंती मनाने को लेकर मनोज यादव की अध्यक्षता बैठक हुई। बैठक में सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ जयंती धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए कमेटी का गठन किया गया। संजय कुमार रवि को अध्यक्ष, तुलसी राम, दीपक यादव, बिनोद भुइंया, दिलीप रजक, धर्मजीत भुइंया, उपाध्यक्ष, बाबूलाल राम सचिव, उपसचिव बह्मदेव राम कोषाध्यक्ष, रवि कुमार रजक, महासचिव गोपाल राम, संरक्षक सुरेश राम, प्रीतलाल यादव, अजित कुमार नरेश लोहरा, बीरेन्द्र यादव, बालकेश्वर राम, मीडिया प्रभारी राम कुमार भुइयां को बनाया गया। अगली बैठक 16 मार्च को सुबह सात बजे आंबेडकर नगर हाई स्कूल के पीछे रखा गया है।

# एमओ ने डीलर व लाभुकों के संग की बैठक, दिए निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

**मयूरहंड (चतरा)।** खाद्य सार्वजनिक वितरण व उपभोक्ता विभाग के निर्देश पर मयूरहंड प्रखंड कार्यालय सभागार में सोमवार को प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रभारी एमओ जेम्स पन्ना के अलावा डीलर व लाभुक शामिल हुए। एमओ ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना 2016 व झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना 2021 से संबंधित डीलरों एवं लाभुकों को विस्तार पूर्वक जानकारी दी। सरकार की मुख्य योजना नमक, चीनी, हरा राशन कार्ड, दाल व सोना सोबरन धोती साड़ी योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही सभी डीलर को वैसे कार्डधारी को चिन्हित कर नाम देने को कहा गया, जो राशन उठाने योग्य नहीं है। साथ ही शत प्रतिशत ई-केवाईसी कराने, समय पर लाभुकों निर्धारित मात्रा में राशन देने का निर्देश दिया। उन्होंने अयोग्य कार्डधारियों को स्वतः अपना कार्ड जिला में सरेंडर करने की बात कही, नहीं तो कार्रवाई की जायेगी। इस दौरान डीलर संघ अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार सिंह ने एमओ को डीलरों की परेशानियों से अवगत कराया। कहा कि प्रखंड क्षेत्र में दर्जनो डीलर ऐसे हैं जिनका प्रधानमन्त्री गरीब अन्न योजना की कमीशन अभी तक नहीं आया है। साथ ही निःशुल्क अनाज वितरण का भी कमीशन डीलरों को समय पर नहीं मिलता है। जिसके कारण डीलरों के समक्ष परेशानी उत्पन्न हो रही है। एमओ ने डीलरों की समस्याओं को वरीय पदाधिकारी को अवगत कराते हुए जल्द से जल्द समस्याओं को समाधान का आश्वासन दिया। मौके पर सीताराम सिंह, श्माम सिंह, रामरक्षा सिंह, बाबुलाल दांगी, राम अधीन यादव,सत्येद्र सिंह के अलावा अन्य डीलर एवं लाभुक उपस्थित थे।

# संगठन की मजबूती के लिए कार्यकर्ता मेहनत करें : बैद्यनाथ राम

नवीन मेल संवाददाता

**बालूमाथ।** संगठन के सिद्धांत के अनुरूप कार्य करने से संगठन मजबूत होगा। संगठन की मजबूती के बल पर ही पार्टी अपने दम पर सरकार बनाने की स्थिति में पहुंच पाएगी। उक्त बातें झामुमो के केंदीय उपाध्यक्ष लातेहार के पूर्व विधायक सह पूर्व शिक्षा मंत्री बैजनाथ राम ने सोमवार को बालूमाथ स्थित होटल प्रतीक्षा के सभागार में आयोजित झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड सम्मेलन को बतौर मुख्य अतिथि कही। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए कार्यकर्ता मेहनत करें। पार्टी मेहनत करने वाले कार्यकर्ताओं को सम्मान देने का काम करेगी। जिला संयोजक प्रमुख लाल मोती नाथ शहदेव ने कहा कि झामुमो माटी की पार्टी है। कार्यकर्ता पार्टी की नीतियों के साथ हमेशा खड़ा रहा है। संयोजक मंडल के सदस्य शमशुल होदा ने कहा कि झामुमो की नीति सबों को साथ लेकर चलने की रही है झामुमो नेता जुनैद अनवर ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं ने पूरी तन्मयता से पार्टी की मजबूती के लिए कमर कस चुके हैं। सांगठनिक चुनाव पर विस्तार से चर्चा की गई। बालूमाथ प्रखंड के 13 पंचायतों में 15 सदस्यीय पंचायत कमेटी गठित किए जाने की सूचना व सूची कार्यकर्ताओं के समक्ष रखा गया। सम्मेलन में मनोज यादव ने भाजपा छोड़कर झामुमो का दामन थाम लिया। बैजनाथ राम ने पार्टी का पट्टा व सदस्यता रसीद देकर पार्टी में शामिल कराया। संचालन मो. इमरान ने किया। मौके पर जिप सदस्य विनोद उरांव, वारिश अंसारी, प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष नागदेव उरांव, प्रखंड संयोजक मंडल के ऐश्वर्य उरांव, प्रदीप गंझू, औरंगजेब खान, रीना उरांव, सीता उरांव, फूलमणि देवी, गुडी देवी, देवंती देवी, बृजलाल गुप्ता, साबिर अंसारी, मुनाजिर हुसैन, डॉ प्रभात मिंज, ननकू साव, राजेश यादव, संजीत लाल शहदेव, अबुल भाई, माइकल कुजूर, गुंदू उरांव, इनामुल अंसारी, कपिलदेव उरांव, परमेश्वर गंझु, मो हाफिज सरफराज अंसारी समेत सैंकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे धन्यवाद ज्ञापन उदय उरांव ने किया।



## सीआइएसएफ ने एनटीपीसी में मनाया 56 वां स्थापना दिवस

**टंडवा (चतरा)।** नार्थ करनपुरा सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट (एनकेएसटीपीपी) टंडवा इकाई के परिसर में सोमवार को स्थित उड़ान स्टेडियम में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बलों (सीआइएसएफ) ने अपने 56वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास पूर्वक मनाया। कार्यक्रम में मौजूद बतौर मुख्य अतिथि परियोजना प्रमुख एसके सुवार मौजूद रहे। सीआइएसएफ के झंडे को फहराकर सलामी दी। वहां यूनिट के सेवा, उदारता और समर्पण की सराहना किया। उन्होंने अपने दायित्वों को कुशलतापूर्वक निर्वहन करने वाले सीआइएसएफ के आरक्षक बीएन कुमार को आंतरिक सुरक्षा पदक देकर सम्मानित किया। सीआइएसएफ यूनिट के डिप्टी कमांडेंट (डीसी) पीएस श्रीजिथ ने भरपूर उत्साहवर्धन किया। मौके पर प्रोजेक्ट एजीएम एचआर नीरज रॉय, सीआइएसएफ के परेड कमांडर सह उप निरीक्षक देवचंद जटोलिया, निरीक्षक अग्निशमन राजेश दुबे, उप निरीक्षक प्रेमनाथ गुप्ता, उप निरीक्षक अनुज कुमार, प्रधान आरक्षक संजीव सुमन, परियोजना के हितधारकों समेत सुरक्षा बल के सभी जवान मौजूद थे।

## मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों ने सरकार को सराहा, विधवा व बुजुर्ग महिलाओं ने जताई नाराजगी

**कुंदा (चतरा)।** मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों ने होली पर्व के अवसर पर सरकार से मिले 7500 रुपये उपहार पर वर्तमान झारखंड सरकार की प्रशंसा की है, लेकिन विधवा और बुजुर्ग महिलाओं ने नाराजगी जताई है। उनका कहना है कि यह सरकार की कैसी महिला सशक्तिकरण है, जहां विधवाओं को होली का उपहार में एक हजार रुपये दिया जाता है, तो वहीं परिवार से परिपूर्ण महिलाओं को 7500 सौ रुपया मिलता है। विधवा महिलाओं ने सरकार से अपील की है कि वह उनकी स्थिति को समझें और उन्हें समान रूप से लाभ प्रदान करें। उन्होंने कहा कि विधवा के साथ सरकार अन्याय कर रही है। उन्हें कम पैसे दिए जा रहे हैं, जबकि उनका कोई सहारा नहीं है। इसके अलावां मंईयां समान योजना के कई लाभुकों ने भी नाराजगी जताई है कि उनके खाते में इस बार पैसा नहीं आया है, जिससे उनकी होली फीकी पड़ जाएगी। उन लोगों ने कहा है कि सरकार को ऐसा नहीं करना चाहिए, सभी महिलाओं को एक साथ पैसे देना चाहिए।

## झामुमो के बनहरदी पंचायत अध्यक्ष बने राजकुमार ठाकुर

**चंदवा।** झामुमो जिलाध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव के निर्देश पर प्रखंड के विभिन्न पंचायत में पंचायत कमेटी का गठन किया जा रहा है। इस कड़ी में झामुमो नेता मनोज कुमार चौधरी के नेतृत्व में बनहरदी पंचायत में झामुमो कार्यकर्ताओ की बैठक आहूत की गई। बैठक में सर्वसम्मति से बनहरदी पंचायत स्तरीय कमेटी का गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष के रूप में राजकुमार ठाकुर,सचिव हीरेन्द्र उंराव,उपाध्यक्ष रविंद्र यादव,कोषाध्यक्ष के पद पर अस्मिता देवी का चयन किया गया। मनोज चौधरी ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि पार्टी की मजबूती के लिए जो दायित्व सौंपा गया है उसे पार्टी के हित में पूरी ईमानदारी के साथ निभायेंगे। उन्होंने आगे कहा कि राज्य का विकास अगर कोई कर सकता है तो वह एक मात्र पार्टी है झामुमो। समिति के सदस्य के रूप में संदीप उंराव,शंखु यादव,जयराम उंराव,जागेश्वर उंराव,छोटू उंराव,विजय कुमार सिंह,मुमताज अंसारी,गीता देवी, सरिता देवी,संगीता देवी यशोमति उंराव का चयन किया गया है। मौके पर नन्दलाल साहु समेत कई लोग मौजूद थे।

## चैंपियन ट्रॉफी की जीत पर मना जश्न

**गिद्धौर (चतरा)।** इंडिया के चैंपियन ट्रॉफी जीतने पर खेल प्रेमियों ने रविवार के देर रात जमकर जश्न मनाया। फाइनल मुकाबले में न्यूजीलैंड की टीम को चार विकेट से हराकर चैंपियन ट्रॉफी की जीत दर्ज किया। भारत ने जैसे ही जीत दर्ज हुई वैसे ही पूरे प्रखंड में खेल प्रेमियों ने आतिशबाजी कर होली दीवाली एक साथ मनाया। खेल प्रेमियों ने टीम के कप्तान रोहित शर्मा के साथ पूरे टीम के अन्य सदस्यों को जीत की बधाई दी। खेल प्रेमियों ने कहा चैंपियन ट्रॉफी की जीत रंगो का त्यौहार होली में और जश्न भर दिया। मुखिया निर्मला देवी, पूर्व मुखिया राजेश कुमार उर्फ राजू, कपिल कुमार,मनोज कुमार कुशवाहा, बंसी दागी, लक्ष्मण दागी, ब्रजेश कुमार सिन्हा, बबलू कुमार साव, आमिर दांगी, युवा व्यवसायी आशीष कुमार, मिथिलेश कुमार राय उर्फ बड़कू, सरोज सिंह, चंदन कुमार, जिला अध्यक्ष क्रिकेट एसोसिएशन विनय सिंह सहित काफी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद थे।

# महिलाएं हर जगह सम्मान की हकदार हैं : इग्नेशिया केरकेट्टा

नवीन मेल संवाददाता

**महुआडांड़।** प्रखंड के जिला परिषद डाकबंगला में 10 मार्च को महुआडांड़ नारी जागृति संघ के बैनर तले महिला दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नारी जागृति संघ की अजीता तिग्गा ने की। कार्यक्रम में महिला जागरूकता, महिला सशक्तिकरण की भावना से विभिन्न संस्थाओं की ओर से संगोष्ठी, नाटक का मंचन के साथ सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कई वक्ताओं ने कहा कि महिलाओं के लिए चुनौतियां बहुत हैं। एकजुट होकर महिला सशक्तीकरण की दिशा में आगे बढ़ने की जरूरत है। एकजुट व एकता के बल पर चुनौतियों को पटकनी देकर आगे बढ़ा जा सकता है। मौके पर पूर्व जिप सदस्य इग्नेशिया केरकेट्टा ने कहा कि महिला, स्त्री, नारी, औरत शब्द कुछ भी हो, मां, बहन, बेटी, पत्नी रिश्ता कोई भी हो वह हर जगह सम्मान की हकदार है। चाहे वह शिक्षक,वकील डॉक्टर, पत्रकार,सैनिक सरकारी कर्मी,इंजीनियर जैसे किसी पेशे में हों या फिर गृहिणी ही क्यों न हो। समानता का अधिकार उन्हें भी उतना ही है, जितना की पुरुषों का है। कार्यक्रम में महिला वक्ताओ ने महिलाओ की राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक सहित विभिन्न क्षेत्रों में भागीदारी बढ़ाने और अधिकारों के प्रति जोर दिया। साथ ही जागरूक रहने की बात कही। इस अवसर पर महिलाओं ने मांगे से ना मिले अधिकार, सजग हो जाओ बहनो गीत की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम से पूर्व महिलाओं द्वारा जिला परिषद डाक बंगला से शास्त्री चौक,बस स्टैंड होते हुए रामपूर चौक, बिरसा चौक पर माल्यार्पण करते वापस डाक बंगला तक पहुंचे। पूर्व जिप सदस्य इग्नेशिया केरकेट्टा के नेतृत्व में जूलूस निकाला गया। मौके पर जिला परिषद एस्टेला नगेशिया,ग्रेस तिग्गा, पंचायत समिति निर्मला टोप्पो ,प्रखण्ड के सभी मुखिया , डॉ एके शाह, जसिंता कच्छप, अजीत पाल कुजूर ,आंगनबाड़ी सेविका, जल सहिया समेत विभिन्न गांव की महिलाए भारी संख्या मे मौजूद थे।


**कार्यालय, जिला ग्रामीण विकास शाखा, सिमडेगा**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारन्टी अधिनियम अन्तर्गत, सिमडेगा जिला में जॉबकार्ड, मापी–पुस्त एवं 7 रजिस्टर के मुद्रण हेतु इच्छुक निबंधित मुद्रकों से मुहरबंद निविदा (तकनीकी एवं वित्तीय) आमंत्रित की जाती है। छपाई हेतु नमूना जिला ग्रामीण विकास शाखा, सिमडेगा कार्यालय में कार्यालय अवधि में अवलोकन किया जा सकता है।

| क्र0 सं0 | समग्री का नाम | विशिष्टता |
|---|---|---|
| 1 | जॉबकार्ड | 80 GSM White paper with Multi-Colour Front Cover of 300 GSM (24cm x 18cm size) |
| 2 | मापी – पुस्त | 50 Sheet White Paper 80 GSM (6” x 4”) With Colour Front Page of 300 GSM |
| 3 | 7 रजिस्टर Multi Colour Front Cover | Register – I Part – B (600 GSM white paper 20.5 cm x 33cm size, 200 page)<br>Register – III (600 GSM white paper 20.5 cm x 33cm size, 200 page)<br>Register – V (600 GSM white paper 20.5 cm x 33cm size, 200 page) |

निविदा की शर्तें :–

1. निविदादाता के पास विगत तीन वर्षों का अंकेक्षण आयकर रिटर्न एवं GST Clearance प्रमाण पत्र की प्रति उपलब्ध होना चाहिए।
2. निविदादाता को मुद्रण के कार्य का न्यूनतम तीन वर्ष का अनुभव हो।
3. निविदादाताओं को अग्रधन के रूप में 15,000(पंन्द्रह हजार) रूपये का बैंक ड्राफ्ट उप विकास आयुक्त, सिमडेगा के नाम से जमा करना होगा।
4. निविदादाता को कागज का नमूना निविदा के साथ जमा करना होगा।
5. मुद्रण के दर का उल्लेख सभी कर (GST एवं अन्य) सहित होंगे।
6. आदेश निर्गत होने के 7 (सात) दिनों के अन्दर सामग्रियो की आपूर्ति जिला ग्रामीण विकास शाखा, सिमडेगा में करना होगा। सभी प्रखण्डों में सामग्री आपूर्ति के लिए अन्य कोई परिवहन भत्ता देय नहीं होगा।
7. मुद्रण कार्य में हुए किसी प्रकार की त्रुटि के लिए मुद्रणकर्त्ता स्वयं जिम्मेवार होंगे तथा ऐसी स्थिति में किसी प्रकार का कोई भुगतान देय नहीं होगा।
8. अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये निविदा को रद्द करने अथवा कार्य को एक या एक से अधिक निविदादाताओं के बीच वितरण करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा, जिसके लिए कारण दर्शाना अनिवार्य नहीं होगा।
9. बिना कारण बताये निविदा रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।
10. निविदा दिनांक .21.03.2025..को पूर्वाहन्/अपराह्न ....10.00.बजे से दिनांक ...21,,03,,2025को अपराह्न 01.00 बजे तक स्वीकार किया जायेगा एवं दिनांक ........21,03,2025को/अपराह्न 03.00 बजे क्रय समिति के समक्षण निविदादाताओं अथवा उके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेगी।

उप विकास आयुक्त,–सह–
अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक, सिमडेगा

PR 348204 Simdega(24-25)#D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गढ़वा**
**सहिजना मोड़, गढ़वा (झारखण्ड) पिन नं0 822114**
Email : eedwsd.garhwa1@gmail.com

**प्रथम शुद्धि–पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा अन्तर्गत आमंत्रित अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–DWSD/GAR-RM-08/2024–25, **दिनांक–06.03.2025** द्वारा **नलकूपों के साधारण मरम्मति कर चालू करने का कार्य** जो PR No. 347968 (Drinking Water and Sanitation) 24-25 (D) द्वारा प्रकाशित है, जिसे अपरिहार्य कारणों से तिथि/समय में निम्न प्रकार संशोधित किया जाता है :–

| क्र0 | कार्य का नाम | पूर्व में प्रकाशित | | संशोधित | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | निविदा खोलने की अंतिम तिथि एवं समय | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | निविदा खोलने की अंतिम तिथि एवं समय |
| 1. | नलकूपों के साधारण मरम्मति कर चालू करने का कार्य | 13.03.2025 को 03:30 बजे अपराह्न तक | 13.03.2025 को 04:30 बजे अपराह्न तक | 18.03.2025 को 03:30 बजे अपराह्न तक | 18.03.2025 को 04:30 बजे अपराह्न तक |

नोट – (i) शेष सभी शर्तें यथावत रहेंगे।
(iii) यह शुद्धि–पत्र परिमाण विपत्र का भाग होगा।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा

PR 348248 Drinking Water and Sanitation(24-25)#D



**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (गव्य प्रभाग)**
**जिला गव्य विकास कार्यालय, पलामू**
Email – dddopalamu@gmail.com

**–:दुधारू पशु वितरण हेतु पलामू जिला के लिये सभी सूचीबद्ध पशु आपूर्तिकर्ताओं एवं चयनित लाभुकों के लिये आवश्यक सूचना:–**

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग(गव्य विकास निदेशालय) झारखण्ड, राँची द्वारा पलामू जिला के लिये सूचीबद्ध दुधारू पशु आपूर्तिकर्ता को सूचित किया जाता है कि मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना दो दुधारू गाय/भैंस एवं कामधेनु डेयरी फार्मिंग योजनान्तर्गत (05 गाय/भैंस, 10 गाय/भैंस) में चयनित लाभुकों को दुधारू मवेशी उपलब्ध कराने हेतु दिनांक– 12.03.2025 से अगले आदेश तक के लिए जिला गव्य विकास कार्यालय, पलामू परिसर, आजाद नगर चौक, सुदना, डालटेनगंज में दुधारू पशुमेला का आयोजन किया गया है।

पशुमेला में पशु आपूर्तिकर्ता को पशु लाने संबंधी आवेदन जिला गव्य विकास कार्यालय, पलामू को उपलब्ध करायेंगे एवं साथ ही जिला गव्य विकास पदाधिकारी, पलामू से सम्पर्क स्थापित करेंगे।

दुधारू पशुमेला में पशुआपूर्तिकर्ता द्वारा निम्नलिखित शर्तों का पालन करना सुनिश्चित करेंगे।

| क्र0 | विवरणी | शर्तें |
|---|---|---|
| 1. | दुधारू गाय | अधिक से अधिक संख्या में उन्नत देशी नस्ल की दुधारू गाय साहिवाल/गिर/रेड सिन्धी(लाभुक के माँग अनुसार संकर हॉलस्टीन फ्रिजियन/जर्सी)। |
| 2. | ब्याँत | पहली/दूसरी ब्याँत(अधिकतम 01 माह तक के अंदर का बाछा/बाछी। प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी द्वारा जाँचोपरान्त क्रय की कार्रवाई की जायेगी। |
| 3. | दूध देने की क्षमता | न्यूनतम 10–12 लीटर प्रतिदिन। |
| 4. | पशु स्वास्थ्य | राज्य के बाहर से जहाँ से गाय लाते हैं, के संबंधित स्थल के पशुचिक्तिक से संक्रमण बिमारी (Thileria, Redwater, HS, BQ & FMD) का टीकाकरण एवं स्वस्थ्य प्रमाण–पत्र का उल्लेख/अंकित अनिवार्य होगी अथवा स्थानीय पशुमेला स्थल के पशुचिकित्सक द्वारा टीकाकरण कराकर संगरोध प्रमाण पत्र अंकित कराकर कार्यालय को उपलब्ध कराना अतिआवश्यक होगा अन्यथा गाय की बिक्री करने की अनुमति नहीं होगी। |
| 5. | पशु व्यापारियों को राज्य के बाहर से ही दुधारू पशु बिक्री हेतु लाना है। पशु व्यापारियों(विक्रेता) द्वारा पशु–क्रय से संबंधित रसीद/वाहन संख्या के साथ नोटराईज्ड शपथ–पत्र संलग्न करना आवश्यक है। | |
| 6. | दुधारू पशुओं को रखने के लिए अस्थायी शेड का निर्माण पशु विक्रेता स्वयं के खर्च पर करेंगे एवं कार्यालय द्वारा पानी, बिजली उपलब्ध कराई जायेगी। | |
| 7. | लगातार तीन शाम दूध की दूहाई देखने के बाद ही पशु व्यापारियों एवं किसान/पशुपालक की आपसी सहमति के आधार पर दुधारू पशु की कीमत/गाय का मूल्य निर्धारण उपरान्त दुधारू गाय क्रय करेंगे। | |
| 8. | कम से कम 14 दिनों तक कोरेन्टाईन समय का पालन करना अति आवश्यक होगा। | |
| 9. | खून एवं संक्रमण रोग संबंधी जाँच पशु व्यापारी द्वारा अपने खर्च पर कराया जायेगा। | |

लाभुकों के द्वारा दुधारू गाय पसंद करने के उपरांत कम से कम तीन लगातार पाली में अपने सामने दुहाई कर सुनिश्चित हो लेंगे कि गाय प्रतिदिन कम से कम औसतन 12–15 लीटर दूध दे रही है। गाय का कीमत का निर्धारण लाभुक एवं दुधारू गाय विक्रेता के आपसी सहमति से ही क्रय–विक्रय का कार्य किया जायेगा।

जिला गव्य विकास पदाधिकारी
पलामू

PR 348217 Animal Husbandry (24-25)_D

## टेम्पू पलटने से चालक हुआ घायल पुलिस ने कराया अस्पताल में भर्ती



**सेन्हा-लोहरदगा।** थाना क्षेत्र के भडगांव में देर रात सड़क दुर्घटना में टेम्पू चालक घायल हो गया। जिसे पुलिस के सहयोग से निजी वाहन के माध्यम से इलाज के लिये अस्पताल में भर्ती कराया गया.घटना सेन्हा थाना क्षेत्र के भडगांव ईंट भट्ठा के समीप एन एच 143 ए लोहरदगा गुमला मुख्य पथ पर का है.जहाँ पर जे एच 07 एम 5985 टेम्पु अनियंत्रित हो पक्की सड़क पर पलट गया। जिससे टेम्पू चालक को माथा एवं पैर में गम्भीर चोटें आई है। घटना की सूचना पर स्थानीय पुलिस पहुंच घटना का जायजा लेते हुए निजी वाहन के माध्यम से घायल अवस्था मे चालक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेन्हा में भर्ती कराया गया। क्षतिग्रस्त टेम्पू को सुरक्षित थाना परिसर में रखा गया। वही चालक की पहचान गुमला जिला अंतर्गत मांझा टोली निवासी नसरुद्दीन अंसारी का 35 वर्षीय पुत्र नौशाद अंसारी के रूप किया गया। वही बताया जाता है कि चालक शराब के नशे में था। जिस वजह से टेम्पु भड़गांव ईंट भट्ठा के समीप देर रात पलट गया। जिससे टेम्पु पलटने से चालक को गम्भीर चोटें आई है।

### होली त्योहार को लेकर जिलास्तरीय शांति समिति की बैठक हुई

# सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाएं होली का त्यौहार : उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** होली त्योहार को लेकर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में सोमवार को जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक जिला परिषद स्थित सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में प्रखण्डों से आये शांति समिति के सदस्यों की ओर से प्रखण्डों में आयोजित शांति समिति की बैठक और अपने-अपने क्षेत्र में होली के अवसर पर आयोजित होनेवाले कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। उपायुक्त, लोहरदगा ने इस अवसर पर कहा कि आप सभी होली का त्यौहार सौहार्द्रपूर्ण तरीके से मनायें। अगर बच्चे व युवा किसी पर रंग फेंक देते हैं तो उन्हें एक अभिभावक की तरह समझायें। किसी प्रकार की असामान्य स्थिति उत्पन्न नहीं होने दें। होली का त्यौहार सौहार्द्रपूर्ण तरीके से मनाया जा सके इसके लिए दण्डाधिकारियों व पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति कर दी गई है। बारीकी से असमाजिक तत्वों पर नजर रखी जा रही है। भारत में होली के त्यौहार काफी उत्साहपूर्ण तरीके से मनाया जाता है। आप भी अपने-अपने क्षेत्र में होली खेलें और एक दूसरे से सौहार्द्रपूर्ण संबंध को मजबूत करें।

आज की बैठक में जो आश्वासन शांति समिति के सदस्यों द्वारा सौहार्दपूर्ण होली खेले जाने को लेकर दी है उससे जिला प्रशासन का हौसला बढ़ा है। आप सभी अपने क्षेत्रों में ईद और रामनवमी के त्योहारों को लेकर आवश्यक बैठकें कर लें। बैठक में सिविल सर्जन डॉ शंभुनाथ चौधरी, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी श्रद्धा केरकेट्टा, सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी, सभी थाना प्रभारी, शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे।



### होली की मूल भावना का खयाल रखें : एसपी हारिस बिन जमां

पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां ने कहा कि होली में त्योहार की मूल भावना का ख्याल रखा जाय। किसी को भी आहत ना करें। भारत देश में होली काफी उत्साह तरीके से मनाया जाता रहा है। आप जब भी होली खेलें तो आपसी भाईचारा और गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल पेश करें।जिला में त्यौहार को मनाने के लिए पर्याप्त पुलिस बल की उपलब्धता है। शांति समिति के लोग होली में अभिभावक की भूमिका में रहें और युवाओं को संयमित रखने के लिए प्रयास करें। जिला में प्रशासनिक तैयारियां पूरी हैं। आवश्यक पुलिस बल है, ड्रोन व सीसीटीवी से निगरानी की जाएगी। सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी की जाएगी।

## मारवाड़ी महिला सम्मेलन की कार्यकारिणी बैठक में शामिल हुई लोहरदगा की महिलाएं



**लोहरदगा।** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन की द्वितीय कार्यकारिणी बैठक बाबा की नगरी देवघर में संपन्न हुई। इस बैठक पर अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन लोहरदगा जिला शाखा के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने भी भाग लिया। लोहरदगा जिला अध्यक्ष ममता बंका ने लोहरदगा जिला की कई महत्वपूर्ण समस्याओं एवं जिला में किए जा रहे सामाजिक कार्यों के विषय को रखा और महिलाओं के द्वारा लघु कार्यों पर अग्रसर करने हेतु अपना विचार दिया। लोहरदगा जिला से उपस्थित हुई सभी सदस्यों को प्रांतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन की अध्यक्ष मंजू बगड़िया जी ने पुष्प एवं गिफ्ट देकर सम्मानित किया। लोहरदगा जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने सभी को बधाई देते हुए कहा कि अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन लोहरदगा जिला शाखा बहुत ही अच्छे तरह से सामाजिक कार्य कर रही है और हर एक सामाजिक कार्यों में बड़ चढ़कर हिस्सा लेती है। ठंड के मौसम पर सुदूर इलाकों में जाकर असहायों के बीच कंबल, गर्म वस्त्र, खाने-पीने की सामग्रियां आदि भी वितरित की। बैठक में लोहरदगा जिला शाखा अध्यक्ष ममता बांका, अनीता पोद्दार, दीपा पोद्दार, सुमन राय आदि उपस्थित हुई।

### बच्चों को सुवर्ण प्राशन की प्रथम खुराक पिलाई गई

## सुवर्ण प्राशन बालक बालिकाओं के सर्वांगीण विकास में सहायक : सुरेशचंद्र



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल में सोमवार को सुवर्ण प्राशन की प्रथम खुराक पिलाने का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कनकलता अग्रवाल उपस्थित रही। सुवर्ण प्राशन औषधि शिशुओं के लिए रामबाण साबित होगा ।इसके द्वारा शिशुओं के रोग प्रतिरोधक क्षमता की वृद्धि होगी उनके बल बुद्धि एवं मस्तिष्क का विकास द्रुत गति से होगा यह कार्य विद्या भारती का अभिनव प्रयोग है पुरातन काल से ही सुवर्ण प्राशन की महता प्रचलित रहा है तथा आज के इस विज्ञान के युग में इसका महत्व और भी अधिक बढ़ गया है। 0 से 12 वर्ष तक के शिशुओं को यह औषधि दिया जाता है आज के इस कार्यक्रम में लगभग 80 शिशुओं को यह औषधि पिलाई गई इस कार्यक्रम में सभी आचार्य बंधु भगिनी सहित सैकड़ो अभिभावक उपस्थित रहे।

## समावेशी शिक्षा से दिव्यांग बच्चे-बच्चियां लाभ उठाये : सोनमती

**नवीन मेल संवाददाता**



**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित मध्य विद्यालय अरु में समावेशी शिक्षा कार्यक्रम के तहत सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले दिव्यांग बच्चे बच्चियों का अभिभावकों के साथ एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया.वही आयोजित कार्यशाला में समावेशी शिक्षा के शिक्षिका सोनामती कुजूर ने अभिभावकों से अनुरोध करते हुए कहा कि अपने दिव्यांग बच्चे बच्चियों का नामांकन नजदीक के सरकारी विद्यालय में करायें तथा दिव्यांग बच्चे बच्चियों को भी शिक्षा से जोड़ें जिसे बच्चे बच्चियों का मानसिक और शारीरिक विकास हो सकेगा साथ ही अभिभावकों को जानकारी देते हुए बताया कि सरकार की ओर से अन्य बच्छड़ बच्चियों के तरह दिव्यांग बच्चे बच्चियों को भी शिक्षित करने के उद्देश्य से प्रोत्साहन भत्ता,छात्रवृत्ति, ट्राइसाइकिल, बैशाखी, ड्रेस, किताब, स्वेटर सहित अन्य सुविधाएं दी जाती है। दिव्यांग बच्चे बच्चियों के साथ व्यवहार को कुशल रखें और शिक्षा दें.वही आयोजित कार्यशाला में लग्भग 40 दिव्यांग बच्चे बच्चियों के अभिवाहक शामिल हुए।

### विश्व हिंदू परिषद की मासिक बैठक

## 30 से छह अप्रैल तक रामोत्सव मनाने का निर्णय

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** विश्व हिंदू परिषद का मासिक बैठक विश्व हिंदू परिषद का जिलाध्यक्ष रितेश कुमार के अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में प्रान्त सह मंत्री व बजरंग दल प्रान्त संयोजक रंगनाथ महतो जी व जिला संगठन मंत्री कार्तिक कुमार, जिला मंत्री रंजीत कुमार, जिला सह मंत्री भीमनाथ सहदेव, बजरंग दल जिला संयोजक प्रियांशू कुमार के साथ साथ प्रखंडों के दायित्ववान कार्यकर्ता उपस्थित रहें। जिसमे प्रान्त द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों को पूर्ण करने का निर्णय लिया गया। जिसके अंतर्गत 28 मई से 8 जून तक विश्व हिंदू परिषद तथा बजरंग दल का प्रान्तीय अभ्यास वर्ग लगाने का निर्णय लिया गया, जिसमे झारखण्ड राज्य के सभी जिलों से कम् से कम 500 सनातन युवा व कार्यकताओं को शारीरिक, बौद्धिक तथा शस्त्र परिचालन का प्रशिक्षण दिया जाएगा। वही अभ्यास वर्ग के अलावे विभिन्न कार्यक्रमो की भी रूपरेखा तय की गयी। 30 मार्च से 6 अप्रैल तक रामोत्सव मनाया जायेगा। 10 अप्रैल को त्रिशूल दीक्षा दिवस, 12 अप्रैल को हनुमान जयंती पर बलोपासना दिवस तथा 19 अप्रैल व 20 अप्रैल को कार्यकारिणी समिति का अभ्यास वर्ग लगाने का निर्णय है।

## साप्ताहिक जनता दरबार के माध्यम से उपायुक्त ने सुनी आमजनों की समस्याएं

**नवीन मेल संवाददाता**




**सिमडेगा।** आम जनता के समस्याओं के समाधान और त्वरित निष्पादन को लेकर उपायुक्त अजय कुमार सिंह के द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया।इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में आकर अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा।उपायुक्त ने वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी एवं आश्वस्त किया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द समाधान किया जाएगा।उपायुक्त के जनता दरबार में डिग्री कॉलेज कोलेबिरा में नियुक्ति कराने, वार्ड नंबर 5 में खराब विद्युत कार्य कराने व विद्युत आपूर्ति करने एवं अन्य विषय से संबंधित मामले आए। इस दौरान उपायुक्त महोदय ने एक-एक कर मिलने आए सभी आमजनों की समस्याओं से जुड़े आवेदनों का अवलोकन कर जल्द से जल्द मामले का निष्पादन करने का भरोसा आमजनों को दिया।

### होली पर्व को लेकर कुरडेग थाना में हुई शांति समिति की बैठक

## होली में असमाजिक तत्वों पर प्रशासन अपनी पैनी नजर बनाए रखेगा : सीओ

**नवीन मेल संवाददाता**



**कुरडेग।** सोमवार को थाना परिषर में होली पर्व सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हो इसको लेकर शांति समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता सी ओ श्री किरण डांग तथा संचालन थाना प्रभारी नवीन कुमार ने किया । बैठक में सर्वसम्मति से पर्व शांतिपूर्वक और सोहार्द्धपूर्ण वातावरण में मनाने का लिया गया शांति समिति के सदस्यो ने थाना क्षेत्र में होने वाले त्योहार के दौरान कार्यक्रम की जानकारी दी । इस दौरान सीओ किरण डांग ने सभी समुदाय के लोगो से आपसी प्रेम और भाइचारगी के साथ रंगो का त्योहार हर्षपूर्वक मनाने की अपील की। वहीं सीओ ने कहा कि होली में असमाजिक तत्वों पर प्रशासन अपनी पैनी नजर बनाए रखेगा। वहीं थाना प्रभारी ने होली के दौरान अवैध शराब की बिक्री ,अड्डेबाजी व सोशल मीडिया में भ्रामक पोस्ट करने वालों पर सख्ती से कार्रवाई करने की बात कही । बैठक में मौजूद सभी लोगो ने एक दूसरे को रंगोत्सव होली की अग्रीम बधाइयाँ दी । बैठक में मुख्य रूप से जिला बीस सुत्री उपाध्यक्ष मनोज जयसवाल, प्रखण्ड बीस सुत्री अध्यक्ष वाल्टर टोप्पो, विधायक प्रतिनिधि दिपक जयसवाल, प्रखण्ड सांसद प्रतिनिधि देवनीस खलखो, मुखिया जगेश्वर प्रधान, मुखिया सुनीता देवी, शांति समिति के सदस्य एवं थाना के कर्मी उपस्थित रहे।

### दशवीं एवं बारहवीं के बच्चों को दी गई विदाई

**बानो।** बानो प्रखंड के कस्तूरबा गांधी आवसीय विधालय में समारोह आयोजित कर दसवीं व बारहवी के छात्राओ को विदाई दिया गया। कार्यक्रम में नवम वर्ग के छात्राऔ ने दसवी व बारहवीं वर्ग के छात्राओं के माथे पर तिलक लगाया तथा बुके देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें विद्यालय के बच्चियों ने एक से बढ़कर एक गीत नीचे प्रस्तुत किया। स्वागत गान नवम वर्ग के बच्चो ने प्रस्तुत किया। वार्डन अनुराधा कुमारी प्रसाद ने बच्चो के उज्जवल भविष्य की कामना किया। इस अवसर पर कमला बड़ाईक, अनास्तासिया मिंज, महिमा लुगुन, आभा होरो, शकुंतला कुमारी, प्रदीप सिंह, सोनम लुगुन, पूजा कुमारी प्रीति रावत उपस्थित थे।

### बानो प्रखण्ड में कार्यरत प्रखण्ड कर्मी की इलाज के दौरान हुई मौत

**बानो।** प्रखंड कार्यालय में कार्यरत नाजीर रेणु देवी का रांची में इलाज के दौराण मौत हो गयी। उनके निधन पर लोगो ने शोक प्रकट किया है। मालुम हो कि नाजीर रेणु देवी एक मोटरसाइकिल सवार से लिफ्ट लेकर बानो से सिमडेगा लौटने के दौरान एस एस स्कूल के समीप गिर गयी थी।दुर्घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गयी थी। जिसके बाद उन्हें बानो सामुदायिक स्वास्थय केंद्र मे भर्ती कराया गया था। बेहतर इलाज हेतु रांची के जाया गया था,जहां उनका इलाज चल रहा था। इस दौराण रविवार को रेणु देवी की मौत हो गयी। इधर नाजीर के आकस्मिक निधन पर प्रखंड कार्यालय परिरसर मे शोक सभा का आयोजन किया गया। दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रख कर श्रादांजलि दिया गया। इस अवसर प्रखंड विकास पदखधिकारी न्इमद्दीन अंसारी, पशुपालन पदाधिकारी दुलमु बिडुउली, नितिश झा, बीपीओ चारू माँझी, बालगोविंद पटेल, केलिवर भोक्ता, रियासत खान, पदमीनी देवी, सांझो कुमारी, के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे।

### जंगली हांथी ने ग्रामीण के घर को किया क्षतिग्रस्त

**बानो।** बानो प्रखंड के कुसुम गढाटोली मे जंगली हाथी ने एक घर को क्षतिग्रस्त किया तथा घर मे रखे अनाज को भी खाया। घटना के संबंध मे मिली जानकारी के अनुसार झुंड से बिच्छडा हाथी कुसुम गढाकोली गांव पहुंच गया तथा शैलेश डांग के घर को क्षतिग्रस्त कर दिया।वहीं घर मे रखे अनाज को भी खाया। घटना की जानकारी होने पर वन विभाग की टीम घटनास्थल पहुची तथा क्षतिपुर्ति की जानकारी लिया।

## नाखून नहीं काटने पर वार्डन ने छात्रा को स्कूल से निकाला



**बोलबा।** कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय बोलबा में नाखून नहीं काटने के कारण एक छात्रा प्रिया प्रेमिका कुमारी को वार्डेन ने निकाला।स्कूल के वार्डेन के अनुसार छात्रा गत शनिवार को सभी छात्राओं का नाखून काटा जा रहा था।इस वक्त एक छात्रा ने कहा कि मैं शाम के समय और शनिवार के दिन नाखून नहीं काटती हूं।इसके बाद वह शाम 5 बजे स्कूल के छत पर अकेली बैठी थी।इस तरह अनुशासन में नहीं रहने के कारण वार्डन द्वारा छात्रा को स्कूल से निकाल दिया गया है। वहीं क्लास 9वी की क्लास परीक्षा भी है। छात्रा की मां ने अपनी पुत्री को स्कूल में रखने कि गुहार लगाई है।

### एमवीआई के नेतृत्व में चलाया गया वाहन चेकिंग अभियान

**सिमडेगा।** जिला मोटरयान निरीक्षक प्रकाश रंजन के नेतृत्व में शहरी क्षेत्र के वीर बुधु भगत चौक के समीप वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया।अभियान के दौरान सभी दो पहिया वाहनों के कागजातों की जांच की गई। इस दौरान बिना हेलमेट के वाहन चलाने वालों पर जुमार्ना किया गया।साथ ही जिनके पास वैद्य चालक अनुज्ञप्ति पत्र नहीं है उनपर भी जुमार्ना किया गया। मोटरयान निरीक्षक ने सभी दो पहिया वाहन चालकों से हेलमेट पहन कर ही वाहन चलाने की अपील की है।वहीं डीटीओ संजय कुमार बाखला ने सभी चालकों को अपना अपना ड्राइविंग लाइसेंस बनाकर एवं वाहन के कागजात पूर्ण करने के पश्चात ही सड़कों पर वाहनों का परिचालन करने का निर्देश दिया।

### सिमडेगा जिले में उपायुक्त ने पलाश हर्बल गुलाल का किया शुभारंभ, कहा

# प्राकृतिक और हर्बल रंगों से इस होली को बनाए सुरक्षित और रंगीन

**नवीन मेल संवाददाता**





**सिमडेगा।** पलाश, झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसायटी के तत्वावधान में पलाश हर्बल गुलाल का शुभारंभ उपायुक्त, अजय कुमार सिंह के कर कमलों द्वारा समाहरणालय परिसर स्थित सभा कक्ष में किया गया । यह विशेष प्रदर्शनी सह बिक्री स्टॉल 13 मार्च 2025 तक समाहरणालय परिसर में आयोजित की गई है, जिससे होली के शुभ अवसर पर लोग प्राकृतिक और हर्बल रंगों का आनंद उठा सकें। विशुद्ध एवं प्राकृतिक तरीके से पलाश हर्बल गुलाल ठेठईटांगर प्रखंड के चांदनी आजीविका स्वयं सहायता समूह के द्वारा बनाया गया है। पलाश हर्बल गुलाल का शुभारंभ करते हुए उपायुक्त ने समूह के द्वारा इस नए कदम की सराहना करते हुए गुलाल की बिक्री हेतु फारवर्ड लिकेज की बात कही। उन्होंने सभी संलग्न दीदियों को शुभकामना देते हुए इसी प्रकार से आत्मनिर्भर एवं सशक्त होने हेतु प्रेरित किया। जेएसएलपीएस की जिला कार्यक्रम प्रबंधक शांति मार्डी के द्वारा यह बताया गया की दीदियों का प्रोडक्ट महिला जागृति फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी को सप्लाई किया जा रहा है जिसके द्वारा यह पलाश मार्ट सहित शहर के में चौक एवं चौराहों में भी उपलब्ध होगा।

कार्यक्रम में उपस्थित समूह की दीदियों के द्वारा उपायुक्त सहित अन्य पदाधिकारीयों को गुलाल से तिलक लगाकर साथ ही स्वयं एक दूसरे को गुलाल लगाकर सुरक्षित होली हेतु समाज को भी प्रेरित किया।इसके अतिरिक्त, प्रदर्शनी में ग्रामीण महिलाओं द्वारा निर्मित अन्य उत्पाद भी उपलब्ध रहेंगे, जिनमें रागी से बने लड्डू, तिल लड्डू, रागी नमकीन, रागी मिक्सचर आदि शामिल हैं। यह पहल स्थानीय महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण को भी प्रोत्साहित करेगी। इस अनूठे प्रयास का उद्देश्य लोगों को हानिकारक रासायनिक रंगों के बजाय हर्बल गुलाल की ओर आकर्षित करना है, जिससे एक सुरक्षित, स्वस्थ और पर्यावरण-अनुकूल होली मनाई जा सके। सखी मंडल द्वारा निर्मित पलाश हर्बल गुलाल बिक्री का स्टॉल समाहरणालय ए ब्लॉक के पोर्टिको में लगाया गया। जिसमें महिलाओं ने बताया कि लगभग 11000 रुपए की बिक्री हुई। जिसमें लोगों ने पलाश हर्बल गुलाल को काफी पसंद किया। तथा इसकी खरीद भी किये गये।कार्यक्रम के दौरान एलआरडीसी अरुणा कुमारी, नाबार्ड के पदाधिकारी, जेएसएलपीएस की जिला कार्यक्रम प्रबंधक सहित पूरी टीम उपस्थित हुई।

**पलाश हर्बल गुलाल की विशेषताएं**

- प्राकृतिक और हर्बल सामग्री ः यह गुलाल पूरी तरह से प्राकृतिक तत्वों जैसे पालक, बीट, फूल और गाजर से बनाया गया है, जो त्वचा और पर्यावरण दोनों के लिए सुरक्षित है।
- रंगीन और आकर्षक यह विभिन्न जीवंत रंगों में उपलब्ध है, जो होली के उत्सव को और भी खास बना देगा।

### जिला योजना शाखा की समीक्षा में उपायुक्त ने कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ख्याल रखने का दिया निर्देश

**सिमडेगा।** उपायुक्त अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला योजना शाखा द्वारा क्रियान्वित योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में अनाबद्ध निधि व सीएसआर मद अंतर्गत स्वीकृत योजनाओं में अधतन स्थिति की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने सभी तकनीकी विभाग के द्वारा क्रियान्वित योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली और लंबित योजनाओं की क्रमवार समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ख्याल रखें तथा जो कार्य अपूर्ण है उनमें आवश्यक गति लाकर पूर्ण करायें। अगर किसी योजना के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की समस्या आ रही है तो तत्काल सूचना देना सुनिश्चित करें।बैठक में जिला योजना पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण पदाधिकारी, स्पेशल डिविजन, आरईओ विभाग सहायक व कनीय अभियंता उपस्थित थे।

### बानो के चाचा नेहरू चिल्ड्रेन अकादमी स्कूल ने मनाया अपना दशवा वार्षिकोत्सव

**बानो।** बानो प्रखंड के सोय सेमरटोली मे चाचा नेहरू चिल्ड्रेन अकादमी स्कूल में दसवां स्कूल वार्षिकत्सोव मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बानो थाना के एएसआइ सतीशचंद्र महत, विशिष्ट अतिथि के रूप में श्यामु सिंह व आयोध्या सोनार उपस्थित थे। कार्यक्रम का उदघाटन मुख्य अतिथि ने माता सरस्वती व स्कूल के संस्थापक स्व सोमनाथ साहु के तस्वीर पर मल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया। विद्यालय के दस वर्ष पुर्ण होने पर अतिथियो ने केक काट तथा विद्यालय दिवस मनाया।वहीं मौके पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम विद्यालय के बच्चो ने एक बढकर गीत व नृत्य प्रस्तुत किया।

## न्यूज बॉक्स

### भरनो थाना में शांति समिति की बैठक संपन्न

**भरनो (गुमला)।** होली पर्व को लेकर भरनो थाना परिसर में सोमवार की शाम शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता गुमला एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव ने की। इस दौरान उन्होंने सभी समुदायों के लोगों से आपसी भाईचारा और सौहार्द के साथ होली मनाने की अपील की। बैठक में अधिकारियों और समाजसेवियों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और शांतिपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाने का संदेश दिया। एसडीपीओ ने कहा कि होली खुशियों और रंगों का त्योहार है, इसे शांति और भाईचारे के साथ मनाना हम सबकी जिम्मेदारी है। किसी भी तरह की अफवाह या तनावपूर्ण स्थिति से बचें और पुलिस प्रशासन को सहयोग करें। इस अवसर पर इंस्पेक्टर विनय कुमार, एसटी-एससी थाना प्रभारी गुलशन भेंगरा, थाना प्रभारी कंचन प्रजापति, सब इंस्पेक्टर मंटू चौधरी, बीएचओ अमरेश नारायण सिन्हा, सीआई शहीद अनवर, भाजपा मंडल अध्यक्ष हरिशंकर शाही, संतोष पांडा, किशोर साहू, संजय गुप्ता, मनोहर लाल, नबी फरास, सकीम अंसारी, सोबराती अंसारी, बेचन फरास, अजहर अली, संजय जयसवाल सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे। बैठक में उपस्थित लोगों ने प्रशासन को सहयोग का भरोसा दिलाया और आपसी एकता व भाईचारे की मिसाल पेश करने का संकल्प लिया।

### चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की ऐतिहासिक जीत पर गुमला में जश्न का माहौल

**गुमला।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के फाइनल मुकाबले में भारतीय क्रिकेट टीम की ऐतिहासिक जीत के बाद गुमला शहर जश्न में डूब गया। भारत ने रोमांचक फाइनल में न्यूजीलैंड को चार विकेट से हराकर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। जैसे ही भारत ने जीत दर्ज की, रविवार रात करीब 10:30 बजे गुमला के टावर चौक समेत अन्य इलाकों में खेल प्रेमियों ने जोरदार आतिशबाजी कर खुशी का इजहार किया। टावर चौक पर लोगों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाई और भारत माता की जय, वंदे मातरम् के गगनभेदी नारों के साथ जश्न मनाया। खेल प्रेमियों ने तिरंगा झंडा थामे बाइक रैली निकाली और पूरे शहर का भ्रमण किया। इस दौरान युवा, महिलाएं और बच्चे भी जश्न में शामिल हुए। लोग ढोल-नगाड़ों की थाप पर नाचते-गाते नजर आए। बता दें कि दुबई में खेले गए इस रोमांचक फाइनल में न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत के सामने 252 रनों का लक्ष्य रखा था। भारतीय टीम ने 6 गेंद शेष रहते यह मुकाबला जीत लिया। टीम इंडिया के गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों को स्पिन के जाल में उलझाकर रखा। भारत की इस ऐतिहासिक जीत ने पूरे देश के साथ-साथ गुमला को भी गर्व से भर दिया। खेल प्रेमियों ने कहा कि यह जीत भारतीय क्रिकेट इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज हो गई है।

### होली को लेकर गुमला में सख्ती, होटलों और मिठाई दुकानों में की गई छापेमारी

**गुमला।** होली के त्योहार को देखते हुए जिले में खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई तेज हो गई है। मिलावटी मिठाइयों और अनहेल्दी फूड की बिक्री पर रोक लगाने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी लवकुमार गुप्ता के नेतृत्व में लगातार होटलों और खाद्य प्रतिष्ठानों में निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को बसिया प्रखंड के विभिन्न प्रतिष्ठानों में छापेमारी की गई। चंदा ढाबा लोगा, साहू ढाबा पतरु बसिया, अमित स्टोर लोगा और रिलायंस रिटेलर लिमिटेड स्मार्ट कोनबीर में जांच की गई। कार्रवाई के दौरान चंदा ढाबा और साहू ढाबा से पनीर के सैंपल लेकर रांची लैब भेजा गया। वहीं, एक्सपायरी खाद्य सामग्री, प्रतिबंधित रंग और अखबार में रखे खाद्य पदार्थ पाए जाने पर सुधार के निर्देश दिए गए। खाद्य सुरक्षा अधिनियम और कोफ्टा 2003 के तहत छापेमारी अभियान के दौरान निकोटीन और तंबाकू बेचने वालों पर कार्रवाई करते हुए कड़ी चेतावनी दी गई। भविष्य में तंबाकू उत्पाद न बेचने की हिदायत दी गई, वहीं नियम उल्लंघन पर फाइन भी लगाया गया। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी लवकुमार गुप्ता ने बताया कि होली तक अन्य होटलों और मिठाई दुकानों में भी नियमित रूप से छापेमारी की जाएगी ताकि लोग सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री का ही सेवन कर सकें। निरीक्षण अभियान में जिला तंबाकू नियंत्रण सलाहकार वंदना, कंप्यूटर ऑपरेटर प्रियांशु कुमार, सूरज कुमार सहित अन्य कर्मी शामिल रहे।

### गुमला में भव्य शोभायात्रा के साथ धूमधाम से मनाई गई शबरी जयंती



**गुमला।** अखिल भारतीय भुइयां समाज के तत्वावधान में सोमवार को गुमला शहर के सरना टोली में शबरी जयंती का आयोजन बेहद धूमधाम और श्रद्धा भाव के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर समाज के लोगों में गहरी आस्था और उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन और विधिवत पूजन के साथ की गई। इसके बाद भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसने पूरे शहर का ध्यान आकर्षित किया और वातावरण को भक्तिमय बना दिया। सरना टोली से निकली शोभायात्रा में सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरुष, युवक-युवतियां और बच्चे शामिल हुए। शोभायात्रा में शबरी माता और श्रीराम के जीवन प्रसंगों पर आधारित आकर्षक और भव्य झांकियां प्रस्तुत की गईं, जो सामाजिक और धार्मिक समरसता का प्रतीक बनीं। जय श्रीराम के गगनभेदी नारों से वातावरण गुंजायमान हो उठा। शोभायात्रा पालकोट रोड, टावर चौक, मेन रोड, जशपुर रोड होते हुए डीएसपी रोड से वापस सरना टोली स्थित कार्यक्रम स्थल पहुंची।

### उपायुक्त ने गुमला बाईपास रोड निर्माण कार्य का किया औचक निरीक्षण



**गुमला।** जिला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने सोमवार को गुमला बाईपास रोड निर्माण कार्य का औचक निरीक्षण कर कार्य प्रगति और गुणवत्ता की विस्तृत समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने उपस्थित कार्यपालक अभियंता और ठेकेदारों को स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्य को निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण किया जाए तथा सड़क निर्माण में किसी प्रकार की लापरवाही या गुणवत्ता से समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि बाईपास सड़क निर्माण परियोजना जिले के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह सड़क कुल 12.842 किलोमीटर लंबी है, जो एनएच-78 (न्यू एनएच-43) सिलम से प्रारंभ होकर ऊर्मि में एनएच-23 (गुमला-पालकोट रोड) को पार करते हुए एनएच-43 (रांची-गुमला फोर लेन पथ) के एरोड्रम मोड़ के पास जाकर मिलती है। इसके निर्माण से गुमला शहर के यातायात दबाव में कमी आएगी और भारी वाहनों को वैकल्पिक मार्ग मिल सकेगा, जिससे शहरी क्षेत्र में जाम की समस्या का समाधान होगा। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने कार्य स्थल पर सड़क की मोटाई, मिट्टी भराई, और जल निकासी व्यवस्था की भी जांच की। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सड़क की गुणवत्ता ऐसी होनी चाहिए कि वह लंबे समय तक टिकाऊ और सुरक्षित बनी रहे।

---

डीसी ऑफिस परिसर में बैंक ऑफ इंडिया की नई शाखा का उद्घाटन

# उपायुक्त ने किया शुभारंभ, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने पर दिया जोर

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने सोमवार को डीसी ऑफिस परिसर स्थित बैंक ऑफ इंडिया की नई शाखा का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस शाखा के खुलने से आम लोगों, विशेषकर ग्रामीण महिलाओं और स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी दीदियों को अब बैंकिंग सेवाओं के लिए इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा। अब उनके सभी बैंकिंग कार्य एक ही परिसर में आसानी से पूरे होंगे।






उद्घाटन समारोह में उपायुक्त ने ग्रामीण महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि बैंक ऑफ इंडिया महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए कई योजनाएं संचालित कर रहा है। स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाएं विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाकर स्वरोजगार शुरू कर सकती हैं और आत्मनिर्भर बन सकती हैं। उन्होंने उपस्थित महिलाओं से अपील की कि बैंक द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे ऋण योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लें।

**महिलाओं को दी गई योजनाओं की जानकारी**

इस मौके पर बैंक ऑफ इंडिया के जोनल महाप्रबंधक मनोज कुमार ने कहा कि उपायुक्त के सहयोग से कम समय में डीसी ऑफिस परिसर में यह शाखा तैयार हो सकी। उन्होंने कहा कि बैंक सरकार की योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने में प्रतिबद्ध है। उन्होंने ह्यलखपति दीदी योजनाह्ण, किसान क्रेडिट कार्ड (ङउउ) ऋण, कृषि वाहन ऋण, पोल्ट्री और डेयरी फॉर्मिंग ऋण जैसी योजनाओं की जानकारी दी। मनोज कुमार ने महिलाओं को भरोसा दिलाया कि बैंक हर कदम पर उनके साथ है।

**लाभार्थियों को वितरित किए गए ऋण पत्र**

कार्यक्रम के दौरान कई लाभार्थियों को ऋण स्वीकृति पत्र भी प्रदान किए गए। डुमरी प्रखंड के नागेंद्र प्रसाद को कृषि वाहन योजना के तहत 4.65 लाख रुपये, गुमला प्रखंड के छोटू महतो को पोल्ट्री फॉर्म खोलने के लिए 2.5 लाख रुपये, जबकि भरनो प्रखंड के प्रयाग गोप और कलावती देवी को डेयरी फॉर्मिंग के लिए 1.8 लाख रुपये का ऋण स्वीकृत किया गया।

**इनकी रही उपस्थिति**

इस अवसर पर बैंक ऑफ इंडिया के फील्ड महाप्रबंधक मनोज कुमार, रांची जोन के जोनल मैनेजर संजय कुमार सिंह, एजीएम अजय कुमार पांडेय, एनडीसी ललन कुमार रजक, एलडीएम पवन कुमार सहित जिले के विभिन्न शाखा प्रबंधक और बैंक कर्मी उपस्थित थे। जिला प्रशासन और बैंक के साझा प्रयास से यह शाखा न केवल बैंकिंग सेवाओं को आसान बनाएगी, बल्कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

### गुमला थाना परिसर में शांति समिति की बैठक संपन्न

**गुमला।** होली और रमजान पर्व को लेकर सोमवार अपराह्न 4 बजे गुमला थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सामाजिक सौहार्द, भाईचारा और कानून व्यवस्था को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। प्रशासनिक अधिकारियों और समाज के प्रबुद्ध नागरिकों ने आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्द्रपूर्ण माहौल में मनाने का सर्वसम्मति से संकल्प लिया। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा ने की। उनके साथ अंचल अधिकारी हरीश कुमार और गुमला थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार सिंह मौजूद रहे। अधिकारियों ने कहा कि होली और रमजान का पर्व एकता, भाईचारे और खुशियों का प्रतीक है। सभी लोग मिल-जुलकर, एक-दूसरे की भावनाओं का सम्मान करते हुए पर्व मनाएं।

## बैरसा निकटी टोली बनी मणि प्राइज हॉकी प्रतियोगिता की विजेता टीम

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** मुरकुंडा कोटेंगसेरा स्व. पार्वती देवी की पुण्य स्मृति में आयोजित एक दिवसीय मणि प्राइज हॉकी प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला बड़े ही उत्साह और खेल भावना के साथ संपन्न हुआ। समाजसेवक सह शिक्षक अजय उरांव द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कोटेंगसेरा मैदान में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। प्रतियोगिता में बैरसा निकटी टोली और सकया की टीमें आमने-सामने थीं, जिसमें बैरसा की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया। फाइनल मुकाबले के पहले हाफ में ही बैरसा निकटी टोली की टीम ने एक गोल कर बढ़त हासिल कर ली। इसके बाद सकया टीम ने बराबरी के कई प्रयास किए, लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिल सकी। अंततः बैरसा की टीम 1-0 से विजेता बनी। विजेता टीम को



प्रथम पुरस्कार और उपविजेता सकया टीम को द्वितीय पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

खेल समापन समारोह के मुख्य अतिथि समाजसेवक खपाई खड़िया थे। उन्होंने विजेता और उपविजेता दोनों टीमों के खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। विशिष्ट अतिथि बलिंद्र उरांव, रमेश उरांव, मयूर उरांव, कार्तिक उरांव, अजय उरांव, नीरज पास्कल और शिवा की उपस्थिति ने आयोजन को और भव्य बना दिया।

## टोंगो में भीषण सड़क हादसा, रेलिंग से टकराई बाइक, 12वीं के छात्र की हुई मौत

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** जारी थाना क्षेत्र के टोंगो के समीप रविवार देर शाम दर्दनाक सड़क हादसे में 16 वर्षीय शुभम कुजूर की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि उसके दो साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक शुभम कुजूर बांझर गांव का निवासी था और जारी प्लस टू विद्यालय में 12वीं कक्षा का छात्र था। हादसे में घायल अश्विन बरवा और लॉरेंस कुजूर को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति में रांची रिम्स रेफर किया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, तीनों युवक बेंदोरा गांव से अपने घर बांझर लौट रहे थे। इसी दौरान टोंगो के समीप तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लोहे की रेलिंग से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि शुभम की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में उसके सीने में गंभीर चोटें आई थीं। बाइक अश्विन बरवा चला रहा था। बताया जा रहा है कि तीनों ने बेंदोरा गांव में शराब का सेवन किया था और उसके बाद तेज रफ्तार में बाइक से लौट रहे थे। घटना की सूचना मिलते ही चैनपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। शुभम के शव का सोमवार दोपहर पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया। इधर, हादसे के बाद से गांव में शोक का माहौल है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं, दोनों घायलों का इलाज रिम्स रांची में जारी है।

भरनो में भाजपा मंडल ने किया होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन

## गुलाल, गीत-संगीत और भाईचारे के रंग में रंगे कार्यकर्ता, महिलाओं की रही विशेष सहभागिता

**नवीन मेल संवाददाता**

**भरनो (गुमला)।** भरनो ब्लॉक चौक स्थित किशोर साहू के आवास परिसर में सोमवार को भाजपा मंडल भरनो के तत्वावधान में भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष हरिशंकर शाही ने की। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष विनय लाल, जिला परिषद अध्यक्ष किरण माला बड़ा, भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष अमन यादव, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष संदीप कुमार, महिला मोर्चा जिला महामंत्री पायल तिवारी, मंत्री गीता मिश्रा और अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से किया।

**रंगों में डूबा भाईचारे का संदेश**

मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष विनय लाल ने कहा कि होली सिर्फ रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और भाईचारे का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि गिले-शिकवे भुलाकर समाज को एकजुट करने का यह पर्व हमारी सभ्यता और संस्कृति की झलक प्रस्तुत करता है। उन्होंने सभी को होली की अग्रिम शुभकामनाएं दीं।



**महिलाओं की उल्लेखनीय सहभागिता**

जिप अध्यक्ष किरण माला बड़ा ने समारोह में बड़ी संख्या में उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। नारी शक्ति के बिना समाज की कल्पना अधूरी है। उन्होंने सभी महिलाओं को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी और उन्हें सशक्त बनाने की दिशा में भाजपा की प्रतिबद्धता दोहराई।

**उत्साह और उमंग के रंग बिखेरे**

समारोह में भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष अमन यादव, जिलाध्यक्ष संदीप कुमार, अनूप चंद्र अधिकारी और मंडल अध्यक्ष हरिशंकर शाही ने भी अपने विचार रखे। सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर और गीत-संगीत के साथ होली की खुशियां साझा कीं। सामूहिक नृत्य, गीतों और स्वादिष्ट व्यंजनों के बीच पूरा माहौल उल्लासमय रहा।

**उपस्थित गणमान्य और कार्यकर्ता**

इस अवसर पर भोला प्रसाद केशरी, सुदर्शन सिंह, संतोष कुमार पांडा, अशोक कुमार केशरी, हरिकिशुन सिंह, किशोर साहू, डॉ. अनूप कुमार सिंह, डॉ. महेंद्र कुमार, मुरारी केशरी, महावीर सिंह, शिवशंकर सिंह, अभिमन्यु सिंहा, बिट्टू गुप्ता, पीके सिंह, काली प्रसाद शाही, चंद्र भूषण पहान, नीलम गुप्ता, शांति देवी, सरोज केशरी, शीला देवी, ललिता देवी, संगीता देवी, मानो देवी, कविता देवी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कामडारा मंडल अध्यक्ष नरेश सिंह, सिसई मंडल अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण यादव, नंदू सिंह सहित भाजपा के तमाम वरिष्ठ नेताओं और कार्यकताओं की उपस्थिति से कार्यक्रम की भव्यता और भी बढ़ गई।

## कुएं में डूबने से हुई एक व्यक्ति की मौत

**नवीन मेल संवाददाता**

**भरनो (गुमला)।** भरनो थाना क्षेत्र के पारसा टांड़ में उस समय सनसनी फैल गई, जब एक पुराने कुएं में अजय केसरी (55 वर्ष) का शव तैरता हुआ पाया गया। मृतक भरनो बस्ती के पंडित मोहल्ला निवासी था। घटना के बाद इलाके में शोक की लहर है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, अजय केसरी रविवार की शाम भरनो ब्लॉक परिसर में आयोजित फागुन मेला देखने गया था। परिजनों ने बताया कि वह देर रात तक घर नहीं लौटा। काफी खोजबीन के बावजूद उसका कोई सुराग नहीं मिला। सोमवार की सुबह पारसा टांड़ निवासी मीर जनातुल अपने बारी में मिर्च पटवन करने के लिए कुएं पर गया था, तभी उसकी नजर कुएं में तैरते शव पर पड़ी। यह देखकर वह घबरा गया और तुरंत इसकी सूचना ग्रामीणों को दी।



ग्रामीणों द्वारा घटना की जानकारी भरनो थाना को दी गई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी कंचन प्रजापति, सब इंस्पेक्टर मंटू चौधरी व अर्जुन यादव पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंचे। ग्रामीणों की मदद से शव को कुएं से बाहर निकाला गया। इसके बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गुमला सदर अस्पताल भेज दिया।

ग्रामीणों ने बताया कि रविवार रात 8 से 9 बजे के बीच मृतक अजय केसरी को ब्लॉक चौक के पास अकेले घूमते हुए देखा गया था। लेकिन वह वहां से पारसा टांड़ के कुएं तक कैसे पहुंचा, यह रहस्य बना हुआ है।


**कार्यालय कार्यपालक अभियन्ता, एन०आर०ई०पी०, लोहरदगा**

इस कार्यालय के पत्रांक 31 / दिनांक 25.02.2025 द्वारा अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना NIT No 04 / 2024–25 पी0आर0नं0 347258 ( लोहरदगा ) 24–25 डी0 के द्वारा प्रकाशित निविदा को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियन्ता,
एन0आर0ई0पी0, लोहरदगा।

PR.NO.348193 Lohardaga(24-25):D

**झारखण्ड सरकार**
**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (गव्य प्रभाग)**

**जिला गव्य जिला गव्य विकास कार्यालय, लातेहार**

विभागीय राज्यादेश सं० 17 रा० (वि०) दिनांक– 16.07.2024 की कंडिका 17 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2024–25 में राज्य स्तर पर विभाग द्वारा डेयरी दुग्ध उत्पादकों / व्यक्तिगत पशुपालकों को उनके द्वारा डेयरी के क्षेत्र में कार्य किया जा रहा है, उन्हें प्रोत्साहित करने हेतु पुरस्कार दिया जायेगा।

पुरस्कार से संबंधित निःशुल्क आवेदन पत्र दिये गये प्रारूप में भरकर 03 दिनों के अंदर जिला गव्य विकास कार्यालय, लातेहार में जमा करेंगे। साथ ही साथ आवेदन अपना डेयरी फार्म का रंगीन फोटोग्राफ गायों / भैंसों के साथ संलग्न करेंगे।

निःशुल्क आवेदन पत्र जिला गव्य विकास कार्यालय, लातेहार से प्राप्त कर सकते है।

**नोटः– आवेदक आवेदन पत्र के साथ अपना आधार कार्ड की प्रति अवश्य संलग्न करें।**

जिला गव्य विकास पदाधिकारी,
लातेहार

PR 348270 Animal Husbandry(24-25)#D

SWACHH SURVEKSHAN 2024 | आज़ादी का अमृत महोत्सव

**कार्यालयः- नगर पंचायत मझिआँव**
**E-mail :- nagarpanchayatmanzhiaon@gmail.com**

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्त्तन मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा अधिसूचित Plastic waste management Rule2021के प्रावधान के अन्तर्गत मझिआँव नगर पंचायत क्षेत्र में 75 Microns thickness से कम के प्लास्टिक कैरी बैग के निर्माण, आयात, स्टॉकिंग, डिस्ट्रीब्युसन, बिक्री एवं उपयोग को प्रतिबंधित किया गया है।

अतः सूचित किया जाता है कि प्लास्टिक के स्थान पर जूट, कागज या कपड़े के थैलों का उपयोग करें। थार्मोकॉल से बने थाली एवं प्लेट में भोजन करने से कैंसर जैसे विविध असाध्य बीमारीयों के होने की प्रबल संभावना रहती है, इसलिए इसके स्थान पर साल आदि के पत्तों से निर्मित पत्तल एवं प्लेट का उपयोग किया जाय। किसी भी दुकान के पास प्लास्टिक कैरी बैग हो तो वे यथाशीघ्र मझिआँव नगर पंचायत कार्यालय में आकर उसे जमा कर दें और सरकार की प्लास्टिक मुक्त मझिआँव मुहिम में सहयोग करें। प्लास्टिक कैरी बैग के निर्माण, आयात, स्टॉकिंग, डिस्ट्रीब्युसन, बिक्री एवं उपयोग करते हुए हुए पाये जाने पर उपयोगकर्त्ता, दुकानदार एवं अन्य व्यापारी वर्ग के विरूद्व प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियम तथा नगरपालिका अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत अर्थिक दंड के साथ–साथ विधि सम्मत कड़ी कारवाई की जाएगी।

विश्वासभाजन
कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत मझिआँव

PR 348259 Urban Development(24-25).D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम,गढ़वा**

**जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट (DMFT)**
**अल्पकालिन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा संख्या –2/2024-25/NREP/GARHWA    दिनांक –08.03.2025

1.कार्य का विवरण :–

| क्र0 | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में) | प्राक्कलित राशि अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गढ़वा | ग्राम–अचला में इसमाईल अंसारी के घर से असगर अंसारी के घर तक पथ निर्माण। | 62.937 | बासठ लाख तीरानवे हजार सात सौ रू0। | 03 (तीन) महीना |
| 2 | मेराल | ग्राम–बसरिया में मुख्य पथ नारायण चन्द्रवंशी के घर से लेकर गोविन्द भुईया के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। (ल0–300 फीट) | 15.770 | पन्द्रह लाख सतहत्तर हजार रू0 | 03 (तीन) महीना |
| 3 | मेराल | ग्राम–दुलदुलवा, बंगलवाटांड, ब्रहाम्देव रवि के घर से उपेन्द्र रवि के घर तक पथ निर्माण। (ल0–300 फीट) | 13.060 | तेरह लाख छः हजार रू0 | 03 (तीन) महीना |

2. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 18.03.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 26.03.2025 अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 28.03.2025 पूर्वाह्न 11:30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, गढ़वा।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0: 9955921643

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम,गढ़वा

PR 348265 NREP(24-25).D

सुप्रभात

विचार प्रवाह

दया ईश्वरानुभूति के लिए आवश्यक है, क्योंकि ईश्वर स्वयं इस गुण से आप्लावित हैं। सहृदय व्यक्ति स्वयं को दूसरों के स्थान पर रख उनकी पीड़ा का अनुभव कर उसे दूर करने का प्रयास कर सकते हैं। **- श्री श्री परमहंस योगानंद**

## संपादकीय

## निजी अस्पतालों की लूट पर रोक लगे

हर नागरिक को भोजन, आवास, शिक्षा और चिकित्सा उपलब्ध कराना सरकारों का उत्तरदायित्व है जिसका पालन करने में अरबों रुपए हर वर्ष खर्च किए जाते हैं। बहाली में बेईमानी से लेकर काम के प्रति लापरवाही जैसे आरोपों के कारण सरकारी चिकित्सा व्यवस्था आज भी पर्याप्त नहीं है जिस कारण निजी चिकित्सा या अस्पताल समानांतर रूप से विकसित होते होते आज विकराल रूप ले चुके हैं। इन अस्पतालों में बहाली में कोई रियायत या पैरवी नहीं चलती और साफ सफाई से लेकर इलाज में देर नहीं होती जबकि सरकारी संस्थाओं को जानबूझकर भी बर्बाद किया जाता है ताकि निजी अस्पताल फल फूल सकें। रांची सहित देश के विभिन्न भागों से मनमने रेट पर इलाज और मरीजों को डराकर उल्टी सीधी रकम वसूलने की शिकायतें आती रहिती हैं जिसमें कई बार मारपीट तक हुई है। जनस्वास्थ्य से जुड़े चिकित्सा पेशा या स्वास्थ्य व्यवसाय को सिर्फ कारोबारी लाभ के नजरिए से नहीं देखा जा सकता है। देश में लागू नई आर्थिक नीतियों से उपजी नैतिक व कानूनी महामारी के दौर में जीवन का हर क्षेत्र प्रभावित हो रहा है। दुर्भाग्य है कि चिकित्सा पेशा भी इससे वंचित नहीं है। चर्चा है कि महज आर्थिक लाभ के उद्देश्य से चिकित्सक महंगी जांच और अनावश्यक दवाइयां लिख रहे हैं। जानलेवा ऑपरेशन करने और अंगों के कारोबार तक से बाज नहीं आ रहे हैं। प्रशासनिक भ्रष्टाचार और न्यायिक जटिलताओं से ऐसे बहुत कम मामले हैं जो कोर्ट की दहलीज तक पहुंच पाते हैं। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट द्वारा राज्य सरकारों से यह कहना कि वे प्राइवेट अस्पतालों में मरीजों और उनके परिजनों के 'शोषण' को रोकने के लिए उचित नीतिगत फैसला लें। जनहित के इस सवाल पर राज्य सरकारों को तुरंत एक्शन में आना चाहिए। एक जनहित याचिका में आरोप लगाया गया था कि प्राइवेट अस्पतालों और उनकी फार्मेसी में एमआरपी से ज्यादा कीमत वसूली जा रही है। लिहाजा, कोर्ट ने इन अस्पतालों पर खुद से प्रतिबंध लगाने से इनकार किया और कहा कि ये संविधान में राज्य सूची का विषय है, इसलिए राज्य सरकारें ही इस पर व्यापक दृष्टिकोण से विचार कर सकती है। वही उचित गाइडलाइंस बना सकती हैं। इसमें संतुलित दृष्टिकोण अपनाना होगा, जिससे न तो मरीजों और उनके परिजनों का शोषण हो और न ही प्राइवेट अस्पतालों के कामकाज पर बेवजह प्रतिबंध लगे। यह जनहित याचिका एक कानून के छात्र सिद्धार्थ डालमिया ने दायर की है। इसमें कहा गया है कि 'उनकी मां को पिछले साल कैंसर हुआ था और वह अब ठीक हो चुकी है। लेकिन उनके इलाज के दौरान प्राइवेट अस्पतालों में जबरन महंगी दवाएं खरीदनी पड़ीं। लिहाजा, इनकी गुहार है कि मरीजों और परिजनों को यह आजादी मिले कि वे अपनी पसंद की फार्मेसी से दवाएं, मेडिकल इक्विपमेंट आदि खरीद सकें। हालांकि, केंद्र ने कोर्ट में कहा है कि मरीजों पर विशेष फार्मेसी से दवाएं, मेडिकल इक्विपमेंट लेने की बाध्यता नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देना सरकार की जिम्मेदारी है। भले ही बढ़ती आबादी के कारण सरकार को प्राइवेट अस्पतालों की मदद लेनी पड़ी, लेकिन इसमें मरीजों का शोषण नहीं होना चाहिए।

*देश में लागू नई आर्थिक नीतियों से उपजी नैतिक व कानूनी महामारी के दौर में जीवन का हर क्षेत्र प्रभावित हो रहा है।*

# हारे का सहारा हैं खाटू के श्री श्याम

राजस्थान के सीकर जिले में स्थित खाटू श्याम मंदिर, बाबा श्याम जी के लिए प्रसिद्ध है। यह मंदिर भारत के सबसे प्रसिद्ध मंदिरों में गिना जाता है। खाटू श्याम जी को भगवान श्रीकृष्ण का कलयुगी अवतार माना जाता है। दानशीलता के कारण बर्बरीक ने बिना किसी सवाल के अपना शीश भगवान श्रीकृष्ण को दान दे दिया। इसी दानशीलता के कारण श्रीकृष्ण ने कहा कि तुम कलयुग में मेरे नाम से पूजे जाओगे। तुम कलयुग का अवतार कहलाओगे और हारे का सहारा बनोगे। इसलिए उन्हें हारे का सहारा भी कहा जाता है। खाटू श्याम जी के मंदिर में दर्शन के लिए हर दिन लाखों भक्त आते हैं। यहां फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष की द्वादशी को श्याम बाबा का विशाल वार्षिक मेला लगता है, जिसमें देश-विदेशों से आये करीबन 30 लाख श्रद्धालु शामिल होते हैं। खाटू श्याम का मेला राजस्थान के बड़े मेलों में से एक है।

इस मंदिर में भीम के पौत्र और घटोत्कच के पुत्र बर्बरीक की श्याम यानी कृष्ण के रूप में पूजा की जाती है। इस मंदिर के लिए कहा जाता है कि जो भी इस मंदिर में जाता है उन्हें श्याम बाबा का नित नया रूप देखने को मिलता है। कई लोगों को तो इस विग्रह में कई बदलाव भी नजर आते हैं। कभी मोटा तो कभी दुबला। कभी हंसता हुआ तो कभी ऐसा तेज भरा कि नजरें भी नहीं टिक पातीं। श्याम बाबा का धड़ से अलग शीष और धनुष पर तीन वाण की छवि वाली मूर्ति यहां स्थापित की गई। कहते हैं कि मन्दिर की स्थापना महाभारत युद्ध की समाप्ति के बाद स्वयं भगवान कृष्ण ने अपने हाथों की थी।

श्याम बाबा की कहानी महाभारत काल से आरम्भ होती है। वे पहले बर्बरीक के नाम से जाने जाते थे तथा भीम के पुत्र घटोतकच और नाग कन्या अहिलवती के पुत्र थे। बाल्यकाल से ही वे बहुत वीर और महान योद्धा थे। उन्होने युद्ध कला अपनी मां से सीखी। भगवान शिव की घोर तपस्या करके उन्हें प्रसन्न किया और उनसे तीन अभेद्य बाण प्राप्त कर तीन बाणधारी के नाम से प्रसिद्ध हुए। अग्नि देव ने प्रसन्न होकर उन्हें धनुष प्रदान किया जो उन्हें तीनों लोकों में विजयी बनाने में समर्थ थे।

कौरवों और पाण्डवों के मध्य महाभारत युद्ध का समाचार बर्बरीक को प्राप्त हआ तो उनकी भी युद्ध में सम्मिलित होने की इच्छा जागृत हुई। जब वे अपनी मां से आशीर्वाद प्राप्त करने पहुंचे तब मां को हारे हुये पक्ष का साथ देने का वचन दिया। महाभारत के युद्ध में भाग लेने के लिये वे अपने नीले रंग के घोड़े पर सवार होकर धनुष व तीन बाणों के साथ कुरूक्षेत्र की रणभूमि की और अग्रसर हुए।

भगवान श्रीकृष्ण ने ब्राह्मण वेश धारण कर बर्बरीक से परिचित होने के लिये उसे रोका और यह जानकर उनकी हंसी भी उड़ायी कि वह मात्र तीन बाण से युद्ध में सम्मिलित होने आया है। ऐसा सुनने पर बर्बरीक ने उत्तर दिया कि मात्र एक बाण शत्रु सेना को ध्वस्त करने के लिए पर्याप्त है और ऐसा करने के बाद बाण वापस तरकश में ही आयेगा। यदि उन्होंने तीनो बाणों को प्रयोग में ले लिया गया तो तीनों लोकों में हाहाकार मच जाएगा। इस पर कृष्ण ने उन्हें चुनौती दी कि इस पीपल के पेड़ के सभी पत्रों को छेद कर दिखलाओ। जिसके नीचे दोनो खड़े थे। बर्बरीक ने चुनौती स्वीकार की और अपने तुणीर से एक बाण निकाला और ईश्वर को स्मरण कर बाण पेड़ के पत्तों की और चलाया।

तीर ने क्षण भर में पेड़ के सभी पत्तों को भेद दिया और कृष्ण के पैर के इर्द-गिर्द चक्कर लगाने लगा। क्योंकि एक पत्ता उन्होंने अपने पैर के नीचे छुपा लिया था। तब बर्बरीक ने कृष्ण से कहा कि आप अपने पैर को हटा लीजिए वर्ना ये आपके पैर को चोट पहुंचा देगा। कृष्ण ने बालक बर्बरीक से पूछा कि वह युद्ध में किस और से सम्मिलित होगा तो बर्बरीक ने अपनी मां को दिए वचन दोहराते हुए कहा कि वह युद्ध में निर्बल और हार की ओर अग्रसर पक्ष की तरफ से भाग लेगा। कृष्ण जानते थे कि युद्ध में हार तो कौरवों की ही निश्चित है। अगर बर्बरीक ने उनका साथ दिया तो परिणाम उनके पक्ष में ही होगा।

ब्राह्मण बने कृष्ण ने बालक बर्बरीक से दान की अभिलाषा व्यक्त की। इस पर वीर बर्बरीक ने उन्हें वचन दिया कि अगर वो उनकी अभिलाषा पूर्ण करने में समर्थ होगा तो अवश्य करेगा। कृष्ण ने उनसे शीश का दान मांगा। बालक बर्बरीक क्षण भर के लिए चकरा गया परंतु उसने अपने वचन की दृढ़ता जतायी। बालक बर्बरीक ने ब्राह्मण से अपने वास्तिवक रूप में आने की प्रार्थना की और कृष्ण के बारे में सुन कर बालक ने उनके विराट रूप के दर्शन की अभिलाषा व्यक्त की। तब कृष्ण ने उन्हें अपना विराट रूप दिखाया।

उन्होंने बर्बरीक को समझाया कि युद्ध आरम्भ होने से पहले युद्धभूमि की पूजा के लिये एक वीर क्षत्रिय के शीश के दान की आवश्यक्ता होती है। उन्होंने बर्बरीक को युद्ध में सबसे बड़े वीर की उपाधि से अलंकृत कर उनका शीश दान में मांगा। बर्बरीक ने उनसे प्रार्थना की कि वह अंत तक युद्ध देखना चाहता है। श्रीकृष्ण ने उनकी यह बात स्वीकार कर ली। फाल्गुन माह की द्वादशी को उन्होनें अपने शीश का दान दिया। उनका सिर युद्धभूमि के समीप ही एक पहाड़ी पर सुशोभित किया गया जहां से बर्बरीक सम्पूर्ण युद्ध का जायजा ले सकते थे।

युद्ध की समाप्ति पर पांडवों में ही आपसी खिंचाव हुआ कि युद्ध में विजय का श्रेय किसको जाता है। इस पर कृष्ण ने उन्हें सुझाव दिया कि बर्बरीक का शीश सम्पूर्ण युद्ध का साक्षी है, उससे बेहतर निर्णायक भला कौन हो सकता है। सभी इस बात से सहमत हो गए। बर्बरीक के शीश ने उत्तर दिया कि कृष्ण ही युद्ध में विजय प्राप्त कराने में सबसे महान पात्र हैं। उनकी शिक्षा, उनकी उपस्थिति, उनकी युद्धनीति ही निर्णायक थी। उन्हें युद्धभूमि में सिर्फ उनका सुदर्शन चक्र घूमता हुआ दिखायी दे रहा था जो कि शत्रु सेना को काट रहा था। महाकाली दुर्गा कृष्ण के आदेश पर शत्रु सेना के रक्त से भरे प्यालों का सेवन कर रही थी।

कृष्ण वीर बर्बरीक के महान बलिदान से काफी प्रसन्न हुये और वरदान दिया कि कलियुग में तुम श्याम नाम से जाने जाओगे, क्योंकि कलियुग में हारे हुये का साथ देने वाला ही श्याम नाम धारण करने में समर्थ होगा। ऐसा माना जाता है कि एक बार एक गाय उस स्थान पर आकर अपने स्तनों से दुग्ध की धारा स्वतरू ही बहा रही थी, बाद में खुदायी के बाद वह शीश प्रकट हुआ।

एक बार खाटू के राजा को स्वप्न में मन्दिर निर्माण के लिये और वह शीश मन्दिर में सुशोभित करने के लिये प्रेरित किया गया। तदन्तर उस स्थान पर मन्दिर का निर्माण किया गया और कार्तिक माह की एकादशी को शीश मन्दिर में सुशोभित किया गया, जिसे बाबा श्याम के जन्मदिन के रूप में मनाया जाता है। मूल मंदिर 1027 ई. में रूपसिंह चौहान और उनकी पत्नी नर्मदा कंवर द्वारा बनाया गया था। मारवाड़ के शासक ठाकुर के दीवान अभय सिंह ने ठाकुर के निर्देश पर 1720 ई0 में मंदिर का जीर्णोद्धार कराया। मंदिर इस समय अपने वर्तमान आकार ले लिया और मूर्ति गर्भगृह में प्रतिष्ठापित किया गया था। मूर्ति दुर्लभ पत्थर से बनी है। प्रशासन यहां की व्यवस्था को लेकर पूरा सजग है। जिला प्रशासन व मंदिर प्रबंध कमेटी ने मिलकर खाटू श्याम मंदिर परिक्षेत्र में कई नई सुविधाओं को प्रारंभ किया है। यहां के आम रास्तों को 40 फीट तक चौड़ा किया गया है। मंदिर में दर्शन करने की व्यवस्था में भी आमूलचूल परिवर्तन किया गया है। इससे मंदिर में दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं को काफी सुविधा हो रही है। सरकार ने मंदिर परिसर क्षेत्र के विकास की घोषणा की है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

**विशेष मेला (11 मार्च) पर विशेष**



आज की बात



**रमेश सर्राफ धमोरा**

## ये त्यौहार संडे को क्यों पड़ते हैं

एक समय की बात है, भारत के एक छोटे से शहर में रामलाल नाम का एक कर्मठ कर्मचारी रहता था। रामलाल सरकारी दफ्तर में काम करता था और उसकी जिंदगी का सबसे बड़ा सुख त्योहारों पर मिलने वाली छुट्टियाँ थीं। वह पूरे साल इन छुट्टियों का बेसब्री से इंतजार करता, मानो ये छुट्टियाँ नहीं, बल्कि स्वर्ग से उतरी कोई वरदान हों। एक दिन, जब रामलाल अपने दफ्तर में बैठा चाय की चुस्कियाँ ले रहा था, तभी उसके सहकर्मी श्यामू ने कहा, "रामलाल भाई, सुना है इस साल कई त्योहार संडे को पड़ रहे हैं।" रामलाल के हाथ से चाय का कप लगभग छूट गया। उसने घबराते हुए पूछा, "क्या? कौन-कौन से त्योहार?" श्यामू ने मुस्कुराते हुए कहा, "गणतंत्र दिवस, गुड़ी पड़वा, राम नवमी... और भी कई हैं।" रामलाल का चेहरा ऐसे लटक गया जैसे किसी बच्चे से उसकी पसंदीदा टॉफी छीन ली गई हो। उसने बड़बड़ाते हुए कहा, "ये तो सरासर नाइंसाफी है। त्योहारों का काम ही है हमें अतिरिक्त छुट्टी देना, और ये संडे को पड़कर हमारी छुट्टी खा रहे हैं।" उस शाम, रामलाल घर पहुंचा और कैलेंडर लेकर बैठ गया। उसने देखा कि वाकई इस साल कई प्रमुख त्योहार संडे को पड़ रहे हैं। उसने सोचा, "ये तो वही बात हो गई कि ऊपर से कुर्सी खींच ली जाए।"

अगले दिन, दफ्तर में रामलाल ने अपने साथियों के साथ इस "गंभीर समस्या" पर चर्चा की। सबने मिलकर तय किया कि वे बॉस से मिलकर अतिरिक्त छुट्टियों की मांग करेंगे। बॉस, जो खुद भी छुट्टियों के शौकीन थे, ने उनकी बात सुनी और कहा, "देखो भाई, त्योहारों की तारीखें तो हम नहीं बदल सकते। लेकिन हम एक प्रस्ताव सरकार को भेज सकते हैं कि जब भी कोई त्योहार संडे को पड़े, तो सोमवार को छुट्टी दी जाए।" रामलाल और उसके साथियों की आंखों में उम्मीद की किरण जगी। उन्होंने तुरंत एक पत्र तैयार किया और सरकार को भेज दिया। कुछ हफ्तों बाद, सरकार की ओर से जवाब आया। पत्र में लिखा था, "आपका प्रस्ताव प्राप्त हुआ। सरकार ने इस पर गंभीरता से विचार किया और निर्णय लिया है कि भविष्य में कोई भी त्योहार संडे को नहीं पड़ेगा। इसके लिए एक विशेष समिति बनाई जाएगी जो त्योहारों की तारीखें निर्धारित करेगी, ताकि वे हमेशा वीकेंड में ही पड़ें।" रामलाल और उसके साथियों ने राहत की सांस ली। उन्हें लगा कि उनकी मेहनत रंग लाई। लेकिन, जैसा कि होता है, सरकार की विशेष समिति ने काम शुरू किया। उन्होंने पंचांग, खगोल विज्ञान, और न जाने किन-किन विद्वानों से परामर्श किया। अंततः उन्होंने निर्णय लिया कि सभी त्योहारों की तारीखें बदल दी जाएं, ताकि वे कभी भी संडे को न पड़ें। परिणामस्वरूप, अगले साल दिवाली बुधवार को, होली गुरुवार को, और ईद शुक्रवार को पड़ने लगी। रामलाल और उसके साथी खुश थे कि अब उन्हें अतिरिक्त छुट्टियाँ मिलेंगी।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

अलग बात



**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त**

# सोमवार को ही क्यों होतें हैं हार्ट अटैक के सबसे अधिक मामले

विगत कुछ दशकों से हार्ट अटैक के मामलों में पर्याप्त बढ़ोत्तरी देखने सुनने को मिल रही है। सीने में दर्द, दबाव, जकड़न, जलन और सांस फूलने के साथ साथ यदि बांह, गर्दन, जबड़े, पीठ या पेट में तीखा दर्द जैसा कुछ हो रहा हो तो इनमें से तमाम लक्षणों को अमूमन हार्ट अटैक का लक्ष्मण माना जाता है। जानकारों के अनुसार यह सीने में दर्द के साथ या बगैर दर्द के भी ठंडा पसीना, चक्कर, मतली और थकान के रूप में भी हमें अपनी गिरफ्त में ले सकता है। कई मामलों में मांसपेशियों में खिंचाव या अपच जैसी स्थिति में भी हमें उपरोक्त लक्षण नजर आने लगते हैं। इन लक्षणों में से हदयाघात की पुष्टि के लिए हमें विशेषज्ञ की जरूरत होती है परन्तु हार्ट अटैक को लेकर कुछ ऐसे भी तथ्य सामने आ रहे हैं जिनकी जानकारी के लिए किसी विशेषज्ञ की नहीं बल्कि एक आकलनकर्ता की ओर गंभीरतापूर्वक देखना पड़ रहा है। ऐसा इसलिए कि आ रही रिपोर्टों की मानें तो सबसे ज्यादा हार्ट अटैक के मामले सप्ताह की शुरुआत में ही आते हैं। विश्व के अधिकांश भागों में अमूमन सप्ताह की शुरुआत सोमवार से होती है और यह जानकर आप चौंक जाएंगे कि हार्ट अटैक के सबसे अधिक मामले ऐसे ही किसी सोमवार को दर्ज किए जाते हैं। अभी तक इस खतरनाक से ट्रेंड को लेकर किसी वैज्ञानिक शोध की बातें सार्वजनिक पटल पर लोकप्रिय नहीं है जबकि ब्लैक सोमवार का यह माजरा एक कड़वी हकीकत बनकर सामने आ रही है। प्रचारित वैज्ञानिक शोधों के अभाव के बीच आ रही मीडिया रिपोर्टों की मानें तो इस खतरनाक ट्रेंड की सच्चाई के पीछे यह माना जा रहा है कि हफ्ते का पहला दिन अर्थात "सोमवार" प्रायः तनाव और भागदौड़ से भरा हुआ होता है। यह सर्वविदित है कि दिल का सीधा संबंध हमारी मानसिक स्वास्थ्य के साथ होता है। इस संदर्भ में यह निर्विवाद तथ्य भी है कि मानसिक तनाव को हार्ट अटैक या हार्ट फेल्योर का एक बड़ा कारण माना जाता है। इस संबंध में ब्रिटिश कार्डियोवास्कुलर सोसायटी (बीसीएस) के कॉन्फ्रेंस-2023 में पेश किए गए एक अध्ययन में दिल के दौरे (हार्ट अटैक) को लेकर जो जानकारी अब सामने आ रही है उसके अनुसार भी हफ्ते के किसी अन्य दिन की तुलना में सोमवार को हार्ट अटैक के अधिक मामले दर्ज किए जाते हैं। दावा यह किया जा रहा है कि शोध का यह कार्य "बेलफास्ट हेल्थ एंड सोशल केयर ट्रस्ट" और "रॉयल कॉलेज ऑफ सर्जन्स आयरलैंड" तत्वावधान में डॉक्टरों की एक टीम के द्वारा लगातार पांच वर्षों के सघन प्रयास के माध्यम से किया गया है। इसमें शोधकर्ताओं ने 2013 से 2018 के बीच 10 हजार से अधिक हार्ट अटैक के रिकॉर्ड्स की गहन जाँच की। इस जाँच में सबसे गंभीर प्रकार के हार्ट अटैक और एसटी-सेगमेंट एलिवेशन मायोकार्डियल इन्फार्क्शन (STEMI) के कारण अस्पताल में भर्ती मरीजों के आंकड़ों को शामिल किया गया। इस अध्ययन में यह पाया गया कि हफ्ते की शुरुआत में (खासकर सोमवार को) ऐसे गंभीर हार्ट अटैक की घटनाएं 13% तक बढ़ जाती हैं। इस संबंध में शोध से जुड़े एक डॉक्टर जैक लैफन के द्वारा डेली मेल में प्रकाशित आलेख के हवाले से यह बताया जा रहा है कि पश्चिमी देशों में इस तरह के ट्रेंड पहले भी देखे गए हैं। अब भारत में भी ऐसे किसी प्रयास की जरूरत महसूस की जा रही है क्योंकि मामला भले पाश्चात्य देशों से संबंधित हो परन्तु ऐसे किसी तथ्य को हल्के में नजरअंदाज भी नहीं किया जा सकता। ऐसा इसलिए भी जरूरी है क्योंकि पिछले कुछ वर्षों के दौरान भारत में भी हार्ट अटैक के मामलों में अप्रत्याशित बढ़ोत्तरी के मामले सामने आ रहे हैं और विशेषकर सर्दियों में और सुबह के समय हार्ट अटैक की संभावना अधिक होने की बात यहाँ भी हर चिकित्सकीय सलाह में शामिल होने लगी है। इसके अतिरिक्त ऐसे स्ट्रोक्स के मामलों में जब पश्चिम के डॉक्टरों का यह मानना है कि सप्ताह की शुरुआत में हार्ट अटैक की पुनरावृत्ति का एक कारण हमारे सर्केडियन रिद्म (बायोलॉजिकल क्लॉक) में होने वाले बदलाव हो सकते हैं तो भारतीय मानव शरीर संरचना को भी इससे अलग करके नहीं देखा जा सकता।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**





आपकी बात



**केदारनाथ दास**
बसिया, गुमला

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

जहाँ जहाँ रावण मिलें, चलो आखिरी दांव।
लोग उठाये घूमते, अंगद जैसा पांव।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# क्रिकेट चैंपियनों के रंग में रंग गया रंगों का त्यौहार होली

विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत में जहाँ एक ओर अभी-अभी सदी का महाकुंभ नये विश्व कीर्तिमान स्थापित कर समाप्त हुआ है। वहीं देश की जनता क्रिकेट से इतना लगाव रखती है कि होली के मुहावने पर न्यूजीलैंड के साथ चैपियनशिप के फाइनल मैच में अनेक उतार-चढ़ाव के बाद आखिरकार भारत ने तीसरी बार चैंपियन बनकर एक ओर विश्व रिकार्ड अपने नाम कर दिया है। मैच समाप्त होने के बाद प्रशंसकों की दीवानगी का अनुमान इसी बात से लगाया जा सकता है कि देश के हर गाँव-शहर हर कॉलोनी में इतने पटाखे छोडे जा रहे थे कि मानो दिवाली आ गई हो। दो-तीन दिन बाद होली का त्यौहार है किन्तु देश में यदि एक-दूसरे पर रंग फेंक कर होली मनाई जा रही थी तो दूसरी ओर धड़ाधड़ा बम फोड़कर दिवाली भी मनाई जा रही थी। टीम के कैप्टन ने सचिन की तरह आलोचकों को अपने रन उगलते बल्ले से खरा जवाब दिया तो श्रेयश अय्यर ने लड़खड़ाती पारी को संभालते हुए देश के प्रशंसकों को होली और दीवाली दोनों एक साथ मनाने का अवसर दिया। यद्यपि लोग अभी क्रिकेट की दिवाली मना रहे हैं किन्तु वहीं रंगों से सरोबार होली का त्योहार भी हर घर दस्तक दे रहा है ।होली का त्योहार भारतवर्ष में अति प्राचीनकाल से मनाया जाता आ रहा है। यद्यपि यह देश के हर क्षेत्र में किसी न किसी रूप में मनाया जाता है तथापि त्यौहार के नाम में परिवर्तन हो सकता है। होली बहुत ही प्राचीन परम्परागत त्यौहार है । इतिहास की दृष्टि से देखें तो यह वैदिक काल से मनाया जाता आ रहा है। चैत्र कृष्ण प्रतिप्रदा के दिन धरती पर प्रथम मानव मनु का जन्म हुआ था। इस कारण इसे मन्वादितिथि भी कहते हैं। इसी दिन कामदेव का पुनर्जन्म हुआ था। इन सभी खुशियों को व्यक्त करने के लिए रंगोत्सव मनाया जाता है। नरसिंह रूप में भगवान इसी दिन प्रकट हुए थे जिन्होंने होलिका दहन करके प्रहलाद को बचाया था। यद्यपि दिवाली की भाँति होली पर्व के अवसर पर महीनों पहले सजावट का उत्साह, बाजार व घरों आदि में वैसी तैयारियां दिखाई नहीं देती तथापि होली का महत्व किसी भी अन्य त्यौहार से कम नहीं आँका जा सकता बल्कि इसका महत्व औरों से अधिक ही माना जाता है। बहुत ही कम खर्चीला त्योहार है होली। न हजारों रुपये के पटाखे लाने पड़ते न बहुत ज्यादा साज-सजावट और फिर भी मस्ती सबसे अधिक।

भारत में होली का उत्सव अलग-अलग प्रदेशों में भिन्न-भिन्न ढंग से मनाया जाता है। उत्तर भारत में तो अपनी स्थानीय परम्पराओं से होली को और भी रंगीन बना दिया जाता है । विविधता में एकता के दर्शन वास्तव में यदि कहीं देखने हो तो होली पर्व पर दिखाई देते हैं। ब्रज की होली आज भी सारे देश के आकर्षण का बिंदु है। बरसाने की लठमार होली काफ़ी प्रसिद्ध है। बरसाने की साँकरी गली से ग्वालों के रूप में जब मर्द निकलते हैं तो गोपियों के रूप में महिलाएं पहले तो रंगों से भरी बाल्टी उड़ेलकर होली को रंगीन बना देती है और फिर लट्ठमार होली प्रारंभ होती है ।इसमें पुरुष महिलाओं पर रंग डालते हैं और महिलाएँ उन्हें लाठियों तथा कपड़े के बनाए गए कोड़ों से मारती हैं। न केवल देश से अपितु विदेश से भी लोग यहां होली में शामिल होने को आतुर रहते हैं। इसी प्रकार मथुरा और वृंदावन में भी 15 दिनों तक होली का पर्व मनाया जाता है। हरियाणा की धुलंडी में भाभी द्वारा देवर को सताए जाने की प्रथा देखते ही बनती है। इसके अतिरिक्त महाराष्ट्र की रंग पंचमी में सूखा गुलाल खेलने, गोवा के शिमगो में जलूस निकालने के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन तथा पंजाब के होला मोहल्ला में सिक्खों द्वारा शक्ति प्रदर्शन की परंपरा है। बैल गाड़ी दौड़, घुड़ दौड़, वजन उठाना, कबड्डी आदि होली के आकर्षण होते हैं। हरियाणा ,पंजाब ,हिमाचल प्रदेश व उत्तरप्रदेश में होली के अवसर पर जगह-जगह कुश्ती के दंगल आयोजित करने की परम्परा है। रंगों से रंगे पहलवान जब अखाड़े में उतरते हैं तो कुश्ती की जोरअजमाइश में पसीनों से लथपथ वे माटी से सने हुये होली के रंगो की तरह दिखाई देते हैं । दक्षिण गुजरात के आदिवासियों के लिए होली सबसे बड़ा पर्व है, छत्तीसगढ़ की होली में लोक गीतों की अद्भुत परंपरा है और मध्यप्रदेश के मालवा अंचल के आदिवासी इलाकों में बेहद धूमधाम से मनाया जाता है भगोरिया, जो होली का ही एक रूप है। बिहार का फगुआ जम कर मौज मस्ती करने का पर्व है और नेपाल की होली में इस पर धार्मिक व सांस्कृतिक रंग दिखाई देता है। इसी प्रकार विभिन्न देशों में बसे प्रवासियों तथा धार्मिक संस्थाओं जैसे इस्कॉन या वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर में अलग अलग प्रकार से होली के श्रृंगार व उत्सव मनाने की परंपरा है जिसमें अनेक समानताएँ और भिन्नताएँ हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

देश की बात



**डॉ उमेश प्रताप वत्स**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाइं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 ।प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# रंगभरी एकादशी पर काशी विश्वनाथ मंदिर का नजारा, गूंजा 'हर-हर महादेव'



**वाराणसी।** रंगभरी एकादशी पर्व पर सोमवार को श्री काशी विश्वनाथ धाम में उत्सव सरीखा नजारा है। काशीवासियों सहित दरबार में आए देश विदेश के श्रद्धालु बाबा विश्वनाथ का गौना उत्सव पूरी श्रद्धा, उमंग और उल्लास के साथ मना रहे हैं। शिवभक्त परंपराओं का पालन करते हुए श्री काशी विश्वनाथ और माता गौरा के रजत विग्रह पर हल्दी, अबीर-गुलाल और पुष्प अर्पित कर रहे हैं। इस पर्व की अद्भुत ऊर्जा और महिमा महादेव के भक्तों को न केवल उत्साहित कर रही है, बल्कि समस्त धाम में आध्यात्मिक छटा भी बिखेर रही है। धाम परिसर में जब फूलों से सुसज्जित पालकी पर विराजमान श्री काशी विश्वनाथ महादेव और माता गौरा की रजत प्रतिमा ने भ्रमण आरंभ किया, तो हर कोने से "हर हर महादेव" का उद्घोष गूंजने लगा। यह दृश्य आस्था, श्रद्धा और भक्ति के अद्वितीय संगम का प्रतीक बन गया, जिससे सम्पूर्ण धाम में एक अद्भुत दिव्यता और रौनक दिखाई दी। बाबा और गौरा की प्रतिमाओं के भ्रमण के दौरान भक्तों में जोश भर दिया। श्रद्धालुओं ने श्रद्धा और प्रेम से बाबा काशी विश्वनाथ और माता गौरा को हल्दी लगाकर गुलाल अर्पित किया। बाबा के गौना उत्सव रंगभरी एकादशी का उल्लास काशी के कोने-कोने में महसूस हो रहा है।

## राधा दामोदर में होली का आगाज, श्रद्धालुओं ने लगाया एक-दूजे को गुलाल

**मथुरा।** मथुरा के वृंदावन स्थित ठाकुर श्री राधा दामोदर मंदिर में रंगीली महोत्सव का आगाज हो गया है। मंदिर परिसर में ब्रज की गोपियों ने होली के गीत गाए। इस दौरान देश-विदेश से आए भक्त होली के रंग में सराबोर दिखाई दिए। मंदिर सेवायत आचार्य कृष्ण बलराम गोस्वामी ने आईएएनएस से बातचीत में बताया कि आज से मंदिर में होली का आगाज हो गया है। मंदिर परिसर में ब्रज की महिलाओं द्वारा होली के गीतों का गायन किया गया। साथ ही भगवान श्रीकृष्ण और राधा के स्वरूपों के साथ फूल की होली का भी आयोजन हुआ है। यह उत्सव मंदिर की मां गोसाई आचार्या तरूलता गोस्वामी के सानिध्य में मनाया गया है। उन्होंने कहा, "ब्रज में 40 दिनों तक होली मनाई जाती है, जिसमें बरसाना, नंदगाव समेत कई क्षेत्रों में अलग-अलग तरीके से होली मनाई जाती है। आज रंगभरी एकादशी है और इस दिन बिहारी जी भक्तों के साथ होली खेलना शुरू कर देते हैं। ठाकुर जी अलग-अलग तरीकों से होली खेलते हैं। यहां जैसी होली पूरे विश्व में कहीं भी नहीं मनाई जाती है। यहां की होली में ठाकुर जी का रंग और प्रेम भी झलकता है। बरसाना की होली खेलने आईं श्रद्धालु कीर्ति सुदर्शन सेन ने कहा कि मैं राजस्थान से पहली बार यहां आई हूं और यहां की होली खेलकर मुझे स्वर्ग के दर्शन हो गए हैं। मैंने ऐसी होली कभी नहीं खेली है और यहां आने के बाद ऐसा लग रहा है कि हर साल यहां की होली ही मनाई जाए। श्रद्धालु अंतिमा ने आईएएनएस से बातचीत में कहा कि बरसाना की होली का अहसास अलग ही होता है। यहां आकर ऐसा प्रतीत हो रहा है कि खुद ठाकुर जी ही सभी को गुलाल लगा रहे हैं। प्राचीन परंपरा के अनुसार, ठाकुर जी को होली के रसिया अनुरूप पोशाक धारण कराई जाती है और ब्रज के पारंपरिक मिष्ठान जैसे गुजिया, जलेबी, मालपुआ, शकरपारे, रबड़ी, गुड़ निर्मित मिठाइयां, मठरी, कचौरी, पूड़ी का भोग लगाया जाता है। यह भोग ठाकुर जी को होली तक लगाया जाता है।

## बिहार के भोजपुर में अपराधियों ने दिनदहाड़े शोरूम में हथियार के बल पर की लूटपाट

**एजेंसी। आरा**



बिहार के भोजपुर जिला मुख्यालय आरा में अज्ञात अपराधियों ने सोमवार को एक बड़ी घटना को अंजाम देते हुए एक आभूषण शोरूम में धावा बोल दिया और वहां लूटपाट कर आराम से फरार हो गए। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

शोरूम के कर्मचारियों के मुताबिक, जब स्टॉक निकाला ही जा रहा था तभी सात से आठ अपराधी शोरूम पहुंच गए और सभी कर्मचारियों को अपने कब्जे में लिया और लूटपाट की घटना को अंजाम दिया। अपराधियों की संख्या सात से आठ बताई जा रही है। इनमें एक अपराधी ने मास्क लगाया था, जबकि अन्य सभी अपराधी मुंह खुला रखे थे। बताया गया कि ग्राहक बनकर पहले दो अपराधी घुसे, जिसके बाद हथियार के बल पर लूटपाट की गई। इस दौरान लुटेरों ने कर्मचारियों के साथ मारपीट भी की। जानकारी के मुताबिक, इस शोरूम में सुरक्षा के नाम पर दो गार्ड भी थे। अपराधियों ने पहले एक सुरक्षा गार्ड से हथियार का भय दिखाकर उसकी बंदूक लूट ली। कर्मचारियों का आरोप है कि पुलिस को घटना की सूचना देने के बाद भी समय पर नहीं पहुंच सकी। भीड़भाड़ वाले इलाके में दिनदहाड़े अपराधियों की लूटपाट की वारदात को अंजाम देने के बाद पुलिस की कार्यशैली पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं।

हालांकि, अभी तक यह पता नहीं चल सका है कि अपराधियों ने कितने पैसों या गहनों की लूटपाट की है। कर्मचारियों का कहना है कि लुटेरे अधिकांश आभूषण ले गए हैं। अभी स्टॉक मिलाया जा रहा है। स्टॉक मिलाने के बाद ही सही जानकारी मिल सकेगी। पुलिस के मुताबिक, सीसीटीवी फुटेज से अपराधियों की पहचान की जा रही है। पुलिस कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

### नौकरी की मानसिकता बदलें युवा

# रोजगार पाने के बजाय रोजगार उत्पन्न करने वाले बनें : राष्ट्रपति

**एजेंसी। हिसार**

राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु ने विद्यार्थी वर्ग से अग्राह किया है कि वे शिक्षा हासिल करके रोजगार पाने की मानसिकता को बदलें और रोजगार पाने की बजाय रोजगार उत्पन्न करने वाले बनें। यदि हम ऐसा करते हैं तो यह समाज कल्याण व देश की उन्नति में बहुत बड़ा कदम होगा। राष्ट्रपति मुर्मु सोमवार को गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के छठे दीक्षांत समारोह में उपस्थित विद्यार्थियों, डिग्री व गोल्ड मेडल पाने वाले विद्यार्थियों को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि अपने ज्ञान व कौशल के बल पर विद्यार्थी समाज का कल्याण करें और देश की तरक्की में अपना योगदान दें। उन्होंने इस बात पर खुशी जताई कि दीक्षांत समारोह में पीएडी की डिग्री लेने वालों में बेटियों की संख्या 60 प्रतिशत से ज्यादा व पदक लेने वालों में बेटियों की संख्या 75 प्रतिशत से ज्यादा है। इसके लिए उन्होंने उपलब्धि प्राप्त बेटियों, उनके परिजनों व शिक्षकों को बधाई दी और कहा कि यह केवल हरियाणा ही नहीं बल्कि देश के विकास व समाज में महिलाओं की बढ़ती भूमिका का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि गुरु जम्भेश्वर जी, जिनके सम्मान में इस विश्वविद्यालय का नाम रखा गया है, महान संत, दार्शनिक व वैज्ञानिक सोच के धनी थे। उनकी



नैतिक जीवन शैली व पर्यावरण संरक्षण के प्रति उनकी सोच को नमन करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि प्रकृति की रक्षा, जीवों के प्रति करूणा, दया का भाव रखना व उन्हें संरक्षण प्रदान करना मानव का नैतिक दायित्व है। वर्तमाान में हम जिन पर्यावरण संबंधी समस्याओं का हल खोज रहे हैं, उनमें गुरु जम्भेश्वर जी की शिक्षाएं प्रासंगिक हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि विश्वविद्यालय के विद्यार्थी गुरु जम्भेश्वर की शिक्षाओं पर चलकर समाज व देश की तरक्की में अपना योगदान देते रहेंगे। राष्ट्रपति ने कहा कि भारत को ग्लोबल नॉलेज सुपर पावर के रूप में स्थापित करने में उच्च शिक्षण संस्थाओं में किए गए शोध अहम भूमिका निभाएंगे।

राष्ट्रपति ने कहा कि समय की मांग के अनुसार शिक्षा प्रणाली में महत्वपूर्ण बदलाव लाने के लिए नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 लागू की गई। इस बात की खुशी है कि गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय के सभी विभागों में नई शिक्षा नीति लागू कर दी गई है। नई शिक्षा नीति विकास, मौलिक शोध व रचनात्मकता को बढ़ावा देगी और रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध करवाएगी। उन्होंने कहा कि दीक्षांत समारोह में डिग्री व पदक लेने वाले विद्यार्थियों की नई यात्रा की शुरुआत हो रही है। इस नई यात्रा में चुनौतियां भी हैं और अवसर भी हैं। ऐसे में निरंतर सीखते हुए और अपने कौशल को बेहतर करते हुए चुनौतियों को अवसर में बदल सकते हैं।

राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि शिक्षा केवल ज्ञान व कौशल प्राप्त करने का ही साधन नहीं है। शिक्षा मनुष्य में नैतिक सहिष्णुता व करूणा जैसे जीवन मूल्यों को विकसित करने का माध्यम भी है। शिक्षा आपको रोजगार के योग्य बनाने के साथ-साथ सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक भी करती है।

### एजुकेशन व टेक्नोलॉजी का लाभ गांव—गांव पहुंचें

राष्ट्रपति भवन में हुए एक कार्यक्रम में उन्होंने उच्च शिक्षण संस्थाओं में शिक्षण के साथ-साथ शोध कार्यों को बढ़ावा देने का आग्रह किया था। उन्होंने इस बात पर प्रसन्नता जताई कि गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय की 30 वर्ष की यात्रा में यहां के विद्यार्थियों व संकाय सदस्यों के विभिन्न शोध व अनुसंधान परियोजनाओं ने कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की है। इस बात की भी खुशी है कि शोध व रोजगार को बढ़ावा देने के लिए विश्वविद्यालय में कई विशेष विभाग बनाए गए हैं। उन्होंने कहा कि बदलती ग्लोबल डिमांड के अनुसार युवा पीढ़ी को तैयार करना उच्च शिक्षण संस्थाओं के समक्ष बड़ी चुनौती है। देश के संतुलित व सतत विकास के लिए ये भी जरूरी है कि एजुकेशन व टेक्नोलॉजी का लाभ गांव—गांव पहुंचें। इस बात की खुशी है कि गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय में 60 प्रतिशत बच्चे गांव या छोटे शहरों से हैं। ऐसे में गांवों तक शिक्षा व तकनीक पहुंचाने में यह विश्वविद्यालय सहायक सिद्ध हो सकता है। उन्होंने गांवों व छोटे शहरों से आने वाले विद्यार्थियों से भी अपील की कि वे शिक्षा के महत्व का प्रचार-प्रसार करें।

## राजद के आरक्षण पर धरना को लेकर जदयू ने दिखाया आईना

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना में रविवार को राजद कार्यकर्ताओं ने सरकारी नौकरियों में 65 फीसदी आरक्षण लागू करने की मांग को लेकर धरना-प्रदर्शन किया। इस धरने में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव भी शामिल हुए। अब इसे लेकर जदयू ने राजद पर निशाना साधा है। जदयू के मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार ने सोमवार को कहा, "राजद नेता तेजस्वी यादव राजनीतिक बकैती कर रहे हैं? आरक्षण के ठेकेदार बन गए हैं? खुद की पार्टी में टिकट खानदानी, कुर्सी खानदानी, भ्रष्टाचार खानदानी, आरक्षण पर तेरी बात बेइमानी। चारा चरने वालों, पहले अपनी पार्टी में परिवार नहीं, अति पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक को आरक्षण दो। पटना में राजद कार्यालय के बाहर रविवार को आयोजित धरना कार्यक्रम में शामिल होते हुए विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने कहा था कि आरक्षण के मुद्दे पर यह धरना दिया गया है। दलित, आदिवासी, पिछड़ा, अति पिछड़ा को बढ़े हुए आरक्षण का फायदा दिया गया था। उन्होंने भाजपा को आरक्षण चोर बताते हुए कहा कि महागठबंधन सरकार में जातीय गणना हुई। उसके बाद आरक्षण का दायरा 16 प्रतिशत बढ़ाकर कुल 65 प्रतिशत किया गया। इस दौरान केंद्र सरकार से आग्रह किया कि बढ़े हुए आरक्षण को संविधान की नौंवी अनुसूची में शामिल कीजिए, लेकिन केंद्र सरकार ने ऐसा नहीं किया।

## आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंग।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्टए अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

## नौकरी के नाम पर विपक्षी पार्टियां 'ख्याली पुलाव' पका रही हैं : जीतन राम मांझी

**एजेंसी। गया**



केंद्रीय मंत्री और हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) के प्रमुख जीतन राम मांझी ने कहा कि नौकरी के नाम पर विपक्षी पार्टियां ख्याली पुलाव पका रही हैं। उनके पास कुछ नहीं है, जो वह नौकरी देंगे। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा, "वे समाज के द्वारा परंपरागत तरीके से होली मिलन समारोह करते आ रहे हैं। लोकसभा चुनाव के पहले भी होली मिलन समारोह के कार्यक्रम में हम आए थे, उस समय लोगों ने हमें सांसद बनाने का संकल्प लिया था। आज हम गया के सांसद के साथ-साथ केंद्रीय मंत्री बन गए। आज हमें लोकतंत्र के सत्र में जाना है। कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार के बिहार में 'नौकरी दो यात्रा' पर निकलने के संबंध में उन्होंने कहा, "नौकरी कहां से देंगे। उनके पास कौन सी ताकत है कि वह नौकरी देंगे। नौकरी और नियोजन दो बातें होती हैं। आपने देखा होगा कि बिहार सरकार 12 से 13 लाख लोगों को नौकरी दे चुकी है। नीतीश कुमार ने यात्रा कर करोड़ों रुपए की योजनाओं की घोषणा की। सभी योजनाओं को मंत्रिमंडल में स्वीकृति दे दी गई है। सभी विभाग में काम लग रहा है। अगर काम लगेगा तो नियोजन होगा। उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा कि बिहार में सबको नौकरी देना संभव नहीं है। विपक्ष के नेता ख्याली पुलाव पका रहे हैं। उनके पास कुछ नहीं है, जो वह नौकरी देंगे। अगर उन्हें बिहार की जनता सत्ता देती है, फिर भी वे पूरा नहीं कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि देश में पीएम नरेंद्र मोदी और बिहार में नीतीश कुमार का नेतृत्व है।

## होली से परहेज तो क्यों बेचते हैं रंग-गुलाल मुस्लिम : हरिभूषण ठाकुर

**एजेंसी। पटना**

बिहार विधानमंडल के परिसर में बजट सत्र के सातवें दिन आज भाजपा के फायरब्रांड विधायक हरिभूषण ठाकुर बचौल ने होली में रंग गुलाल और अबीर की बिक्री मुस्लिम समुदाय के लोगों को नहीं करने की नसीहत दी है। भाजपा के विधायक हरिभूषण ठाकुर बचौल ने कहा है कि होली में रंग-गुलाल और अबीर के बिक्री मुस्लिम समुदाय के लोग ना करें। रंग-गुलाल लगवाने से मुसलमानों को परहेज होता है, तो बिक्री क्यों करते हैं ? होली जुम्मे (शुक्रवार) के दिन है, हिंदुओं को होली मनाने दें, अगर रंग से आपत्ति है तो उसे दिन घर से ना निकलें। वैसे भी साल में 52 जुम्मा (शुक्रवार) होता है। एक दिन नहीं ही निकलें और बड़ा दिल दिखाएं।

### भाजपा विधायक के बयान पर जदयू-राजद ने दी प्रतिक्रिया

भाजपा विधायक के विवादित बयान पर राज्य में सहयोगी पार्टी जदयू ने प्रतिक्रिया व्यक्त की है। मंत्री श्रवण कुमार ने कहा है कि उनके व्यक्तिगत बयान से हम लोग सहमति नहीं रखते। सबको, सब तरह की दुकान चलाने का अधिकार है। बिहार में बिहार मॉडल चलता है, अब तो देश में भी बिहार मॉडल चलता है। सभी धर्म-सम्प्रदाय के लोग आपस में भाई हैं। हरिभषण ठाकुर के बयान पर राजद विधायक फतेह बहादुर सिंह ने कहा है कि यह लोग समाज में वैमनस्यता फैलते हैं, उनके बयान के झांसे में कोई अब आने वाला नहीं है।

## नमाज अदा कर लौट रहे व्यक्ति की गोली मारकर हत्या

**पूर्वी चंपारण।** जिले के रामगढवा थाना क्षेत्र में तरावीह की नमाज अदा कर लौट रहे व्यक्ति के सीने में गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया गया। घटना रविवार की रात रामगढ़वा थाना के बैरिया पंचायत के आर्यानगर की है। जहां बदमाशों ने उक्त घटना को अंजाम दिया है। मृतक की पहचान 53 वर्षीय शेख नुरेन के रूप में की गई है। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची रामगढ़वा थाना पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आसपास बदमाशों ने शेख नुरेन के सीने में गोली मारी और घटना को अंजाम देने के बाद पैदल ही भाग निकले। बदमाशों की संख्या दो बताई जा रही है। गोली लगते ही शेख नुरेन जमीन पर गिर गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। सोमवार को पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने घटना स्थल का निरीक्षण करने के बाद मीडिया को बताया कि घटना को लेकर रक्सौल डीएसपी के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया है।

## अलीगढ़ में अवैध रुप से रह रहे चार बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार


**अलीगढ़।** देश के अलग-अलग हिस्सों में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। पुलिस ने उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ में अवैध रूप से रह रहे चार बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों में एक महिला भी शामिल है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से फर्जी दस्तावेज भी बरामद किए हैं। यह सभी लंबे समय से अलीगढ़ जिले में थाना टप्पल क्षेत्र के अंतर्गत जट्टारी कस्बे में अवैध रूप से रह रहे थे। मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना टप्पल पुलिस ने कार्रवाई की और एक महिला समेत चार अवैध बांग्लादेशियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। पुलिस अधिकारी अमित जैन ने बताया कि अलीगढ़ में थाना टप्पल पुलिस ने भारत में अवैध रूप से रह रहे चार बांग्लादेशी नागरिकों को सोमवार को गिरफ्तार किया। रोपियों में एक महिला भी शामिल है।

## महाराष्ट्र में अजित पवार ने पेश किया अपना 11वां बजट, किए कई महत्वपूर्ण ऐलान

**मुंबई।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और वित्त मंत्री अजित पवार ने विधानसभा में अपना 11वां बजट पेश किया। उन्होंने बजट पेश करते हुए राज्य को लगातार समर्थन देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने सरकार के सत्ता में आने में लड़की बहिन योजना की सफलता को अहम कारक बताया और लोगों का विश्वास जीतने और नवगठित महायुति सरकार को राज्य में मजबूत पैर जमाने में मदद करने में इसकी अहमियत पर प्रकाश डाला। उन्होंने वित्त वर्ष 26 के लिए राज्य का बजट पेश करते हुए मुंबई में तीसरे हवाई अड्डे की योजना की घोषणा की। पवार ने राज्य विधानसभा में बोलते हुए कहा कि मुंबई का नया हवाई अड्डा वधवन बंदरगाह के पास प्रस्तावित किया जाएगा और मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन स्टेशन इस बंदरगाह के पास होगा। वर्तमान में, भारत के वित्तीय केंद्र में दो हवाई अड्डे हैं, छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, जो मुम्बई महानगर क्षेत्र में स्थित है, और दूसरा नवी मुम्बई में स्थित है, जिसके इस वर्ष मई में चालू होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र की नयी औद्योगिक नीति 40 लाख करोड़ रुपये के निवेश और 50 लाखरोजगार पैदा करने पर केंद्रित होगी।

## भारतीय रेलवे में महिला कर्मचारियों की संख्या 1.1 लाख के हुई पार

**एजेंसी। नई दिल्ली**



आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, पिछले 10 वर्षों में भारतीय रेलवे में महिला कर्मचारियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। महिला कर्मचारियों की यह कुल संख्या 1.13 लाख को पार कर गई है, जो कुल वर्कफोर्स का 8.2 प्रतिशत है। यह संख्या 2014 में 6.6 प्रतिशत थी। रेलवे नेटवर्क में प्रमुख परिचालन नौकरियों में महिलाएं बड़ी भूमिका निभा रही हैं। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, वर्तमान में 2,162 महिलाएं लोको पायलट के रूप में काम कर रही हैं, जबकि 794 महिलाओं ने ट्रेन मैनेजर (गार्ड) की भूमिका निभाई है। इसके अलावा, पूरे भारत में 1,699 महिला स्टेशन मास्टर तैनात हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में भारतीय रेलवे में महिला लोको पायलट और स्टेशन मास्टर की संख्या में पांच गुना वृद्धि हुई है। परिचालन भूमिकाओं के अलावा, महिलाएं प्रशासनिक और रखरखाव क्षेत्रों में भी महत्वपूर्ण प्रभाव डाल रही हैं। भारतीय रेलवे में 12,362 महिला कार्यालय कर्मचारी और 2,360 महिला पर्यवेक्षक हैं। ट्रैक रखरखाव में, जो परंपरागत रूप से पुरुष प्रधान क्षेत्र रहा है, अब 7,756 महिलाएं ट्रेनों के सुरक्षित संचालन को सुनिश्चित करने के लिए काम कर रही हैं। महिलाएं यात्री सेवाओं में भी सक्रिय रूप से शामिल हैं, जिनमें से 4,446 टिकट चेकर के रूप में और 4,430 देश भर के रेलवे स्टेशनों पर 'पॉइंट्समैन' के रूप में काम कर रही हैं। इसके अलावा, भारतीय रेलवे ने जेंडर इंक्लूसिविटी में विश्वास बढ़ाने के लिए सभी महिला टीमों के साथ कई रेलवे स्टेशनों का संचालन किया है। इनमें माटुंगा, न्यू अमरावती, अजनी और गांधीनगर रेलवे स्टेशन शामिल हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि भारतीय रेलवे, जो दुनिया के सबसे बड़े नियोक्ताओं में से एक है, जिसके विशाल नेटवर्क पर 12.3 लाख से अधिक कर्मचारी काम करते हैं, महिलाओं को सशक्त बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने हाल ही में संसद में एक प्रश्न के उत्तर में कहा, "निर्धारित पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाले सभी उम्मीदवार भर्ती के लिए पात्र हैं।

# मैं इस प्रारुप से संन्यास लेने नहीं जा रहा हूं : रोहित

"मैं इस प्रारूप से संन्यास लेने नहीं जा रहा हूं। मैं यह स्पष्ट करना चाहता हूं ताकि आगे कोई अफवाह नहीं फैलाई जाए। देखते हैं अभी कोई फ्यूचर प्लान नहीं है, जो हो रहा है चलता रहेगा।"



**दुबई(आईएएनएस)।** पिछले करीब एक साल में रोहित शर्मा ने काफी उतार-चढ़ाव देखा। उन्होंने पिछले साल जून में भारत को टी-20 विश्व कप चैंपियन बनाया था, लेकिन इसके बाद टेस्ट क्रिकेट में उनका प्रदर्शन काफी खराब रहा। लगातार बल्लेबाजी और कप्तानी दोनों में फेल होने के कारण उन्हें आलोचकों ने निशाने पर लिया और उन्हें टीम से हटाए जाने तक की मांग होने लगी। अब 9 मार्च, 2025 की तारीख को रोहित ने पूरे भारत को ऐसी खुशी दी है जिसके बाद उनकी आलोचना करने वालों में तगड़ी कमी देखने को मिलेगी। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का खिताब जीतकर रोहित ने लिमिटेड ओवर्स क्रिकेट में अपनी शानदार कप्तानी को जारी रखा है। रोहित ने फाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत को आतिशी शुरुआत दिलाई और अपनी अर्धशतकीय पारी से शुरुआत में ही उन्हें मैच से बाहर कर दिया था। इस मैच से पहले अटकलों का बाजार काफी गर्म था कि रोहित वनडे से अपने संन्यास का भी ऐलान कर सकते हैं, हालांकि मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान उन्होंने तमाम अटकलों पर विराम लगा दिया।

## प्लेयर ऑफ द मैच बनने पर रोहित ने कहा

फाइनल में रोहित काफी शानदार बल्लेबाज़ी कर रहे थे और ऐसा लग रहा था कि शतक लगाएंगे, लेकिन वह स्टंपिंग का शिकार हो गए थे। स्पिनर के खिलाफ आगे निकलने के बाद रोहित को बहुत कम ही इस तरह आउट होते देखा गया है। उन्होंने कहा, "पैरों का इस्तेमाल करना कुछ ऐसा है जो मैं अब काफी समय से कर रहा हूं। इससे पहले इसी कोशिश में आउट भी हुआ हूं, लेकिन मैंने कभी इस रणनीति से हटने की नहीं सोची। यह खेल को आसान बनाता है और आपको आजादी देता है। यही कारण है कि मैं बल्लेबाजी में गहराई चाहता था--जडेजा का नंबर 8 पर आना आपको यह आत्मविश्वास देता है कि आप खुलकर खेल सकते हैं। अगर रणनीति काम कर जाती है तो ठीक, नहीं भी तो कोई बात नहीं।

## हम एक बेहतर टीम से हारे : मिचेल सैंटनर



**दुबई।** न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर ने रविवार को आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में भारत से हारने के बाद कहा कि वह एक बेहतर टीम से हारे। सैंटनर ने मैच के बाद कहा, ''यह हमारे लिए एक अच्छा टूर्नामेंट रहा। हमें पूरे सफर में चुनौतियों का सामना करना पड़ा, लेकिन जिस तरह हमने एक समूह के रूप में खुद को विकसित किया, वह काबिल-ए-तारीफ़ है। आज हमें एक बेहतर टीम ने हराया। पूरे टूर्नामेंट में हर किसी ने योगदान दिया और अलग-अलग मौकों पर आगे बढ़कर जिम्मेदारी ली। उन्होंने कहा,'' हमने अच्छी गेंदबाजी की, लेकिन पावरप्ले के बाद कुछ विकेट गंवा दिए और फिर उन्होंने हम पर दबाव बना दिया। उनके स्पिनर्स ने जिस तरह गेंदबाजी की, उसका पूरा श्रेय उन्हें जाता है। वे वर्ल्ड-क्लास गेंदबाज हैं। हम अपनी उम्मीद से 20-25 रन कम रह गए।''ग्लेन फिलिप्स के बेहतरीन ढंग से कैच लपकने के बारे में पूछे जाने पर सैंटनर ने कहा,''वह बार-बार ऐसा करते हैं! जिस तरह रोहित और शुभमन ने शुरुआत की, वह शानदार था। इस पिच पर रोहित का लगभग रन-ए-बॉल खेलना बेहतरीन था। हमें पता था कि खेल तेजी से बदल सकता है, और वही हुआ।''

## रोहित की फिटनेस से ज्यादा टीम इंडिया को उनके नेतृत्व की जरूरत है: प्रवीण आमरे

**मुंबई।** कप्तान रोहित शर्मा की फिटनेस को लेकर चल रहे विवाद के बीच, भारत के पूर्व बल्लेबाज प्रवीण आमरे का मानना है कि सलामी बल्लेबाज की फिटनेस से ज्यादा टीम इंडिया को उनके नेतृत्व कौशल की जरूरत है, क्योंकि उन्होंने देश को तीसरी बार चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब दिलाया है। भारत ने न्यूजीलैंड को चार विकेट से हराकर लगातार दूसरा आईसीसी खिताब जीता। 252 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए रोहित ने 76 रनों की पारी खेली, जिसके बाद श्रेयस अय्यर (48) और केएल राहुल (नाबाद 34) ने दुबई की धीमी और मुश्किल पिच पर टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। आमरे ने 'आईएएनएस' से कहा, "यह हम सभी के लिए खुशी का पल था। जब टीम इंडिया आईसीसी ट्रॉफी जीतती है तो हम सभी खुश होते हैं। वे एक टीम के रूप में खेले और हमने पूरे टूर्नामेंट में अच्छा क्रिकेट खेला।

## चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में नहीं दिखा पीसीबी का कोई भी प्रतिनिधि

**नई दिल्ली।** चैंपियंस ट्रॉफी का 20 दिनों तक चला क्रिकेट महाकुंभ दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में रविवार को भारत के चैंपियन बनने के साथ समाप्त हुआ। भारत की ऐतिहासिक जीत के बाद पाकिस्तान की ओर से एक नया विवाद खड़ा हो गया। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड का कोई भी प्रतिनिधि ट्रॉफी वितरण समारोह में मौजूद नहीं था। पाकिस्तान के पूर्व दिग्गज तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने इस मुद्दे को सोशल मीडिया पर उठाते हुए कहा, "भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी जीत ली, लेकिन मुझे एक अजीब बात नजर आई।

## भारतीय टीम अगले आठ साल तक दुनिया भर की टीमों का सामना करने के लिए तैयार : कोहली



**दुबई(आईएएनएस)।** पूर्व कप्तान और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली का मानना है कि भारत के पास अगले आठ सालों के लिए "दुनिया भर की टीमों का सामना करने" के लिए एक मजबूत टीम है। उन्होंने यह बयान रविवार को दुबई में न्यूजीलैंड को चार विकेट से हराकर चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद दिया।

कोहली ने कहा, "जब आप संन्यास लेते हैं, तो आप चाहते हैं कि टीम बेहतर स्थिति में हो, मुझे लगता है कि हमारे पास एक ऐसी टीम है जो अगले आठ सालों के लिए दुनिया भर की टीमों का सामना करने के लिए तैयार है। शुभमन गिल ने इस टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया है। श्रेयस अय्यर अद्भुत हैं और उन्होंने कई मैचों में अच्छा खेल दिखाया है, केएल राहुल ने मैच फिनिश किए हैं, और हार्दिक पांड्या बल्ले से बेहतरीन रहे हैं।"

कोहली ने कहा कि चैंपियंस ट्रॉफी की जीत कुछ हद तक ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में मिली हार से टीम को उबारने में मदद करेगी। कोहली ने कहा, " हम ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद वापसी करना चाहते थे और एक बड़ा टूर्नामेंट जीतना चाहते थे, और हम अंततः यह कर पाए, तो यह शानदार अहसास है।" जीत के बाद गिल के पास खड़े होते हुए, कोहली से पूछा गया कि जब वह इस प्रारूप से संन्यास लेंगे तो ड्रेसिंग रूम को बेहतर स्थान पर छोड़ने के बारे में उनके क्या विचार हैं? उन्होंने कहा, "हमारे ड्रेसिंग रूम में कई प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं। वे अपना खेल और बेहतर बनाना चाहते हैं और हम (सीनियर खिलाड़ी) बस उनकी मदद करने में खुश हैं, अपना अनुभव साझा कर रहे हैं और यही भारतीय टीम को इतना मजबूत बनाता है।" "यह वही चीजें हैं जिनके लिए आप खेलते हैं--खिताब जीतने के लिए, दबाव में खेलने के लिए और जिम्मेदारी उठाने के लिए। पूरे टूर्नामेंट के दौरान हर खिलाड़ी ने कभी न कभी आगे बढ़कर जिम्मेदारी ली और प्रभावशाली प्रदर्शन किया।

## भवानी देवी ने ओजाकी को हराया



**एथेंस(आईएएनएस)।** भारतीय फेंसर भवानी देवी ने 2025 कूप एक्रोपोलिस में शानदार प्रदर्शन करते हुए जापान की ओलंपिक और विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता सेरी ओजाकी को रोमांचक मुकाबले में हराया। हालांकि, अगले दौर में उनका अभियान छोटा हो गया क्योंकि उन्हें टेबल ऑफ 64 के मैच में चीन की झांग झिन्यी के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। टोक्यो 2020 खेलों में भारत की पहली ओलंपिक फेंसर के रूप में इतिहास रचने वाली भवानी का पिछले एक साल में सफर चुनौतीपूर्ण रहा है, वे 2024 पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफिकेशन से चूक गईं। लेकिन एथेंस में, उन्होंने ओजाकी जैसे कठिन प्रतिद्वंद्वी को हराकर अपनी क्षमता दिखाई, प्रारंभिक टेबल ऑफ 64 मैच में 15-14 से रोमांचक जीत हासिल की।

## सीडब्ल्यूजी महासंघ का नाम बदलकर राष्ट्रमंडल खेल कर दिया गया

**लंदन(आईएएनएस)।** राष्ट्रमंडल खेल महासंघ (सीजीएफ) ने 'मोर इन कॉमन' ब्रांड अभियान के तहत अपना नाम बदलकर राष्ट्रमंडल खेल कर लिया है। यह घोषणा राष्ट्रमंडल दिवस के अवसर पर की गई, जो मार्च के दूसरे सोमवार को राष्ट्रमंडल देशों का वार्षिक उत्सव है। शासी निकाय ने एक बयान में कहा, "राष्ट्रमंडल दिवस वह तिथि भी है जब हम खेल महासंघ से खेल आंदोलन में परिवर्तित होते हैं, राष्ट्रमंडल खेल हमारा सार्वजनिक नाम बन जाता है।" कॉमनवेल्थ स्पोर्ट की सीईओ कैटी सैडलेयर ने कहा, "कॉमनवेल्थ स्पोर्ट के रूप में एक आंदोलन के रूप में विकास हमें एक मजबूत, अधिक एकीकृत उद्देश्य प्रदर्शित करने की अनुमति देता है जो हमारे दर्शकों के साथ गहरे स्तर पर प्रतिध्वनित होता है।" "यह हमें न केवल कॉमनवेल्थ गेम्स के शक्तिशाली मंच को वितरित करने की हमारी भूमिका को और अधिक स्पष्ट रूप से संप्रेषित करने में मदद करेगा - जो हमें सफलता साझा करने और प्रेरणा को प्रभाव में बदलने की अनुमति देता है - बल्कि हमारे 74 देशों और क्षेत्रों में हर दिन होने वाले असाधारण काम को बढ़ावा देने में भी मदद करेगा।''उन्होंने कहा, "यह परिवर्तन अधिक सहयोग, अधिक प्रभावशाली संदेश और हमारे उद्देश्य से जुड़ने वालों के लिए एक प्रवर्धित भावना को सक्षम बनाता है," उन्होंने कहा। "कॉमनवेल्थ स्पोर्ट लोगो अपने उत्सव चिह्न के साथ कुछ समय से उपयोग में है।

## पाकिस्तान को चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी पर बहुत गर्व है: पीसीबी अध्यक्ष नकवी

**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने सोमवार को देश में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी की सफल मेजबानी के लिए अपनी टीम को धन्यवाद दिया और इसे "दुनिया भर के क्रिकेट प्रशंसकों के लिए ऐतिहासिक घटना" करार दिया। रविवार को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में फाइनल में भारत ने न्यूजीलैंड को चार विकेट से हरा दिया, जिसके साथ ही आठ टीमों की प्रतियोगिता, जिसकी आधिकारिक मेजबानी पाकिस्तान ने की थी, समाप्त हो गई। हालांकि, भारत ने पाकिस्तान जाने से इनकार कर दिया और अपने सभी मैच दुबई में खेले। यह पाकिस्तान का पहला बड़ा आईसीसी टूर्नामेंट था, इससे पहले उसने 1996 में भारत और श्रीलंका के साथ वनडे विश्व कप की सह-मेजबानी की थी। नकवी ने सोमवार को एक्स पर लिखा, "मैं समर्पित पीसीबी टीम, सतर्क कानून प्रवर्तन एजेंसियों, सहायक प्रांतीय सरकारों, सम्मानित आईसीसी अधिकारियों और चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए पाकिस्तान की यात्रा करने वाली शानदार क्रिकेट टीमों के प्रति अपना हार्दिक आभार व्यक्त करना चाहता हूं। आपकी प्रतिबद्धता और सामूहिक प्रयासों ने इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के निर्बाध निष्पादन को सुनिश्चित किया, जिससे यह एक शानदार सफलता बन गई।"

## मुंबई सिटी को शीर्ष छह में जगह बनाने के लिए बेंगलुरु एफसी के खिलाफ ड्रा की जरूरत

**बेंगलुरु(आईएएनएस)।** बेंगलुरु एफसी मंगलवार को यहां श्री कांतीरवा स्टेडियम में इंडियन सुपर लीग 2024-25 में मुंबई सिटी एफसी की मेजबानी करेगा। 33 अंकों के साथ सातवें स्थान पर काबिज आइलैंडर्स को छठे स्थान पर काबिज ओडिशा एफसी से आगे निकलने और प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने के लिए सिर्फ एक ड्रॉ की जरूरत है। हालांकि, आइलैंडर्स अपने पिछले चार मैचों में जीत दर्ज नहीं कर पाए हैं, दो-दो बार ड्रॉ और हार का सामना करना पड़ा है। ब्लूज ने शीर्ष छह में जगह बना ली है और वर्तमान में 23 मुकाबलों में 38 अंकों के साथ चौथे स्थान पर है। ब्लूज को आइलैंडर्स के खिलाफ अपने पिछले चार मुकाबलों में से तीन में हार का सामना करना पड़ा है।



## एलन मस्क का 'एक्स' हुआ डाउन, प्लेटफॉर्म एक्सेस करने में यूजर्स को आई परेशानी



**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** एलन मस्क द्वारा संचालित एक्स सोमवार को भारत समेत दुनियाभर में ग्लोबल आउटेज के चलते डाउन हो गया। एक्स के डाउन रहने से कई यूजर्स माइक्रो-ब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म को एक्सेस नहीं कर पा रहे थे। एक्स, जिसे पहले ट्विटर के नाम से जाना जाता था, डाउन होने की वजह से लाखों यूजर्स के लिए काम नहीं कर रहा था। कंपनी की ओर से अभी तक इस मेगा आउटेज को लेकर किसी भी तरह की आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी गई है। एक्स दिन में कम से कम 30-40 मिनट तक डाउन रहा, जिसके बाद प्लेटफॉर्म कुछ यूजर्स के लिए काम करने लगा। प्लेटफॉर्म आउटेज ट्रैकिंग प्लेटफॉर्म डाउनडिटेक्टर के अनुसार, एक्स आउटेज दोपहर करीब 3 बजे अपने पीक पर था। एक यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा, "क्या एक्स डाउन है? क्या किसी और को भी इस तरह की परेशानी आ रही है? मैं एक्स पर कमेंट सेक्शन को ओपन नहीं कर पा रहा हूं।" डाउनडिटेक्टर ने एक्स डाउन होने को लेकर यूजर्स की शिकायतों में उछाल की रिपोर्ट की है। एक्स डाउन होने के चलते यूजर्स फेसबुक और इंस्टाग्राम जैसे दूसरे प्लेटफॉर्म पर सोशल मीडिया साइट के बारे में अपनी शिकायतें दर्ज करवाने के लिए पहुंचे। डाउनटाइम के दौरान एक्स पूरी तरह से काम करना बंद कर देता है, जबकि यूजर्स ट्वीट पोस्ट करने या प्लेटफॉर्म पर पेज खोलने में असमर्थ होते हैं। एक्स को 2022 में मस्क ने 44 बिलियन डॉलर में खरीदा था। हाल ही में टेक अरबपति ने अपने एक्स सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के लिए टॉप-टायर सब्सक्रिप्शन सर्विस (प्रीमियम प्लस) की कीमतों में 35 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी की। कंपनी ने भारत में नए और मौजूदा दोनों यूजर्स के लिए कीमतों में वृद्धि की। इसमें ग्लोबल मार्केट भी शामिल हैं। भारत में प्रीमियम यूजर्स अब 1,750 रुपये प्रति माह का भुगतान करते हैं, जो कि वर्तमान में 1,300 रुपये से बढ़कर लगभग 35 प्रतिशत की वृद्धि है। इसी तरह, सालाना आधार पर, देश में प्रीमियम यूजर्स 18,300 रुपये का भुगतान करते हैं।

## बिजली उत्पादन क्षमता में गैर-जीवाश्म ईंधन का योगदान 45 प्रतिशत पहुंचा : केंद्रीय मंत्री

**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** केंद्रीय रेल, आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स तथा सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने अपने ऑफिशियल एक्स हैंडल से एक पोस्ट शेयर कर कहा कि एनर्जी जनरेटेड और पावर जनरेशन कैपेसिटी दोनों अलग-अलग हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि 100 मेगावाट का थर्मल पावर प्लांट समान क्षमता वाले सोलर प्लांट की तुलना में ज्यादा एनर्जी जनरेट कर सकता है। उन्होंने कुल स्थापित क्षमता को लेकर भी जानकारी दी है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, कुल स्थापित क्षमता में सोलर एनर्जी 21.52 प्रतिशत, विंड एनर्जी 10.37 प्रतिशत, कोल 47.29 प्रतिशत, हाइड्रो 10.07, न्यूक्लियर 1.75 प्रतिशत, ऑयल एंड गैस 5.45 प्रतिशत, स्मॉल हाइड्रो 1.09 प्रतिशत, बायो 2.45 प्रतिशत का योगदान देते हैं।

### केंद्रीय मंत्री ने कहा देश में कुछ अलग बेहतर हो रहा है



"प्रति व्यक्ति आय 3,000 डॉलर वाले देश में गैर जीवाश्म ईंधन से बिजली उत्पादन क्षमता का कितना प्रतिशत आता है, इस सवाल का जवाब 5 प्रतिशत या 7 प्रतिशत मिलता है। लेकिन, जब मैंने वास्तविक आंकड़ा साझा किया कि यह बिजली उत्पादन क्षमता का कुल 45 प्रतिशत है तो हर किसी को लगा, हां, देश में कुछ अलग, कुछ बेहतर हो रहा है।" उन्होंने आगे कहा कि हमारे प्रधानमंत्री प्लेनेट सेविंग, क्लाइमेट चेंज, सस्टेनेबल डेवलपमेंट को लेकर कमिटेड हैं, जो कि हर क्षेत्र में दिखाई देता है। रेलवे की ही बात करें तो इस साल हम 100 प्रतिशत इलेक्ट्रिफाइड नेटवर्क स्थापित करने जा रहे हैं। इसके अलावा हम नेट जीरो लक्ष्य पर भी काम कर रहे हैं।



भारत क्लीन एनर्जी में ग्लोबल लीडर के रूप में उभर रहा है।

## वित्त वर्ष 2026 में भारतीय फार्मा बाजार में 8-9 प्रतिशत की वृद्धि होगी : रिपोर्ट

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** वित्त वर्ष 2026 में भारतीय फार्मा बाजार में सालाना आधार पर 8-9 प्रतिशत की वृद्धि होने की उम्मीद है। सोमवार को जारी एक लेटेस्ट रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च (आईएनडी-आरए) की रिपोर्ट में कहा गया है कि वित्त वर्ष 2025 में इस सेक्टर की वृद्धि सालाना आधार पर 7.5-8.0 प्रतिशत रहेगी। इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च के एसोसिएट डायरेक्टर कृष्णनाथ मुंडे ने कहा कि "भारतीय फार्मा बाजार में वित्त वर्ष 2024 में सालाना आधार पर 6.5 प्रतिशत और वित्त वर्ष 2023 में सालाना आधार पर 9.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई थी।" इस साल फरवरी में फार्मा बाजार ने सालाना आधार पर 7.5 प्रतिशत का राजस्व दिया। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह कीमत और नए लॉन्च में आई वृद्धि की वजह से देखी गई। कीमत में वृद्धि सालाना आधार पर 5.2 प्रतिशत और नए लॉन्च में सालाना आधार पर 2.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। कार्डियक थेरेपी ने फार्मा बाजार में एमएटी में 10.8 प्रतिशत की वृद्धि और मासिक बाजार हिस्सेदारी में 13.7 प्रतिशत की वृद्धि के साथ बेहतर प्रदर्शन किया। इसके बाद गैस्ट्रोएंटरोलॉजी, न्यूरोलॉजी/सेंट्रल नर्वस सिस्टम और डर्मेटोलॉजी का स्थान रहा।

## भारतीय शेयर बाजार लाल निशान में बंद, सेंसेक्स 217 अंक फिसला




**मुंबई(आईएएनएस)।** भारतीय शेयर बाजार के लिए सोमवार का कारोबारी सत्र नुकसान वाला रहा। बाजार के करीब सभी सूचकांक लाल निशान में बंद हुए हैं। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 217.41 अंक या 0.29 प्रतिशत की गिरावट के साथ 74,115.17 और निफ्टी 92.20 अंक या 0.41 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 22,460.30 पर था। लार्जकैप की अपेक्षा मिडकैप और स्मॉलकैप में बड़ी गिरावट हुई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 750.50 अंक या 1.53 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 48,440.10 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 306.15 अंक या 1.97 प्रतिशत की गिरावट के साथ 15,198.15 पर था। सेक्टोरल आधार पर ऑटो, आईटी, पीएसयू बैंक, फाइनेंशियल सर्विसेज, रियल्टी, एनर्जी, इन्फ्रा,कमोडिटी और मीडिया इंडेक्स लाल निशान में बंद हुए हैं। केवल एफएमसीजी इंडेक्स ही हरे निशान में बंद हुआ है। सेंसेक्स पैक में पावर ग्रिड, एचयूएल, इन्फोसिस, नेस्ले, एशियन पेंट्स, आईटीसी, सन फार्मा और आईसीआईसीआई बैंक टॉप गेनर्स थे। इंडसइंड बैंक, जोमैटो, एलएंडटी, टाइटन, बजाज फाइनेंस, एमएंडएम, रिलायंस इंडस्ट्रीज और टेक महिंद्रा टॉप लूजर्स थे। व्यापक स्तर पर शेयर बाजार में गिरावट का रुझान था। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर 1,204 शेयर हरे निशान में, 2,879 शेयर लाल निशान में और 146 शेयर बिना किसी बदलाव के बंद हुए।

## भारत में पूंजीगत व्यय में उछाल, राज्य स्तर पर इंफ्रा प्रोजेक्ट्स में आएगी तेजी : जेफरीज

**मुंबई(आईएएनएस)।** वैश्विक ब्रोकरेज जेफरीज की एक लेटेस्ट रिपोर्ट के अनुसार भारत में पूंजीगत व्यय में शानदार वृद्धि हुई है और आने वाले महीनों में भी वृद्धि जारी रहने की उम्मीद है, क्योंकि कई क्षेत्रों में मजबूत निवेश देखने को मिल रहा है। जेफरीज के शोध प्रमुख और प्रबंध निदेशक महेश नंदुरकर को उम्मीद है कि फरवरी और मार्च में पूंजीगत व्यय में वृद्धि मजबूत रहेगी। यह सरकार के संशोधित बजट अनुमानों के अनुरूप है, जो इंफ्रास्ट्रक्चर और इंडस्ट्रियल विकास के लिए निरंतर प्रयास का संकेत देता है। नंदुरकर ने कहा, "ये अपेक्षित स्तर पर है, लेकिन यह तथ्य कि यह हो रहा है आत्मविश्वास को बनाए रखता है।

## राज्य में कानून और व्यवस्था पर विपक्ष ने सदन में किया हंगामा

# राज्य की ज्वलंत समस्या है कानून व्यवस्था : मरांडी

- *सदन की कार्यवाही बारह बजे तक रही स्थगित*



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने सदन शुरू होते ही राज्य में लगातार हो रही हत्याओं पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था राज्य की ज्वलंत समस्या है। हेमंत सोरेन के राज्य में हेमंत से ज्यादा अपराधियों की हिम्मत बढ़ी है। इस मामले को संसदीय कार्य मंत्री ने संज्ञान में लिया। इस बीच कानूनी व्यवस्था को लेकर एनडीए ने हंगामा जारी रहा। हंगामा को देखते हुए विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो ने 12 बजे तक के लिए कार्यवाही बिना प्रश्नकाल के ही स्थगित कर दी।

वहीं विधायक सीपी सिंह ने भी सत्ता पक्ष पर आरोप लगाते हुए कहा कि हेमंत राज्य में कोई भी सुरक्षित नहीं। राज्य में बढ़ रही हत्या की घटना पर सवाल उठाते हुए कहा कि राज्य के पुलिस महानिदेशक कहते है कि जेल से प्लानिंग हो रही हैऔर हत्या के वारदात हो रहे हैं,जब डीजीपी को सारी चीजें पता है तो कारवाई क्यों नहीं करते।

## डबल इंजन की सरकार ने राज्य सरकार का अंगूठा काटा, बोली कल्पना

# भाजपा के शासन में 20 प्रतिशत सरकारी स्कूल बंद

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** बजट सत्र 2025-26 के सोमवार के सत्र के दौरान सदन में कानून व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए बाबूलाल मरांडी ने सत्ता पक्ष को घेरने की कोशिश की। इसके बाद एनडीए के सभी विधायकों ने सदन में नारे लगाने लगे। भारी हो हंगामे के बीच विधान सभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो ने सदन की कारवाई स्थगित कर दी।



12 बजे कारवाई शुरू हुई इस दौरान शून्य काल में विस्थापित रैयतों के नियोजन नीति, सड़कों के हालात, सर्वे के दौरान भूमि माप की त्रुटि दूर करने, सरना, मसना, हड़गड़ी,कब्रिस्तान की घेरा बंदी, जाति, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत करने, आंदोलनकारियों के पेंशन, बैंक के ब्रांच बढ़ाने की मांग, विधान सभा में रघुनाथ महतो का चित्र लगाने की मांग, गृह रक्षकों को 365 दिन ड्यूटी देने देन की मांग की सूचनाएं सदस्यों द्वारा पढ़ी गई।

वहीं द्वितीय पाली में ड्रॉप आउट रेट बढ़ने स्कूलों में पानी, बेंच डेस्क, सैनिटरी की व्यवस्था, सुदृढ़ पुस्तकालय, प्रयोगशाला की व्यवस्था, शिक्षक प्रोफेसर सैकड़ों पद रिक्त भरने आदि चर्चा हुई। इस दौरान कल्पना मुर्मू सोरेन ने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने राज्य सरकार का अंगूठा काटा है। भाजपा के शासन में 20 प्रतिशत सरकारी स्कूल बंद हुए हैं। यह भी कहा कि रसोईया दीदी की सममस्याओं का समाधान अबुआ सरकार करेगी। श्रीमति सोरेन ने कहा कि भाजपा के शासन काल में सरकारी स्कूल बंद हो रहे थे वहीं अबुआ सरकार में गरीब के बच्चे भी सरकारी स्कूल में सीबीएसई के पाठ्यक्रम पढ़ रहे हैं।

## एनआईए ने नक्सली राजेश की मांगी रिमांड, अदालत ने किया खारिज

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** प्रतिबंधित संगठन सीपीआई (माओवादी) के सक्रिय कैडर जेल में बंद पश्चिमी सिंहभूम निवासी राजेश देवगम से एनआईए टीम संबंधित मामलों में पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ नहीं कर सकेगी। एनआईए कोर्ट ने सात दिनों की पुलिस रिमांड की याचिका सुनवाई के पश्चात खारिज कर दी है। अदालत ने अपने आदेश में कहा है कि मामले में उसके न्यायिक हिरासत के लगभग 60 दिनों की अवधि बीत जाने के बाद 5 मार्च को अदालत के समक्ष पुलिस रिमांड का आवेदन दिया गया, जो सीआरपीसी की धारा 167 और यूए(पी) अधिनियम 1967 की धारा 43डी(2) के अंतर्गत नहीं आता है। इसलिए याचिका स्वीकार करने योग्य नहीं है।

बता दें कि एनआईए ने टोंटो पीएस के एक कांड संख्या को टेक ओवर करते हुए एनआईए कांड संख्या 02/2024 दर्ज की है। आरोपी 6 जनवरी से एनआईए मामले में न्यायिक हिरासत में है। राजेश देवगम के खुलासे और निशानदेही पर हथियार, गोला-बारूद और आईईडी बरामद किए। निशानदेही पर 20 लीटर के नीले रंग के प्लास्टिक कंटेनर की बरामदगी की गई थी। जिसमें 10.50 लाख रुपए नकदी, वॉकी-टॉकी, टैबलेट, पावर बैंक, रेडियो बैटरी, लेवी संग्रह रसीद, पुल थ्रू, जिलेटिन की छड़ें, नेक बैंड, टाइटन ग्लास और अन्य चीजें मिट्टी में दबी हुई थी।






*नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी सोमवार को अपने विधानसभा स्थित कक्ष में पूजा पाठ कर विधिवत प्रवेश किया।*

## जमशेदपुर को औद्योगिक नगर समिति घोषित करने का मामला विस में उठा

# अधिसूचना संविधान और नगरपालिका अधिनियम के प्रतिकूल : सरयू राय

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची/जमशेदपुर।** विधानसभा में सोमवार को जमशेदपुर को औद्योगिक नगरी घोषित करने के मामले में जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय का ध्यानाकर्षण प्रस्ताव था। श्री राय ने स्पष्ट कहा कि सरकार ने जो इसके लिए अधिसूचना जारी की है, वह संविधान के प्रावधान के प्रतिकूल है। इतना ही नहीं, यह झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम के भी विरूद्ध है और टाटा लीज समझौता के भी विरूद्ध है।



- *इसका अध्यक्ष स्थानीय मंत्री अथवा प्रभारी मंत्री को बना दिया गया, जो नगरपालिका अधिनियम के विरुद्ध है*
- *विस अध्यक्ष के कहने पर सुदिव्य कुमार और सरयू राय ने आपस में की चर्चा*
- *मंत्री से सरयू ने कहा: अधिसूचना फिर से मंत्रिपरिषद में लाएं और संशोधित करवाएं*
- *सरयू राय ने औद्योगिक नगर समिति की वैधानिकता पर भी सवाल उठाया*
- *सरकार नहीं मानेगी तो सरयू जन-जागरण करेंगे, लोगों को इसके बारे में बताएंगे*

श्री राय के सवाल का जवाब देने सरकार की ओर से नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार उठे वह श्री राय के सवालों का सही उत्तर नहीं दे सके। सदन में करीब 18 मिनट तक बहस हुई। श्री राय ने सभाध्यक्ष से स्पष्ट कहा कि जमशेदपुर औद्योगिक नगर समिति की घोषणा सरकार ने जमशेदपुर में निगम बनाने के बदले में किया है। यानी संविधान के 73वें संशोधन के माध्यम से स्थानीय स्वशासन स्थापित करने के लिए हुआ है, परन्तु सरकार ने इसके बदले में एक ऐसी समिति बना दी है, जिसमें टाटा स्टील के 14 पदाधिकारी हैं, सरकार के 6 पदाधिकारी हैं, विधायक और सांसद हैं तथा 5 सदस्य मनोनीत है। ऐसा करना संविधान और नियम के विरूद्ध है, क्योंकि संविधान के अनुसार इसमें जनता का प्रतिनिधि भी होना चाहिए। सरयू राय ने विधानसभा में कहा कि इसका अध्यक्ष स्थानीय मंत्री अथवा प्रभारी मंत्री को बना दिया गया है, जो नगरपालिका अधिनियम के विरूद्ध है। नगरपालिका अधिनियम की धारा 481(3) के हिसाब से इसका अध्यक्ष उपायुक्त को होना है। साथ ही, जितनी नागरिक सुविधाएं इस समिति के अनुसार जनता को मिलेंगी, उससे कई गुणा अधिक सुविधाएं देने का प्रावधान टाटा स्टील और सरकार के बीच हुए टाटा लीज समझौता की अधिसूचना के द्वारा दिया गया है। यानी सरकार द्वारा घोषित जमशेदपुर औद्योगिक नगर समिति संविधान के अधिनियम एवं नियम के विरूद्ध है।

जब श्री राय के सवालों का जवाब देते हुए नगर विकास मंत्री ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश और संविधान के प्रावधानों का उल्लेख किया तो श्री राय ने उन्हें अप्रासंगिक और भ्रामक बताया। फिर भी मंत्री विधान सभा में अपनी बात पर अड़े रहे। इस पर विधानसभा अध्यक्ष ने नियमन दिया कि श्री राय नगर विकास विभाग के मंत्री से अलग से इस पर वार्ता करें। तदुपरांत श्री राय उनसे मिले और सारी बातों और तथ्यों को उनके समक्ष रखा। सरयू राय ने दावा किया कि उनके द्वारा ध्यानाकर्षण में उठाए गए तथ्यों का कोई जवाब सरकार के पास नहीं है। अलबत्ता मंत्री ने यह आश्वासन जरूर दिया कि चूंकि अधिसूचना मंत्रिपरिषद से निर्गत हुई है, इसलिए इसको मंत्रिपरिषद में ले जाना पड़ेगा। श्री राय ने उनसे कहा कि आप इसके बारे में मुख्यमंत्री से बात करें और इसे मंत्रिपरिषद में ले जाकर संशोधित कराएं। अन्यथा इस तरह की व्यवस्था जमशेदपुर की जनता के हितों के प्रतिकूल होगी। इस पर मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि इसके लिए एक एसओपी बनेगी। इस पर श्री राय ने उनसे कहा कि एसओपी से काम थोड़े ही चलेगा।

इस समिति के प्रावधान में आमूलचूल परिवर्तन होना चाहिए नहीं तो यह लगेगा कि झारखण्ड सरकार जनता के हितों के प्रति संवेदनशील नहीं है। सरयू राय ने औद्योगिक नगर समिति की वैधानिकता पर भी सवाल उठाया और कहा कि इसके क्रियान्वयन में बहुत सारी कठिनाईयां सामने आयेंगी। यदि सरकार उनके सुझावों को मानकर औद्योगिक नगर समिति की अधिसूचना में संशोधन नहीं करती है तो वह इसके लिए जनजागरण अभियान चलाएंगे और लोगों को बताएंगे कि इससे कौन-कौन सी कठिनाईंयों सामने आने वाली हैं और आम जनता का हित किस प्रकार प्रभावित होने वाला है। सरयू राय ने आरोप लगाया कि सरकार ने विधानसभा में गलत उत्तर देकर सदन को गुमराह किया है।

# सेना भर्ती रैली के लिए प्रशासन मुस्तैद | खेलगांव में होगी भर्ती प्रक्रिया

- *भर्ती स्थल पर सभी सुविधाएं सुनिश्चित करने का निर्देश*
- *डोप टेस्ट और सुरक्षा पर रहेगा विशेष ध्यान*



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची में आयोजित होने वाली सेना भर्ती रैली के लिए सभी आवश्यक प्रबंध किए जा रहे हैं। जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजंत्री ने इस संबंध में सेना एवं पुलिस-प्रशासनिक पदाधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी (सदर) उत्कर्ष कुमार, पुलिस अधीक्षक (नगर) राजकुमार मेहता, अपर जिला दंडाधिकारी (विधि व्यवस्था) राजेश्वरनाथ आलोक, उप समाहर्ता नजारत सुदेश कुमार, जिला खेल पदाधिकारी शिवेंद्र कुमार एवं कर्नल विकास भोला उपस्थित थे।

सेना भर्ती रैली खेलगांव में आयोजित की जाएगी, जहां फिजिकल टेस्ट, मेडिकल परीक्षण और दस्तावेजों की जांच की जाएगी। जिला प्रशासन की ओर से भर्ती स्थल पर पेयजल, शौचालय, बिजली, चिकित्सा सुविधा, परिवहन, पार्किंग, टेंट और अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। रैली स्थल पर उम्मीदवारों की एंट्री सुबह 3-4 बजे से शुरू होगी। उपायुक्त ने सभी संबंधित विभागों को इस समय-सीमा को ध्यान में रखते हुए तैयारियां पूरी करने को कहा है।

भर्ती प्रक्रिया के दौरान उम्मीदवारों के प्रदर्शन को प्रभावित करने वाली दवाइयों के दुरुपयोग की रोकथाम के लिए डोप टेस्ट किया जाएगा। उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग को इस बारे में युवाओं और मेडिकल स्टोर्स को आगाह करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा, रैली स्थल और आसपास संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए खुफिया एजेंसियों को सतर्क रहने का निर्देश दिया गया है। भर्ती के नाम पर किसी भी प्रकार की ठगी या प्रलोभन देने वालों पर प्रशासन की कड़ी निगरानी रहेगी।

## सीयूजे में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन

# महिलाओं के नेतृत्व से ही देश का संपूर्ण विकास होगा : प्रो. क्षिति भूषण दास

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयूजे) के महिला सशक्तिकरण प्रकोष्ठ द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं के सशक्तिकरण और समानता के महत्व को रेखांकित करना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कुलपति प्रो. क्षिति भूषण दास उपस्थित रहे, जबकि डॉ. बिधु भूषण मिश्रा (परीक्षा नियंत्रक) और प्रो. विमल किशोर (शिक्षा विभागाध्यक्ष) विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम का समन्वय महिला सशक्तिकरण प्रकोष्ठ की अध्यक्ष एवं शिक्षा विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. शशि सिंह ने किया, जबकि इसका संचालन डॉ. जया शाही (सहायक प्रोफेसर, डीपीए) ने किया। मौके पर कुलपति प्रो. क्षिति भूषण दास ने कहा कि महिलाओं का सशक्तिकरण केवल एक दिन की चर्चा का विषय नहीं होना चाहिए, बल्कि इसे प्रतिदिन प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। उन्होंने महिलाओं के नेतृत्व में विकास की बात पर जोर दिया और भेदभाव समाप्त करने के लिए शिक्षा को एक प्रभावी साधन बताया। प्रो. विमल किशोर ने समाज में व्याप्त मानसिकता और व्यवस्थागत बदलाव की जरूरत पर बल दिया ताकि हाशिए पर मौजूद समुदायों को मुख्यधारा में लाया जा सके। डॉ. बिधु भूषण मिश्रा ने विश्वविद्यालय में महिला भागीदारी के आंकड़े साझा करते हुए बताया कि वर्तमान में सीयूजे के 20% संकाय सदस्य और 46.65% छात्राएं महिलाएं हैं। उन्होंने कहा कि सशक्तिकरण का वास्तविक अर्थ महिलाओं द्वारा स्वतंत्र रूप से निर्णय लेने की क्षमता प्राप्त करने में है।



# पर्वतारोही सत्यरूप सिद्धांत के उत्तर ध्रुव अभियान को सीसीएल परिवार का समर्थन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भारतीय पर्वतारोही और विश्व रिकॉर्ड धारक सत्यरूप सिद्धांत अप्रैल 2025 में उत्तर ध्रुव अभियान पर जाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। इस महत्वपूर्ण अभियान के लिए सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक निलेंदु कुमार सिंह ने उन्हें बेहद कठिन एवं चुनौतीपूर्ण अभियान के लिए ध्वजा सौंपी और उनकी सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर सीसीएल के निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र एवं सीसी एंड पीआर विभाग के विभागाध्यक्ष आलोक कुमार भी उपस्थित रहे। श्री सिंह ने सत्यरूप सिद्धांत को उनके अब तक के अद्भुत उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया और उनके अभियान की सफलता की कामना की। सत्यरूप सिद्धांत ने सातों महाद्वीपों की सबसे ऊंची चोटियों और सबसे ऊंचे ज्वालामुखियों को फतह करने वाले दुनिया के सबसे युवा पर्वतारोही होने का गौरव प्राप्त किया है। उन्होंने माउंट गुप्त पर्वत पर चढ़ाई करने वाले दुनिया के पहले व्यक्ति होने के साथ-साथ माउंट ब्रह्मा पर चढ़ने वाली पहली भारतीय टीम का नेतृत्व किया है। इसके अलावा, वे कई अन्य शिखरों पर चढ़ने वाले बिरले भारतीय हैं।



उत्तर ध्रुव अभियान पिछले छह वर्षों से भू-राजनीतिक परिस्थितियों, कोविड, युद्ध और जलवायु परिवर्तन के कारण स्थगित होता रहा है। लेकिन इस वर्ष, यह अभियान 8 अप्रैल 2025 से रूस से शुरू होने जा रहा है। इससे पहले, उन्होंने दक्षिणी ध्रुव तक स्कीइंग अभियान भी पूरा किया था, और अब वे उत्तर ध्रुव के अंतिम छोर तक स्कीइंग करने की तैयारी में हैं ताकि देश का नाम रौशन कर सके और युवाओं में एक प्रेरेणादायक संदेश दे सके।

## पृष्ठ एक के शेष

**पटाखों की दुकान में आग लगी...**

लोगों ने आग पर काबू पाने के लिए आसपास के लोगों को मोटिवेट किया तथा बुझाने के लिए भरपूर प्रयास किया।

लोगों को यह पता नहीं था कि जिस दुकान में आग लगी है, उसके अंदर में कुछ लोग छुपे हुए हैं। जब जानकारी हुई, तो जेसीबी के सहयोग से दीवार तोड़कर सभी पांचों को बाहर निकाला गया। उम्मीद लगाए लोगों ने पास के छत्तीसगढ़ राज्य के अस्पताल में सभी को भर्ती कराया, जहां पर प्राथमिक उपचार के क्रम में चिकित्सकों ने पांचों को दम घुटने से मौत हो जाने की जानकारी दी। घटना के संबंध में पूर्व मुखिया मिथलेश यादव ने बताया कि पटाखा लगातार फूटने की आवाज से जब दौड़कर वहां पहुंचा, तो आग विकराल रूप धारण कर चुका था। दुकान संचालक एवं ग्राहक कहां हैं, कोई नहीं समझ पाया। जबकि, वे लोग बगल के ही पटखा गोदाम में छुप गए थे। जानकारी होती तो शायद उन्हें बचाया जा सकता था। लेकिन, जब तक जानकारी हुई, देर हो चुकी थी। इस हादसे में दुकान के सामने लगी हुई एक मोटरसाइकिल सीजी 15 डीजे 5467 आग में जलकर खाक हो गया है। बाइक रंका थाना क्षेत्र के बेलवादामर ग्राम निवासी अनिल कुमार ठाकुर की बताई जाती है।

**स्कूली शिक्षा विभाग का 6.63 करोड़ का...**

ने विभाग के अनुदान मांग पर हुए वाद-विवाद पर सरकार की ओर से जवाब देते हुए कहा कि राज्य सरकार शिक्षकों को 50 घंटे की अनिवार्य ट्रेनिंग देगी। इससे सभी शिक्षक नई तकनीक सीखेंगे। इससे वे शिक्षा में हो रहे बदलाव को सीख सकेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार राज्य के बच्चों को बैंकिंग, रेलवे और विदेशों में पढ़ने के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए होने वाली संबंधित इंट्रेंस परीक्षा की तैयारी कराएगी। मंत्री रामदास सोरेन ने कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों से बालिकाओं के ड्रॉप आउट के मामले में कहा कि विभाग इस स्कूल में कमजोर बैकग्राउंड वाली बालिकाओं को नामांकन में प्राथमिकता देती है। उन्होंने ड्रॉप आउट की बात को सही ठहराया। मंत्री ने कहा कि सरकार ऐसी तैयारी कर रही है, जिसके तहत झारखंड में जन्म लेनेवाले बच्चों को यहीं रोजगार देंगे। मंत्री रामदास सोरेन ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार ने राज्य के आदिवासी और मूलवासियों को शिक्षा से वंचित किया। उन्होंने विपक्ष पर आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य में शिक्षा की दुर्दशा के लिए विपक्ष जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की राज्य में नियुक्ति नहीं होने, स्कूलों को बंद करने और बच्चों की स्कूलों में कम उपस्थिति के लिए भी विपक्ष की पूर्ववर्ती सरकार दोषी है।

**खोले गए 80 सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस :** स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग के मंत्री रामदास सोरेन ने कहा कि शिक्षकों से पूर्ववर्ती सरकार ने दारू बेचवाया। इसपर भाजपा विधायक नवीन जायसवाल ने आपत्ति प्रकट की और स्पीकर से कार्यवाही में से स्पंज करने का आग्रह किया। मंत्री ने कहा कि पूर्व की सरकार में राज्य भर में 7500 स्कूलों को बंद करा दिया गया। उन्होंने राज्य सरकार की ओर से खोले गए 80 सीएम स्कूल ऑफ एक्सींलेंस की सराहना करते हुए कहा कि इन स्कूलों में सीबीएसई की तर्ज पर पढ़ाई हो रही है, जहां गरीबों बच्चे क्वालिटी एजुकेशन प्राप्त कर सफलता हासिल करेंगे।

# पहाड़ी मंदिर में होली समारोह ढ़ोल नगाड़े पर झूमे शिव भक्त



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** श्री शिव बारात आयोजन महासमिति पहाड़ी मंदिर के द्वारा मंगलवार को भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन पहाड़ी मंदिर परिसर में किया गया। जिसमे सैकड़ो शिव भक्त ढ़ोल नगाड़े के धुन पर झूमते रहे हैं महाकाल बाबा का भव्य श्रृंगार किया गया एवं आरती के बाद सभी लोग महाकाल बाबा पर रंग अबीर अर्पण कर एक दूसरे को खूब रंग गुलाल लगाए । पूरा पहाड़ी मंदिर परिसर होली के रंगों में रंगा दिया । सभी लोग कल भारत के विश्व चैंपियन बने पर भी एक दूसरे को बधाई दिए। आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से महासमिति के अध्यक्ष राजेश साहू, प्रवक्ता बादल सिंह, राम सिंह, स्वपना चटर्जी, शुभाशीष चटर्जी, मिट्ठू घटक, मीरा गुप्ता, गीता पपनेजा, रश्मि अरोड़ा, प्रिया सिन्हा, किरण घोष, सरिता गुप्ता, नदिता लाला, किरण तलेजा, रीना, जय प्रसाद, सविता गुप्ता, पायल सोनी, अमन सिंह, कत्यानी, माही, प्रिया, अल्का, शिल्पी, आराध्या, रागनी जायसवाल आदि शिव भक्त मौजूद रहे। यह जानकारी बादल सिंह ने दिया।

## श्री राधा- कृष्ण मंदिर में हुआ भव्य होली मिलन महोत्सव, स्वामी सदानंद महाराज ने कहा

# अधर्म पर धर्म की जीत का पर्व है होली

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** पुंदाग स्थित मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम में श्री राधा-कृष्ण मंदिर में वृंदावन की तर्ज पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। संत शिरोमणि स्वामी सदानंद जी महाराज के सानिध्य मे आयोजित होली मिलन महोत्सव मे भक्तजनों ने स्वामी जी के साथ अबीर- गुलाल एवं फूलों के साथ जमकर होली खेली। तथा भजन गायको मनीष सोनी, सज्जन पाड़िया, निर्मल जालान द्वारा गाये सुमधुर होली के मनमोहक भजनों से पूरा माहौल कृष्णमय, भक्तिमय, होलीमय से सराबोर हो गया। बड़ी संख्या में उपस्थित महिलाएं- पुरुष भक्तों ने आपस में अबीर गुलाल लगाकर खूब झूमे। होली मिलन कार्यक्रम में संत श्री ने अपने प्रवचन में कहा कि हिंदुओं का महापर्व होली का पर्व अधर्म पर धर्म की जीत का पर्व है। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति पश्चिमी सभ्यता की ओर जा रही है आज के हमारे बच्चे विदेशी रहन-सहन की ओर आकर्षित हो रहे हैं आज के समय में हमें बच्चों के बीच देशभक्ति का अलग जगाना चाहिए। उन्होंने भक्तों से धर्म और भक्ति के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। तथा कहा कि होली का पर्व भारतीय संस्कृति में विशेष स्थान रखता है, जो प्रेम, भाईचारे और खुशी का संदेश देता है। होली मिलन समारोह में भक्तों ने प्रेम और समर्पण की भावना के साथ होली खेली। स्वामी सदानंद महाराज जी ने फूलों से होली खेलते हुए मंदिर के आंगन को और भी रंगीन बना दिया।



मौके पर ट्रस्ट के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष निर्मल जालान, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, सचिव मनोज कुमार चौधरी, विजय अग्रवाल, नवल अग्रवाल, सज्जन पाड़िया, पूरणमल सर्राफ, चिरंजीवी लाल खंडेलवाल, संजय सर्राफ, विशाल जालान, पवन कुमार पोद्दार, नंदकिशोर चौधरी, सुरेश अग्रवाल, सुरेश भगत, विष्णु सोनी, मनीष सोनी, अरविंद अग्रवाल, निर्मल छावनिका, शिव भगवान अग्रवाल, शास्त्री रविकांत राय, विद्या देवी अग्रवाल,मनीष जालान, डॉ एच.पी. नारायण, सुरेश जिंदल, सुरेश चौधरी, प्रमोद शाश्वत, अशोक लाठ,अशोक चौधरी, मनोज सराफ, ज्ञान शर्मा, पुजारी अरविंद पांडे,संतोष अग्रवाल, उर्मिला पाड़िया, शोभा जालान, अनुराधा सर्राफ, सुनीता अग्रवाल, संगीता अग्रवाल, पूनम अग्रवाल, कविता गाड़ोदिया, विमला जालान, अमिता जालान, सहित बड़ी संख्या में महिलाएं एवं पुरुष उपस्थित थे।

# 'लापता लेडीज' ने मारी बाजी

## कार्तिक और नितांशी बने बेस्ट एक्टर

**आईफा अवॉर्ड्स 2025**

**जयपुर (हि.स.)**

इंटरनेशनल इंडियन फिल्म एकेडमी (आईफा) अवॉर्ड्स का भव्य आयोजन रविवार को जयपुर के जयपुर एग्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर (जेईसीसी) में हुआ। इस साल का आईफा अवॉर्ड्स फिल्म 'लापता लेडीज' के नाम रहा, जिसने कुल दस अवॉर्ड अपने नाम किए। इस फिल्म को बेस्ट फिल्म का अवॉर्ड मिला, जिसे किरण राव और आमिर खान ने प्राप्त किया। बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड फिल्म 'भूल भुलैया-3' के लिए कार्तिक आर्यन को मिला, जबकि नितांशी गोयल ने बेस्ट एक्ट्रेस का खिताब जीता।

समारोह में बॉलीवुड सितारों ने अपनी धमाकेदार परफॉर्मेंस से समां बांध दिया। शाहरुख खान और माधुरी दीक्षित ने 'घोड़े जैसी चाल... हाथी जैसी दुम' गाने पर डांस कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कटरीना कैफ, रेखा और कीर्ति सेनन ने भी अपनी शानदार प्रस्तुतियों से कार्यक्रम की भव्यता बढ़ा दी। रेखा ने डायरेक्टर राकेश रोशन के साथ फिल्म 'खून भरी मांग' के गाने 'हंसते-हंसते कट जाए रास्ते' पर परफॉर्म किया, जिसे दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से सराहा। शाहिद कपूर ने स्कूटर पर स्टेज पर एंट्री लेकर अपनी फिल्मों के सुपरहिट गानों पर शानदार प्रस्तुति दी।

इस अवॉर्ड समारोह में किरण राव को फिल्म 'लापता लेडीज' के लिए बेस्ट डायरेक्टर का अवॉर्ड दिया गया, जबकि राम संपत को इसी फिल्म के लिए बेस्ट म्यूजिक डायरेक्टर का सम्मान मिला। बेस्ट प्लेबैक सिंगर (मेल) का अवॉर्ड जुबिन नौटियाल को फिल्म 'आर्टिकल 370' के गाने 'दुआ' के लिए मिला, वहीं बेस्ट प्लेबैक सिंगर (फीमेल) का अवॉर्ड श्रेया घोषाल को फिल्म 'भूल भुलैया-3' के गाने 'अमी जे तोमार 3.0' के लिए मिला। समारोह में रेखा ने राकेश रोशन को 'आउटस्टैंडिंग अचीवमेंट इन इंडियन सिनेमा' अवॉर्ड से सम्मानित किया।

माधुरी दीक्षित ने 'खलनायक' के प्रसिद्ध गाने पर डांस कर दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया, जबकि करीना कपूर खान ने रेट्रो स्टाइल में 'जीना यहां, मरना यहां' और 'रमैय्या वस्तावैय्या' जैसे गानों पर बेहतरीन प्रस्तुति दी। शाहिद कपूर ने 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' और 'साड़ी के फाल सा' पर धमाकेदार डांस किया। इस रंगारंग आयोजन ने बॉलीवुड की चमक-धमक को एक नई ऊंचाई दी और दर्शकों को यादगार पल प्रदान किए।




### राज्य की धरती भारतीय और वैश्विक सिनेमा के लिए शूटिंग का पसंदीदा स्थान : सीएम भजनलाल शर्मा



इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि आईफा अवॉर्ड्स समारोह के सिल्वर जुबली आयोजन के साथ ही जयपुर न्यूयॉर्क, लंदन, दुबई, और अबुधाबी जैसे उन चुनिंदा शहरों में शामिल हो गया है, जहां आईफा का आयोजन हुआ है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन हमारे राज्य की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहर को दुनिया भर में एक नई पहचान देगा।

### आईफा के माध्यम से दुनियाभर के लोग राजस्थान की कला एवं संस्कृति से होंगे रुबरु : दीया कुमारी



उपमुख्यमंत्री मंत्री दीया कुमारी ने कहा कि लोगों में बहुत उत्साह है। आईफा आयोजन होने के बाद भी हमारा प्रयास रहेगा कि राजस्थान में इस तरह के ज्यादा से ज्यादा आयोजन किए जाएं। उन्होंने कहा कि आज कई बड़े कलाकार यहां मौजूदगी दर्ज करा रहे हैं, वे राजस्थान की ओर आकर्षित हो रहे हैं। फिल्म कलाकार राजस्थान में कई जगह जाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट कर रहें हैं।

## कनाडा के नए पीएम के तीखे तेवर, ट्रंप को दी चुनौती, कहा

# हॉकी की तरह, व्यापार में भी जीतेंगे

- कार्नी आने वाले दिनों में प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे और अगले आम चुनाव में लिबरल पार्टी का नेतृत्व करेंगे
- कार्नी ने अपने विजय भाषण में कहा कि ट्रंप 'कनाडाई श्रमिकों, परिवारों और व्यवसायों पर हमला कर रहे हैं

**ओटावा (आईएएनएस)**

मार्क कार्नी कनाडा के प्रधानमंत्री पद की दौड़ जीत ली है। वह जस्टिन ट्रूडो की जगह लेंगे। कार्नी ऐसे समय में देश की कमान संभालेंगे जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ओटावा के खिलाफ व्यापार युद्ध छेड़ा हुआ है। कनाडा के केन्द्रीय बैंक और बैंक ऑफ इंग्लैण्ड के पूर्व गवर्नर ने रविवार को लिबरल पार्टी के नेतृत्व की प्रतियोगिता में तीन प्रतिद्वंद्वियों को भारी मतों से हराया। कार्नी ने अब तक किसी भी निर्वाचित पद पर कार्य नहीं किया है।



कार्नी आने वाले दिनों में प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे और अगले आम चुनाव में लिबरल पार्टी का नेतृत्व करेंगे। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक 59 वर्षीय कार्नी ने अपने विजय भाषण के दौरान ज्यादातर समय ट्रंप पर हमला बोला। उन्होंने कहा, "अमेरिकियों को कोई गलतफहमी नहीं होनी चाहिए। हॉकी की तरह, व्यापार में भी, कनाडा जीतेगा। बता दें यूएस प्रेसिडेंट लंबे समय से कनाडा को लेकर हमलावर रहे हैं। वह कई बार कनाडा को अमेरिका का 51वां राज्य बता चुके हैं और इसके प्रधानमंत्री को राज्य का गर्वनर। ट्रंप ने ओटावा को अपनी इच्छा के अनुरूप झुकाने के लिए कनाडा से आयातित उत्पादों पर 25 टैरिफ लगाए, हालांकि फिर उन्होंने इनमें से कुछ पर रोक भी लगा दी। कनाडा ने भी जवाबी टैरिफ लगाए। ट्रूडो ने अपने अमेरिकी समकक्ष पर देश की अर्थव्यवस्था को ध्वस्त करने की कोशिश करने का आरोप लगाया। कार्नी ने अपने विजय भाषण में कहा कि ट्रंप 'कनाडाई श्रमिकों, परिवारों और व्यवसायों पर हमला कर रहे हैं।" उन्होंने कहा, "हम उन्हें सफल नहीं होने दे सकते। कार्नी के मुताबिक उनकी सरकार अमेरिकी आयातों पर टैरिफ तब तक जारी रखेगी 'जब तक अमेरिकी हमें सम्मान नहीं देते। कनाडा को 51वां अमेरिकी राज्य बनाने के ट्रंप के दावे के जवाब में, कार्नी ने कहा, "कनाडा कभी भी किसी भी तरह से, अमेरिका का हिस्सा नहीं होगा।" उन्होंने कहा, "अमेरिकी हमारे संसाधन, हमारा पानी, हमारी ज़मीन, हमारा देश चाहते हैं।" उन्होंने कहा। "ये काले दिन हैं, एक ऐसे देश की ओर से थोपे गए काले दिन जिस पर हम अब भरोसा नहीं कर सकते। लिबरल नेतृत्व की दौड़ जनवरी में शुरू हुई थी जब ट्रूडो ने लगभग एक दशक तक पद पर रहने के बाद इस्तीफा दे दिया था। मतदाताओं के बीच गहरी अलोकप्रियता के कारण उन पर पद छोड़ने का बेहद दबाव था। लोग आवास संकट और बढ़ती कॉस्ट ऑफ लीविंग से निराश थे।

ट्रूडो ने रविवार को अपनी लिबरल पार्टी को विदाई संबोधन के दौरान चेतावनी दी कि कनाडा को संयुक्त राज्य अमेरिका से "अस्तित्व संबंधी चुनौती" और "आर्थिक संकट" का सामना करना पड़ रहा है।

### नेता प्रतिपक्ष सहित विपक्ष के सदस्यों को फ्रेशर कोर्स कराया जाए : जेपी नड्डा

**नई दिल्ली ।** सोमवार को संसद सत्र के दूसरे चरण की शुरुआत हुई। इस दौरान कांग्रेस सहित कई विपक्षी दल विभिन्न मुद्दों पर नियम 267 के अंतर्गत सदन में चर्चा चाहते थे। चर्चा की मांग को लेकर सदन में हंगामा हुआ। अनुमति न मिलने पर विपक्षी सदस्यों ने सदन से वॉकआउट किया। विपक्ष के इस रवैये पर नेता सदन और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने अपनी नाराजगी व्यक्त की। जेपी नड्डा ने कहा कि विपक्ष के सदस्यों को फ्रेशर कोर्स कराया जाना चाहिए। जेपी नड्डा ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष सहित विपक्ष के सदस्यों को एक रिफ्रेश कोर्स कराया जाए, ताकि इनको संसद के नियम कायदों का पता लग सके। उन्होंने कहा कि सरकार किसी भी मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है। नड्डा ने कहा कि मैं इनके वॉकआउट की निंदा करता हूं और इसे गैर-जिम्मेदार रवैया मानता हूं। जेपी नड्डा ने कहा कि कुछ दिनों से हम देख रहे हैं कि सदन में नियम 267 के तहत कुछ सदस्य सुबह-सुबह नोटिस दे देते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि नियम 267 के तहत एक बार नहीं बल्कि अनेक बार रूलिंग दी जा चुकी है।



### सोल और वाशिंगटन के संयुक्त सैन्य अभ्यास से नाराज उत्तर कोरिया ने दागी बैलिस्टिक मिसाइलें

**सोल।** उत्तर कोरिया ने सोमवार को पीले सागर की ओर कई बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। दक्षिण कोरियाई सेना ने यह दावा किया। यह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के व्हाइट हाउस में लौटने के बाद प्योंगयांग का पहला ज्ञात बैलिस्टिक मिसाइल टेस्ट है। संयुक्त चीफ ऑफ स्टाफ (जेसीएस) ने कहा कि उन्होंने उत्तरी ह्वांगहे प्रांत के पश्चिमी काउंटी ह्वांगजू के निकट एक क्षेत्र से इस प्रक्षेपण का पता लगाया। जेसीएस ने कहा कि इसमें निकट दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलें (सीआरबीएम) या 300 किलोमीटर से कम रेंज की बैलिस्टिक मिसाइलें शामिल हो सकती हैं।

### गाजावासियों के पुनर्वास के लिए 'प्रवासन प्रशासन' स्थापित की योजना बना रहा है इजरायल : मंत्री

**यरूसलम।** इजरायल गाजा पट्टी के फिलिस्तीनी निवासियों को दूसरी जगह बसाने के लिए एक 'प्रवासन प्रशासन' बनाने की योजना पर काम कर रहा है। यह जानकारी इजरायल के वित्त मंत्री बेजेलेल स्मोट्रिच ने दी। स्मोट्रिच कट्टर दक्षिणपंथी नेता हैं और प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की सरकार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने यह बयान संसद में एक सम्मेलन के दौरान दिया। इस कार्यक्रम का आयोजन "लैंड ऑफ इजरायल कॉकस" नामक एक संगठन ने किया था। न्यूज एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, इस सम्मेलन में स्मोट्रिच ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की 'गाजा रिवेरा' योजना का जिक्र किया।



### अपने ही नागरिक क्षेत्रों पर बमबारी का मुख्य कारण पायलट की गलती : द. कोरियाई वायुसेना

**सोल ।** दक्षिण कोरियाई वायु सेना ने कहा कि देश के नागरिक क्षेत्रों पर बमबारी का मुख्य कारण पायलट की गलती थी। सोमवार को लड़ाकू विमान दुर्घटना की अंतरिम जांच के परिणाम जारी करते वायु सेना ने यह खुलासा किया। गुरुवार को, दो केएफ-16 लड़ाकू विमानों ने लाइव-फायर अभ्यास के दौरान, सोल से लगभग 40 किलोमीटर उत्तर में पोचेन में एक प्रशिक्षण रेंज के बाहर नागरिक क्षेत्रों पर बमबारी की। दोनों विमानों ने आठ 500 पाउंड के एमके-82 बम गिराए गए। बमबारी में 19 नागरिकों सहित 31 लोग घायल हो गए। अंतरिम निष्कर्षों को जारी करते हुए, वायु सेना ने कहा कि लक्ष्य के अक्षांश निर्देशांक गलत तरीके से दर्ज किए गए थे।

### नागरिक स्वतंत्रता रिपोर्ट में पाक के हालात पर जताई गई चिंता

**इस्लामाबाद।** एक नवीनतम वैश्विक रिपोर्ट में पाकिस्तान में नागरिक स्वतंत्रता के संबंध में गंभीर चिंता व्यक्त की गई। यह रिपोर्ट दुनिया भर में सिविल सोसाइटी को मजबूत करने के लिए काम कर रहे नागरिक समाज संगठनों और कार्यकर्ताओं के एक ग्लोबल गठबंधन ने सोमवार को जारी की। पाकिस्तान को अपनी निगरानी सूची में शामिल करने का कारण बताते हुए सिविकस ने कहा कि देश में मानवाधिकार कार्यकर्ताओं, पत्रकारों को निशाना बनाए जाना, मानवाधिकार आंदोलनों, विरोध प्रदर्शनों पर कार्रवाई और डिजिटल प्रतिबंध इसकी वजह है। सिविकस मॉनिटर की 'मानवाधिकार निगरानी सूची 2025' के अनुसार, पाकिस्तान की स्थिति अब 'दमित' के रूप में वर्गीकृत है, जिसका अर्थ है कि देश में सिविक स्पेस काफी सीमित है।

### हिजबुल्लाह ने कहा लेबनान में इजरायली मौजूदगी मंजूर नहीं

**बेरूत।** हिजबुल्लाह के महासचिव नईम कासिम ने दोहराया कि उनका ग्रुप दक्षिणी लेबनान में किसी भी इजरायली मौजूदगी की अनुमति नहीं देगा। अल-मनार टीवी के साथ एक टेलीविजन इंटरव्यू में, कासिम ने कहा कि युद्ध विराम समझौते के दौरान, हिजबुल्लाह ने ऑपरेशन बंद कर दिए लेकिन पूरी तरह से अलर्ट रहा। हिजबुल्लाह महासचिव ने कहा, "पिछले 60 दिनों में, इजरायल ने कई उल्लंघन किए हैं। समझौते में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि इजरायल को लिटानी नदी से आगे पीछे हटना होगा।

### ईरान ने कभी परमाणु हथियार बनाने की कोशिश नहीं की : राष्ट्रपति पेजेशकियन

**तेहरान (आईएएनएस)**

ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने दोहराया कि ईरान ने कभी भी परमाणु हथियार बनाने की कोशिश नहीं की है। उन्होंने सर्वोच्च नेता अली खामेनेई के धार्मिक आदेश का हवाला दिया, जिसमें ऐसे हथियारों पर प्रतिबंध लगाया गया है। पेजेशकियन ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम की शांतिपूर्ण प्रकृति की पुष्टि के लिए अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के साथ चल रहे सहयोग का जिक्र किया। ईरानी राष्ट्रपति कार्यालय की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, पेजेशकियन ने यह टिप्पणी नॉर्वे के प्रधानमंत्री जोनास गहर स्टोरे के साथ फोन पर बातचीत के दौरान की। उन्होंने द्विपक्षीय संबंधों और क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा की।

ईरानी राष्ट्रपति ने इजरायल पर क्षेत्रीय तनाव की मुख्य वजह होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि तेल अवीव ईरान की परमाणु गतिविधियों को सुरक्षा के लिए खतरा बताने के लिए मनगढ़ंत दावे करता है। पेजेशकियन ने यह भी कहा कि ईरान तनाव और संघर्ष को नुकसानदेह मानता है, लेकिन वह अपनी सुरक्षा और हितों के खिलाफ किसी भी खतरे का मजबूती से जवाब देगा। उन्होंने ईरान और नॉर्वे के बीच सकारात्मक संबंधों की प्रशंसा की। ईरानी बयान के अनुसार, नॉर्वे के प्रधानमंत्री ने ईरान के साथ सौहार्दपूर्ण संबंध बनाए रखने की ओस्लो की इच्छा व्यक्त की और पश्चिम एशिया क्षेत्र में मुद्दों के शांतिपूर्ण समाधान का स्वागत किया और इस संबंध में समर्थन की पेशकश की। बता दें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को कहा कि वह ईरान के साथ उसके परमाणु मुद्दे पर बातचीत करना चाहते हैं और उन्होंने गुरुवार को ईरानी नेतृत्व को एक पत्र भेजा है। वहीं ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई ने शनिवार को कहा कि कुछ 'धमकाने वाली' शक्तियों की तरफ से बातचीत पर जोर देने का मकसद मुद्दों को हल करना नहीं, बल्कि इस्लामी गणराज्य पर अपनी मांगें थोपना है। खामेनेई के कार्यालय की ओर से जारी फुटेज के अनुसार, खामेनेई ने यह टिप्पणी शनिवार को तेहरान में सरकारी अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान की। उनका यह बयान ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर बातचीत के लिए विशेष रूप से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के अपील का जवाब था।



## जम्मू-कश्मीर : विपक्ष ने गुलमर्ग फैशन शो पर उठाए सवाल, कहा-

# रमजान में ऐसा कार्यक्रम ठीक नहीं

**जम्मू/नई दिल्ली (आईएएनएस)**

गुलमर्ग फैशन शो को लेकर जम्मू-कश्मीर की सियासत गरमा गई है। जम्मू-कश्मीर के कई दलों के नेताओं ने नाराजगी जाहिर की है कि रमजान के महीने में इस तरह का फैशन शो कैसे आयोजित किया गया। गुलमर्ग फैशन शो को लेकर अब कांग्रेस विधायक निजामुद्दीन भट ने कहा कि अगर मीरवाइज उमर फारूक ने आपत्ति जताई है तो उनकी चिंता जायज है। कांग्रेस विधायक निजामुद्दीन भट ने आईएएनएस से बात करते हुए कहा, "रमजान के महीने में इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन नहीं किया जाना चाहिए था। अगर मीरवाइज उमर फारूक ने इस फैशन शो को लेकर आपत्ति जताई है तो वह जायज है। इस मामले में सीएम उमर अब्दुल्ला ने रिपोर्ट मांगी है और जो भी दोषी होगा, उसके खिलाफ कार्रवाई जरूर होगी।



उन्होंने कठुआ हत्याकांड को लेकर कहा, "मैं सदन में स्थगन प्रस्ताव लाने जा रहा हूं। इस मामले पर केंद्र सरकार और राज्य सरकार के बीच गंभीर चर्चा होनी चाहिए। जम्मू-कश्मीर से राज्यसभा सांसद गुलाम अली खटाना ने गुलमर्ग फैशन शो को लेकर कहा, "हमारा देश काफी बड़ा है और यहां हर वर्ग के लोग रहते हैं। मुझे लगता है कि राजनीति नहीं होनी चाहिए। जम्मू-कश्मीर की स्वास्थ्य मंत्री सकीना इटू ने गुलमर्ग फैशन शो पर कहा, "रमजान का महीना चल रहा है और गुलमर्ग में ऐसा फैशन शो नहीं होना चाहिए था। मुख्यमंत्री ने जांच के आदेश दिए हैं। इसके अलावा पीडीपी विधायक वहीद पारा ने कहा, "मुझे लगता है कि हमें अपमानित करने की कोशिश की जा रही है। बता दें कि गुलमर्ग में इस फैशन शो का आयोजन 7 मार्च को किया गया था। फैशन शो से जुड़े कुछ वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल हो रहे हैं, जिनमें कुछ मॉडल्स सेमी न्यूड कपड़ों में वॉक करते हुए दिखाई दिए।

इसके वीडियो वायरल होने के बाद जम्मू-कश्मीर में सियासत तेज हो गई। इस शो को लेकर मीरवाइज उमर फारूक ने आपत्ति जताई। वहीं, जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने इस मामले में जांच का आदेश दिया है और पूरी रिपोर्ट 24 घंटे के अंदर मांगी है।